गृह्यसूत्र-संग्रह

(आश्वलायन, शाखायन, गोभिल, पारस्कर
आदि प्रसिद्ध गृह्य सूत्रो मे सकलित भाषा टीका सहित)

—※—

सम्पादक

वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ

प० श्रीराम शर्मा आचार्य

चार वेद, १०८ उपनिषद, षट्दर्शन, २० स्मृतियाँ,
१८ पुराणो के प्रसिद्ध भाष्यकार और लगभग
१५० हिन्दी ग्रन्थो के रचियता

—※—

प्रकाशक:

संस्कृति संस्थान

ख्वाजा कुतुब (वेदनगर) बरेली (उ०प्र०)

प्रकाशक
डा० चमनलाल गौतम,
संस्कृति संस्थान
ख्वाजा कुतुब
बरेली (उ० प्र०)

❋

सम्पादक
पं० श्रीराम शर्मा आचार्य

❋

मुद्रक
दाऊदयाल गुप्त,
सस्ता साहित्य प्रेस, मथुरा

❋

प्रथम संस्करण
१९७२

❋

मू० ७)५० रु०

भूमिका

मानव-सभ्यता का जो स्वरूप हम आज देख रहे है, वह सौ-पचास अथवा हजार-दो हजार वर्षों के भीतर विकसित नही हुआ है । धर्म, नैतिकता, परमार्थ, चरित्र सम्बन्धी जो उच्च सिद्धान्त और नियम हमको इस समय दिखाई पड रहे है, वे एक दिन मे उत्पन्न नही हो गये है। इतिहासज्ञो के मतानुसार तो किसी समय अधिकाश मनुष्य ऐसी ही दशा मे थे जिसे जगली पशुओ से कुछ ही उन्नत कहा जा सकता है। अब भी ससार के अनेक भागो मे ऐसे लोगो का अभाव नही है जिनको 'नरभक्षी' कहा जाता है । पर धीरे धीरे महान उपदेशको और ऋषि मुनियो की धम-प्रेरणा से लोगो की मनो-भूमि का सस्कार, सुधार होता गया और वह उन्नति करते-करते 'आत्मवत् सर्व भूतेषु' (समस्त प्राणी हमारे आत्मीय ही है) के सर्वोच्च मन्तव्य तक जा पहुँचा। यह आश्चर्यजनक परिवर्तन सहज मे नही हो गया। इसके लिये धर्म के मार्गदर्शको और उनके अनुयायिओ को बहुत अधिक आत्मत्याग, श्रम और सलग्नता का परिचय देना पडा, तब कही जाकर मनुष्य निम्न स्तर के विचारो तथा कार्यों से विरत होकर धर्मानुकूल और उत्थानकारी नियमो पर चलने मे समर्थ हो सका। इस परिवर्तन मे 'गृह्य-सूत्रो' ने भी महत्त्वपूर्ण योगदान किया है।

यद्यपि आज हमको इन 'गृह्य सूत्रो' की उपयोगिता का अनुभव बहुत कम हो पाता है, पर इनके भीतर हमारी वर्तमान सामाजिक प्रथा और रीति-रिवाजो का बीज निहित है। जो समाज जीवित होगा, उसमे देश काल के परिवर्तन के साथ साथ

थोड़ा-बहुत बदलाव होते चलना तो अनिवार्य है। यह परिवर्तन दो-चार हजार वर्ष मे इतना अधिक हो जाता है कि यह पता लगा सकना भी कठिन लगता है कि वर्तमान रूढि का सम्बन्ध प्राचीन काल को किस प्रथा से है। इसके लिये 'गृह्य सूत्रो' और धर्म सूत्रो का गहन अध्ययन करना आवश्यक होता है। जब हम विभिन्न प्राचीन ग्रथो से तत्कालीन प्रथाओ का पता लगाते है तब यह समझ मे आता है कि किस प्रकार क्रमश परिवर्तन होकर वर्तमान प्रथाये प्रचलन मे आई है।

धर्मशास्त्र सम्बन्धी नियमो मे इस प्रकार परिवर्तन होते रहना न तो आश्चर्यजनक है और न अस्वाभाविक। देश काल मे फेर बदल होता ही रहता है और सामान्य मनुष्यो को उसी के अनुसार अपने व्यवहारो मे भी घटा बढी करनी पडती है। अपने गर्म देश मे हम प्रात काल ही ठण्डे जल से स्नान करके नदी के किनारे नगे बदन भजन करने बैठ जाते है। पर यदि हम किसी परिस्थितिवश इग्लैण्ड या रूस जैसे ठण्डे स्थान मे पहुच जाय तो वहाँ हमारा उस नियम पर चलना असम्भव हो जायगा। भजन हम तब भी कर सकते है, पर हमको गर्म पानी से स्नान करना होगा और ऊनी वस्त्र पहिन कर बन्द स्थान मे बैठना पडेगा। इसी प्रकार जिस समय रेल का प्रचार नही हुआ था और अधिकाश व्यक्ति पैदल या बैलगाडी मे यात्रा करते थे, तब खान-पान तथा छुआछूत के नियमो का जितना पालन कर लिया जाता था, उतना अब रेल, मोटर बसो और समुद्री तथा हवाई जहाजो मे यात्रा करते हुये कदापि पालन नही किया जा सकता है। इसी तथ्य को दृष्टि गोचर रखते हुये एक सनातन धर्मी विद्वान् ने कहा था—

इस समय भारत मे सब ओर से सनातन वैदिक धर्म पर आक्रमण हो रहे है, जिससे हम लोगो का धर्म से श्रद्धा प्रेम

हटता जाता है। इसका मुख्य कारण धर्म की शिक्षा का अभाव और अपने धर्म को ठीक ठीक न जानना है। अतएव हम लोगो को चाहिये कि वैदिक धर्म का सच्चा ज्ञान प्राप्त करे और इसके लिये भारत के प्राचीन श्रौत, गृह्य, धम सूत्रादि ग्रन्थो मे उपदिष्ट कतव्यो को समझे-बूझे। वेदो के ६ अङ्गो मे एक 'कल्प' भी है। इसी के 'श्रौत' और 'गृह्य' आदि भेद है। 'गृह्य सूत्रो' मे स्मार्त्त धर्मों का विशेष विधान होने से इस समय कर्म मे प्रवृत्ति कराने के लिये इन सूत्र ग्रथो का अध्ययन परम आवश्यक है।'

गृह्य सूत्रो की रचना मुख्य रूप से इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये की गई है कि वैदिक और स्मृतियो मे दिये गये आदेशो और नियमो का पालन किस विधि-विधान से किया जाय। ये विधान मूल रूप से तो एक ही है पर सम्प्रदाय और शाखा भेद से उनके क्रिया-कलाप मे थोडा-बहुत अन्तर हर जगह पाया जाता है। आज तो सभी प्रान्तो की सामाजिक प्रथाय और रूढियाँ एक दूसरे से बहुत भिन्न है। आप एक शहर मे ही विभिन्न जातियो मे ऐसी ऐसी प्रथाएँ देख सकते है जो बिल्कुल विपरीत जान पडे। उदाहरणाथ उत्तर प्रदश के ही एक नगर मे वेश्य जातीय एक व्यक्ति के यहाँ कन्या-विवाह के अवसर पर देखा गया कि उसको काले वस्त्र और काली चूडी आदि पहिना कर विधवा का वेश बना दिया गया, उसी तरह का कुछ रोने पीटने का अभिनय किया गया, उसके पश्चात् धूमधाम से विवाह सम्पन्न किया गया। शायद इसका उद्देश्य यह हो कि जिस कन्या से इस प्रकार 'विधवा' का स्वाग करा दिया जायगा, फिर आगे चल कर उसे वैधव्य का अभिशाप सहन न करना पडे। कुछ भी हो हमारे कथन का आशय इतना ही है कि जैसे-जैसे समय बीतता जाता है और विभिन्न जातिया

तथा मानव-समुदाय एक दूसरे के सम्पर्क मे आते जाते है, वैसे-वैसे ही सामाजिक प्रथाओ का बाह्य स्वरूप निरन्तर परिवर्तित होता रहता है। पर उसका मूल उद्देश्य-उसकी आत्मा तब भी शेष बनी रहती है। इस दृष्टि से इन 'गृह्य सूत्र ग्रथो' का एक बडा महत्त्व यह है कि इनके द्वारा हम प्रचलित रीति-रिवाजो की वास्तविकता को समझ सकते है, और उनमे वतमान परिस्थितियो के अनुरूप नवोन परिवतनो का निर्माण भी कर सकते है।

श्रेष्ठ सस्कारो का कल्याणकारी प्रभाव—

गृह्य सूत्रो मे वर्णित जातकर्म, चूडाकरण, उपनयन आदि सस्कारो के विधि विधानो के अनुसार आचरण का एक सुपरिणाम यह भी होता है कि उनके प्रभाव से मनुष्य मे सद्-गुणो के बढने और दोषो के दूर होने की सभावना उत्पन्न हो जाती है। जिस प्रकार खान से निकला हीरा आरम्भ मे सामान्य पत्थर की तरह ही जान पडता है, पर जब उसे खराद पर चढा सस्कारित किया जाता है तो उसकी चमक-दमक कुछ और ही हो जाती है और मूल्य भी कई गुना अधिक हो जाता है। जिस प्रकार शुक पक्षी और मैना आदि सिखाने से मिष्ट वार्ता करके श्रोताओ को प्रसन्न करते है, हाथी, घोडा, बैल आदि शिक्षा प्राप्त करके साधारण से बहुत महत्त्वपूण बन जाते है, सुवण, रजत, ताम्र अभ्रक, लोहा आदि धातुए सस्कारित होकर बहुमूल्य भस्म बन जाती है,इसी प्रकार मनुष्य भी यथोचित सस्कारो के होने से बहुत सुयोग्य और कार्यक्षम बन सकता है।

ये सस्कार दो प्रकार के होते है दृश्य और अदृश्य अथवा शास्त्रीय और व्यावहारिक। व्यावहारिक सस्कारो, जैसे स्कूल

की परीक्षाये पास करना अथवा कोई कला कारीगरी, का परिणाम तो शीघ्र ही दिखलाई पड जाता है, पर शास्त्रीय सस्कारो का फल शीघ्र ही प्रत्यक्ष दिखाई पडना सभव नही। फिर भी शास्त्रीय सस्कारो से जो आध्यात्मिक और पारलौकिक प्रगति होती है, उसका महत्त्व लौकिक सफलता से किसी प्रकार भी कम नही आँका जा सकता।

गृह-जीवन की महत्ता—

गृह्य सस्कारो का प्रभाव व्यक्तिगत जीवन और चरित्र को ऊँचा उठाने मे तो सहायक होता ही है, उससे सामाजिक गरिमा की भी बहुत अधिक वृद्धि होती है। कारण यह है कि समाज घरो या परिवारो के समूह का ही नाम है। यदि गृह्य सस्कारो के प्रभाव से हमारा पारिवारिक जीवन सुधरता है, और बहुसख्यक परिवार इस मार्ग का अनुसरण करते है, तो समाज का उत्थान होना स्वाभाविक ही है। इसका परिचय देते हुये 'गोभिल गृह्य सूत्र' के लेखक का कथन है—

'गृह के लिये उपयोगी होने से इसको 'गृह अग्नि' कहते है। इस ग्र थ मे उम अग्नि से सम्बन्धित अग्निहोत्र आदि नित्य कर्तव्य कर्म और उसके अ गस्वरूप अग्नि के आधान आदि कर्मों का उपदेश करेगे। इसमे बतलाये सभी कर्मो को यज्ञोपवीत-धारी पुरुष आचमन पूवक करे। प्रश्न होता है कि 'गृह्य-अग्नि' कौन सी है? ब्रह्मचारी गुरुकुल मे वेदाध्ययन को समाप्त कर ब्रह्मचर्य की समापिका समिधा को लेने के लिये अग्नि का समाधान करे और उसमे उस अ तिम समिधा को देवे। फिर जाया (पत्नी) के पाणिग्रहण के पूव विवाह के अवसर पर अग्नि का समाधान करना चाहिये।'

आशय यह है 'गृह्य अग्नि' ज्ञानार्जन, दाम्पतिक, परिवारिक और जातीय कतव्यो की शृ खला को यथावत् रखने के लिये एक ऐसा बाह्य प्रतीक है, जिससे व्यक्ति सदैव सावधान और कर्तव्यरत बने रहने की भावना और प्रेरणा प्राप्त करता है। इसमे तो सन्देह ही नही कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भी अग्नि ही मानव जीवन का सबसे बडा आधार है। अग्नि ही जीवन की उत्पादिका और सचालन कर्त्री है। 'ऋग्वेद' की प्रथम ऋचा का सव प्रथम शब्द यही है—'अग्निमीले पुरोहितम्' अर्थात् 'अग्नि समस्त विश्व मे अग्रगण्य है।' बिना अग्नि की सहायता के व्यक्ति और समष्टि का कोई काम सम्पन्न नही हो सकना। इसीलिये प्राचीन काल मे वेद-ज्ञाता ऋषि-महर्षियो ने जीवन सम्बन्धी प्रत्येक महत्त्वपूण कृत्य के अवसर पर अग्नि का आधान करने का आदेश दिया था। इसके लिये प्रत्येक समर्थ व्यक्ति को अपनी अग्नि स्वतत्र रखकर उसे सदैव स्थायी रखनी होती थी। उस अग्नि का आरभ पाँच छ वर्ष की आयु मे, जब मनुष्य को अपने व्यक्तित्व का आभास होने लगता है, होता था और वह मरणकाल तक सहायिका बनी रहती थी।

प्राचीन काल मे प्रत्यक्ष अग्नि का उत्पादन भी ऐसा सरल न था कि झट से जेब से माचिस (दियासलाई) की डिबिया निकाल कर अग्नि प्रकट कर ली। उस समय बहुत समय और परिश्रम लगाकर अरणि मन्थन द्वारा अग्नि प्राप्त की जाती थी। वह कार्य भी सबके लिये सदैव सुलभ न था। इसलिये उस समय के आचार्यो-लोकनायको ने अपनी अग्नि को स्थायी बनाये रखने को एक धर्म कर्तव्य बना दिया था। इससे जीवन-निर्वाह की सामान्य क्रियाए तो पूरी होती ही थी, साथ ही मनुष्य को अपने सभी कर्तव्य-कर्मो मे सावधान, मुस्तैद और

एकनिष्ठ रहने की शिक्षा प्राप्त होती थी, उसका अभ्यास बना रहता था। अनेक प्रदेशो और जातियो मे तो 'गृह्य अग्नि' को इतना पवित्र माना ज ता था कि उसकी रक्षा के लिये किसी भी परिश्रम, त्याग और बलिदान को अधिक नही समझा जाता था। वैदिक आर्यो को ही एक विशेष शाखा माने जाने वाले पारसी आज तक 'अग्नि पूजक' कहलाते है और वे अपनी अग्यारी (मदिर) मे अग्नि मे सदैव समिधा के रूप मे चन्दन की लकडी डालकर प्रज्ज्वलित करते रहते है और उसी को ईश्वर का प्रतीक मानकर पूजते है। इसी प्रकार प्राचीन काल मे हमारे पूवज भी 'अग्निहोत्र' के रूप मे अपनी अग्नि को सदैव सुरक्षित और स्थायी रखते थे और उसे जीवन का एक महान कतव्य मानते थे।

सूत्रग्रन्थो के प्रतिपादन मे अन्तर--

वैसे तो अग्नि की पूजा के लिये बडे-बड वैदिक (श्रौत) यज्ञ बहुत अधिक खर्च और समारोह से किये जाते थे, पर उनका करना प्रत्येक व्यक्ति के लिये सभव न था। उनका बडे राजा-महाराजा या अन्य विशेष साधन-सम्पन्न व्यक्ति ही किया करते थे। अतएव सामान्य व्यक्तियो के लिये धर्माचार्यो ने 'पाक-यज्ञो' का विधान किया था, जिन्हे वे जीवन निर्वाह के अन्य कार्यो के साथ नित्य प्रति करते रहे। हम लोग बाल्यावस्था मे भोजन आरम्भ करने से पूव भोज्य-सामग्री का जरा-सा अ श निकाल कर चूल्हे की अग्नि मे डाल देते थे या अलग भूमि पर रख देते थे। यह उसी 'गृह्य अग्नि' की आराधना का अवशेष एक छोटा-सा कृत्य था, जिसे हम अनजाने ही किया करते थे। यह विधान शास्त्रीय रूप मे किस प्रकार किया जाय इसी का वर्णन 'गृह्य-सूत्र' का मुख्य विषय है। 'आपस्तम्बीय धर्म-सूत्र' के

प्रथम सूत्र 'अथात सामयाचारिकान्धर्मान् व्याख्यास्याम ' का भाष्य करते हुये पडित हरदत्त कहते है—

'इस प्रथम सूत्र मे 'अथ' यह शब्द आनन्तर्य प्रकट करता है और 'अत ' शब्द हेतु का द्योतक है। अत धर्म शास्त्र मे जो 'श्रौत' और 'गार्ह्य' कर्म बतलाये गये है, वे सभी आगे कहे गये धर्मो की अपेक्षा रखते है। जैसे 'आचान्तने कर्तव्यम्'—'पवित्र पाणिना कर्तव्यम्' इत्यादि वाक्यो का उल्लेख होने से आचमन आदि के नियमो को जानने की आवश्यकता प्रतीत होती है। सभी आचार विशेष समयो पर किये जाने वाले होते है, इसलिये उनको 'सामयाचारिक' कहा गया है। पौरूषेर्या व्यवस्था को समय कहा गया है, और वह तीन प्रकार का होता है—(१) विधि (२) नियम (३) प्रतिषेध। जो कार्य किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये किया जाता है वह 'विधि' है। नियम और प्रतिषेध का प्रयोजन निवृत्ति अथवा दोषो से बचने का होता है। जैसे 'प्राङ्मुखोऽन्नानिभुञ्जीत'अर्थात् 'पूर्वाभिमुख होकर भोजन करे' यह नियम है। क्षुधा को मिटाने के लिये भोजन किया जाता है, इस प्रवृत्ति मे यह नियम रखा गया कि पूर्व की ओर मुख करके ही भोजन करे। कर्म के आधार पर प्राप्त होने वाला जो अभ्युदय और नि श्रेयस है उसी को अपूव नाम वाला आत्मा का गुण (धर्म) कहते है। इस धर्म को समझाने वाला जो कर्म का कथन है वही इसका व्याख्यान है। धर्म के वास्तविक स्वरूप के ज्ञाता जो महर्षि महामनीषी मनु आदिक है उनका 'समय' ही धर्म और अधर्म का प्रमाण होता है। किसी भी बात को शास्त्र-ग्र थ के रूप मे लिख देना ही धर्म नही होता। यदि ऐसा होने लगे तो अनेको निरथक, अनर्गल बाते धर्म मान ली जायेगी। अनेक लोग ऐसी शका किया भी करते है कि मनु आदि को ही धर्म-ज्ञाता क्यो माना

जाता है, बुद्ध आदि को क्यो नही माना जाय ? क्योकि अतीन्द्रिय ज्ञान, आध्यात्मिक शक्ति मे तो दोनो ही अग्रगण्य है। फिर मनु आदि मे ही क्या विशेषता है ? इसके उत्तर मे सूत्रकार कहते है—"वेदाश्च" जो नियम, विधि–विधान वेद के अनुकूल हो वे ही धम है। 'गृह्यसूत्रो' की रचना वैदिक उपदेशो के आधार पर की गई है, अतएव वे ही सत्य मानव-धर्म माने जाने के अधिकारी है।

पर साथ ही अनेक विद्वानो का यह भी कथन है कि इन सूत्र ग्रन्थो मे भी वैदिक आज्ञाएँ अपने मूल रूप मे प्राप्त नही होती। यद्यपि प्राचीन मनीषियो ने इन ग्रन्थो को भूलो और मिलावट से बचाने के कुछ उपाय कर दिये थे, तो भी कई कारणो से उनमे अशुद्धियाँ उत्पन्न हो गईं, जिनको बाद के भाष्यकारो ने ठीक मानकर तर्क और युक्ति से नाम लेकर सही सिद्ध कर दिया। ग्रन्थो की नकल करने वालो ने भी असावधानी या अयोग्यता के कारण अनेक स्थानो मे कुछ का कुछ लिख दिया, जिससे अथ का अनथ हो गया। इसका प्रमाण यह है कि जब हम एक ही धम-ग्र थ को विभिन्न स्थानो से प्राप्त प्राचीन हस्तलिखित प्रतियो का मुकाबला करते ह तो हमको उनमे जगह-जगह पाठ भेद मिलते है। इसका एक और कारण यह भी है कि प्राचीन काल मे वदिक साहित्य पूण रूप स मौखिक था। शिष्य गुरुओ से नित्य प्रति उसका कुछ अ श सीखकर रट लेते थे। पर मनुष्य की स्मरण शक्ति मे बडी उम्र मे जाकर निबलता आ जाती है। ऐसी परिस्थिति मे बाद मे जब उनको लिखा गया तो उनमे अनिवार्य रूप से अन्तर हो गया।

हमारे मतानुसार धर्मशास्त्रो मे भूल अथवा आक्षेप योग्य कथनो के पाये जाने का एक कारण और भी हो सकता है। आपस्तम्ब ने अपने प्रथम सूत्र मे धर्म को जो "सामयाचारिका" कहा है उसका एक आशय यह भी है कि अनेक धार्मिक नियम

किसी विशेष काल के लिये ही विहित और उपयुक्त होते हैं। समय और स्थान के बदल जाने पर उनमे दोष जान पडने लगता है। इस तथ्य को सनातन धर्मानुयायी पडितो तक ने स्वीकार किया है। गृह्यसूत्रो के परम भक्त और बहुत बडे प्रचारक ठाकुर उदयनारायणसिंह ने लिखा है—

"जिस देश काल मे और जिस रीति से जो कर्म जिसके लिए कर्तव्य कहा है, उस उसी देश काल मे, उसी रीति से किया हुआ, उसी मनुष्य के लिए उचित धर्म है, उसी को अन्य प्रकार से करने पर वही अधर्म हो जाता है। जैसे रोना बुरा समझा जाता है,परन्तु वेद प्रमाणानुसार पिता के घर से पति गृह जाती हुई कन्या का रोना अच्छा माना जाता है। गाली देना हर तरह से बुरा है, पर अनेक लोग विवाह के अवसर उनका गाया जाना ठीक बतलाते थे। इसी प्रकार यदि कुछ धर्म शास्त्रो मे यज्ञादि के अवसर पर पशु—आलम्भन का विधान लिखा है, जो उस काल मे किसी कारण बुरा नही माना जाता होगा, तो उसके आधार पर हम अपना मास बढान के लिए की जाने वाली पशु–हिसा का समर्थन नही कर सकते। वह सदा निकृष्ट और हेय ही मानी जायगी। जब प्राचीन ऋषियो ने लोगो मे ऐसी गर्हित प्रवृत्ति को बढाते देखा तो उसको उद्‌देश्य करके लिख दिया "लोकविकृष्टमेवच।" अर्थात् जो धार्मिक प्रथा जिस समय लोक मे बुरी समझी जाय, उस समय वह कर्तव्य नही है।"

इसलिए हमको उचित है कि धर्म के मूल तत्व का निर्णय करने के लिए प्राचीन शास्त्रो का अध्ययन, मनन तो करे, पर वर्तमान देश काल की परिस्थितियो पर विचार करते हुए अपनी शुद्ध बुद्धि से धर्म–मार्ग का निश्चय करे। यह बात सब विदित है कि मध्यकाल मे मुसलमान शासको ने, जब हिन्दुओ को अपने धर्म से साम–दाम–दण्ड–भेद किसी भी उपाय से हटते न

देखा तो उन्होने छल का आश्रय लिया और कितने ही पेट के गुलाम पडितो का धन पद का लालच देकर हिन्दू-शास्त्रो मे अनेक ऐमी बाते सम्मिलित करा दी जो समाज—कल्याण की दृष्टि से बहुत घातक थी। उदाहरण के लिए यह प्रसिद्ध है कि अकबर या किसी अन्य बादशाह ने पडित काशीनाथ को रिश्वत देकर उनकी पुस्तक मे यह लिखा दिया कि अष्टवर्षा भवेद् गौरी नव वर्षा च रोहिणी"। दश वष की लडकी कन्या मानी जाकर ग्यारहवे वष मे वह रजस्वला गिनी जायगी। उस समय अगर उसका विवाह किये बिना पिता और भाई आदि उसका मुँह देखते है तो व घोर नरक मे जाकर उसका रज पीते है।

गृह्यसूत्र और सामाजिक विकास—

इस प्रकार देश, काल और परिस्थियो मे परिवतन हो जाने से यद्यपि गृह्य-सूत्रो के विधान ज्यो को त्यो तो व्यवहारिक नही रहे है, पर इससे उनका महत्त्व मिट नही सकता। एक तो वे हमारी वतमान सामाजिक प्रथाओ तथा जातीय सगठन के मूल स्रोत होने के कारण सूक्ष्म रूप से अध्ययन करने के योग्य माने ही जायेगे। दूसरे उनके द्वारा प्राचीन सामाजिक सगठन, तत्कालीन पारिवारिक परिस्थितियो, उस समय के लोग-जीवन की विविधताओ और विशेषताओ पर जो प्रकाश पडता है, वह भी इतिहास और मानव—सभ्यता के विकास का अध्ययन करने वालों के लिए अमूल्य है इस सबध मे डा० सीताराम सहगल ने "शाखायन गृह्यसूत्र को अगरेजी भूमिका मे लिखा है—

"गृह्यसूत्र यद्यपि आकार की दृष्टि से छोटे है। पर वे मानव-जीवन के उस विवरण को सुरक्षित रखे हुए है। जो एतिहासिक ग्रन्थो की अपेक्षा बहुत अधिक महत्वपूण है। कोई

व्यक्ति या समुदाय किसी विशेष स्थान और विशेष समय पर क्या-क्या कृत्य करता है। इतिहास इसका विवरण कभी नही रखता। ये परम्परागत लेख ही इस रिक्त स्थान भो पूति करते है। जेकोस्लोवाकिया के एक विद्वान् डा० विन्टरनीज ने, जो भारतीय साहित्य और सस्कृति के एक प्रसिद्ध ज्ञाता है, लिखा है कि ये गृह्यसूत्र नृवश विज्ञान के अध्येताओ के लिए एक बहुमूल्य खजाने के समान है। जब योरोप के पुरातत्व के अध्ययन करने वालो ने प्राचीन यूनान और रोम के निवासियो के दैनिक रहन सहन और रीति रिवाजो की खोज की थी तो उनको हजारो ग्रन्थो से उन बातो को एक एक करके इकट्ठा करना पडा था पर भारतवर्ष मे यहाँ के प्राचोन निवासियो के दैनिक जीवन क विषय मे उस समय के विद्वानो और प्रत्यक्ष दर्शियो के पूर्ण रूप से विश्वस्त विवरण मिलते है। यद्यपि ये सूत्र ग्रन्थ देखने मे नगण्य जान पडते है पर उनमे प्राचीन काल के सब नियम तथा विधियाँ ज्यो के त्यो पाये जाते है। वास्तव मे वे तत्कालीन भारतवर्ष के लोक जीवन के जीत जागते इतिहास है। यह ठीक है कि उनमे प्राचीन भारतीय कुटुम्बो के पिताओ और पूवजो का चरित्र हा धार्मिक दृष्टिकोण स वर्णन किया है, पर चूँकि प्राचोन भारतवासियो के समस्त जोवन मे धम इतना अधिक ओत प्रोत था कि बिना धार्मिक उत्सव के जीवन का कोई कार्य अग्रसर हो ही नही सकता था, इसलिये नृवश विज्ञान वालो के लिये उस समय के लोगो मे सावजनिक रूप से प्रचलित प्रथाओ और परम्पराओ का ज्ञान प्राप्त करने के लिये ये बडे ही बहूमूल्य साधन है। इन ग्रन्थो द्वारा ऐसी अनेक प्रथाओ का पता चलता है, जो योरोप मे बसने वाले आर्यो मे प्राचीन काल मे प्रचलित थी। अभी तक खोज करने वाले उनको ठीक-ठीक समझ नही पाते थे, पर गृह्य सूत्रो मे वर्णित विधि विधानो से उनका रहस्य सहज मे विदित हो जाता है। विशेष रूप से

प्राचीन काल मे योरोप मे जो यूनानी, रोमन ट्यूटैनिक और स्लैवोनिक जातियाँ निवास करती थी, उनकी विवाह-पद्धति पर विचार करने से विदित होता है कि उन लोगो की केवल भाषा ही भारतीय आर्यो से मिलती-जुलती 'नही थी, वरन् अपने रीति रिवाजो मे भी वे आरम्भ मे बहुत कुछ मिलते-जुलते थे। उनकी यह एकता इतिहास-पूर्वकाल से चली आई थी।" और इस प्रकार की लोक प्रथाओ की दृष्टि से अथर्ववेद का स्थान भी बहुत महत्त्व पूर्ण है। इसमे सामान्य जनता मे प्रचलित रिवाजो और अन्ध विश्वासो का विशेष रूप से वर्णन किया गया है। अथर्व की विधियो का एक उद्देश्य लोगो के कष्टो का मिटाना, वरदान और शाप देना भी बतलाया गया है। अथव वेद की ऐसी ही खासियतो के कारण अनेक लोग उसे वास्तविक वेद नही मानते और "त्रयी वेद" की ही घोषणा किया करते है। गृह्यसूत्रो का विस्तार-

गृह्य सूत्रो का विस्तार—

प्राचीन गृह्य सूत्रो मे दी गई सख्याओ के अनुसार किसी समय गृह्यसूत्रो का भी बडा विस्तार था। कहा जाता है कि उस समय ऋग्, यजु, साम और अथव वेदो की ११३१ शाखाये थी, जिनमे से ऋग्वेद की २१, कृष्ण यजुर्वेद की ८६, शुक्ल यजुर्वेद की १५, सामवेद की १००० और अथव वेद की ६ शाखाये थी। इन सभी शासको के अपने-अपने गृह्य सूत्र थे, जो थोडे से भेद के साथ आपस मे मिलते-जुलते ही थे। अब हजारो वर्ष बाद इन सब नामो का तो किसी को पता नही, पर ऋग्वेद की तीन प्रसिद्ध गृह्यसूत्र शाखायन, कोषीतिक और आश्वालायन है। शेष गृह्यसूत्रो मे से आपस्तम्ब, पारस्कर, मानव, जैमिनि, हिरण्यकेशि, भारद्वाज, काठक, वैखानस, लौगाक्षि, गोभिल, कौशिक, बोधायन, और खादिर गृह्यसूत्र प्रसिद्ध है और वर्तमान समय मे प्राप्त होते है।

हमने अपने इस 'गृह्यसूत्र सग्रह' मे जिन सूत्र-ग्रन्थो के अ श सग्रहीत किये है। वे धार्मिक जगत मे बहुत प्रसिद्ध है । हम इनके अतिरिक्त कुछ और गृह्यसूत्रो का भी प्रकाशन कर सकते थे, पर जैसा हम लिख चुके है वतमान समय मे इन सूत्रो मे वर्णित नियमो तथा विधि—विधानो मे बहुत उलट फेर हो गया है। और इनका आशिक पालन करने वाले व्यक्ति भी लाखो मे एकाध मिलेगे। अन्यथा हिन्दू समाज के अ तगत जो ७-८ हजार जातियाँ पाई जाती है वे सब अपनी नई-नई प्रथाये बनाकर उन्ही का अनुमरण कर रही है। ऐसी दशा मे यह ग्र थ विशेष रूप से विद्वानो और धर्म तत्व को खोज करने वा ो के काम की ही चाज हो सकती है। पर इस दृष्टि से भी इनका महत्व कम नही ह । इसमे तो सदेह नही गृह्य सत्रो मे जोवन सम्बन्धी सस्कारो का जो स्वरूप बतलाया है वह बहुत प्रेरणाप्रद और सद्भावनाओ को उभारने वाला है। यद्यपि उसमे क्रिया कर्मो को बहुत जटिल और बन्धन युक्त बना दिया है। पर उनको हम समयानुकूल और सरल भी बना सकते है । इस लिये यह हिन्दू धर्म के नेता और हितैषो वर्तमान काल मे प्रचलित दिखावटी और प्रदर्शन की विशेषतायुक्त प्रथाओ से जाति का पीछा छुडा कर चाहे तो वे गृह्यसूत्रो मे बहुत-सा ऐसा मसाला भी प्राप्त कर सकते है जो नव निर्माण के कार्य मे भी सहायक सिद्ध हो सके ।

— श्रीराम शर्मा आचार्य

ॐ

आश्वलायनगृह्यसूत्रम् ।

प्रथमोऽध्यायः

उक्तानि वैतानिकानि गृह्याणि वक्ष्याम ।१। अथ पाक-यज्ञा ।२। हुता अग्नौ हूयमाना अनग्नौ प्रहुता ब्राह्मण-भोजने ब्रह्मणिहुता ।३। अथाप्यृच उदाहरन्ति य समिध य आहुता यो वेदेनेति ।४। समिधमेवापि श्रद्दधान आद-धन्मन्येत यज इदमिति नमस्तस्मै य आहुत्या यो वेदे-नेति विद्ययैवाप्यस्ति प्रीतिस्तदेतत्पश्यन्नृषिरुवाच । अगोरुधाय गविषे द्युक्षा यदरम्य वच । घृतात्स्वा-दीयो मधुनश्च वोचतेति । वच एव म इद घृता च्च मधुनश्च स्वादीयोऽस्ति प्रीति स्वादीयोऽस्त्वित्येव तदाह । आ ते अग्न ऋचा हविर्हृदा तष्ट भरामसि । ते ते भवन्तूक्षण ऋषभासो वशा उतेति । एत एव म उक्षा-णश्च ऋषभाश्च वशाश्च भवन्ति । य इम स्वाध्याय-मधोयत इति यो नमसा स्वध्वर इति नमस्कारेण वै खल्वपि न व देवा नमस्कारमति यज्ञो व नम इति हि ब्राह्मण भवति ।५। ख० १ ।

वैतानिक बता दिये गये है, अब इससे आगे गृह्यो को बतायेगे । वितान अग्नियो के विस्तार को कहते है अर्थात् वह्निग्नि साध्य कर्म है वैतानिक होते है । गृह निमित्त जो अग्नि है वह गृह्य कहा जाता है ।

गृह शब्द भार्या मे और शाला मे आता है। जिनके भार्या के सयोग से उत्पन्नाग्नि मे ये कर्म्म प्रवृत्त होते है उनका यह गृह शब्द भार्या वचन होता है ओर जिनके दाय विभाग काल मे अग्नि उत्पन्न होता है उनका शाला वचन होता है।१। पाकयज्ञ तीन प्रकार के होते है - हुत—प्रहुत और ब्रह्मणिहुत ये तीन भेद है। पाक यज्ञ अल्प यज्ञ अथवा प्रशस्त यज्ञ होते है क्योकि दोनो ही जगहो पर पाक शब्द देखा गया है।२। अब यह बतलाया जाता है कि इसके तीन भेद कैसे होते ह—जो अग्नि मे हूयमान है वे हुत होते है। जो अनग्नि मे क्रियमाण हे जैसे बलि हरण आदि वे प्रहुत कहे जाते है। जहाँ पर ब्राह्मणो का भोजन होता है वे ब्रह्मणिहुत होते है।३। इसके अनन्तर ऋचाओ का उदाहरण दते है। 'य समिधा'— 'य आहुती यो वेदे नेति' इन दो ऋचाओ का अभिप्राय लेकर ही बहु-वचन उत्पन्न होता है। ये कर्म भी नित्य और श्रौतो के द्वारा स्तुत्य हे। ये आहिताग्नि वाले के भी होत हे।४। "समिधमेवापि श्रद्धान आद-धन्मन्येत" इहा स आरम्भ करके यज्ञो वै नम" इसके अन्त तक ब्राह्मण होता ह। वहाँ पर समिध, इसका तात्पय कथन ब्राह्मण समिध ही है। ।इति। नमस्तस्मै' यहा पर 'नम" इस शब्द से अन्न कहा जाता है। निघण्टुओ मे नम यह शब्द अन्न के नामो मे पढा गया है। समिद् भी उस दवन के लिये नम होती है। अर्थात् प्रीति का हेतु होता है—यही तात्पय है। श्रद्दधान—इस शब्द से श्रद्धा से जो युक्त होना है उसी का पाक यज्ञ मे अधिकार होता है—यही साबित किया जाता है। य आहुती- इसका विवरण ब्राह्मण य आहुति से है। 'यो वदेन' इस पाद का तात्पय कथन यह हे जो विद्या से ही है— इन्द्रादि होता है। द्रव्य के त्याग के अभाव मे भी वद के अध्यात्म मात्र स भी प्रीति है—यही अभिप्राय है। विद्या से प्रीति होती है —इसको दृढ करने के लिये उस अथ मे अन्य मन्त्र को साक्षी के रूप से श्रुति दिखाती है— 'तदेवदितिम्' उस अथ रूप को देखते हुए ही मन्त्रद्रष्टा ऋषि ने कहा है—"अश्वोरुवायेति"। इस मन्त्र मे स्तोनाओ को प्रत्यक्षीकृत किया गया है। इस प्रकार के इन्द्र के लिय हे सखाय, वचन बना। "घृतात्स्वादीयो मधुनश्च हृत्वा"

इस मन्त्र से बोलना चाहिए। हे इन्द्र ! यह मेरा वचन ही घृत से और मधु से स्वादीय है। "स्वादीयोऽस्तिति" इसको इस ऋषि ने साक्षित्व रूप स कहा है। अतएव प्रीति है। "आते अग्नऋचा हविर्हृदा तष्ट भरामसि। तेते भवन्तूक्षण ऋषभा सो वश उत" इति —इस मन्त्र से तेरे उक्षाण और ऋष भी वश होते है। "य इम स्वाध्यायमधीयते" इति— इस मन्त्र से कहे। इस मन्त्र का तात्पय यह है कि उक्षादि मास से तेरी जितनी प्रीति है उतनी तेरी विद्या से भी होती है। 'ब्रह्माणयो नभसा स्वध्वर" इत्यादि मन्त्र का तात्पर्य यह है कि नमस्कार से भी जो अग्नि का अभ्यर्चन करता है वह भी शोभन यज्ञ होता है। अर्थात् नमस्कार भी यज्ञ है ।५। (१)

अथ साय प्रात सिद्धस्य हविष्यस्य जुहुयात् ।१। होममन्त्रानाह—अग्निहोत्रदेवताभ्य सोमाय वनस्पतयेऽग्न।-षोमाभ्यामिन्द्राग्निभ्या द्यावापृथिवीभ्या धन्वन्तरय इन्द्राय विश्वेभ्यो देवेभ्यो ब्रह्मणे ।२। स्वाहेत्यथ बलिहरणम् ।३। एताभ्यश्चैव देवताभ्य । अद्भ्य ओषधिवनस्पतिभ्यो गृहाय गृहदेवताभ्यो वास्तुदेवताभ्य ।४। इन्द्रायेन्द्रपुरुपेभ्यौ यमाय यमपुरुषेभ्यो वरुणाय वरुणपुरुषेभ्य सोमाय सोमपुरुषेभ्य इति प्रतिदिशम् ।५।

यहा पर इस सूत्र मे "अथ"—यह शब्द विशेष प्रक्रिया के लिये ही है। यहा पर साय प्रात ये शब्द लक्षणा शक्ति से अहोरात्र को बतलाते है। सिद्ध हविष्य का हवन करना चाहिए। जहा पर किसी द्रव्य का आदेश नही दिया जाता है वहा पर घृत से ही होम करना चाहिए ।१। अब होम के मन्त्रो को बतलाते है—"अग्निहोत्र देवताभ्य सोमाय वनस्पतयेऽग्नि सोमाभ्यामि द्राग्निभ्या द्यावा पृथिवीभ्या धन्वन्तरये इन्द्राय विश्वेभ्यो देवेभ्यो ब्रह्मणो" ।२। इस मन्त्र मे द्रव्य देवताओ का ग्रहण न करके कर्म देवता ही ग्रहण किये जाते है। अग्नि सूर्य और प्रजापति—ये दोनो जगहो पर होते हैं "सोमाय वनस्पतये"—यह एक आहुति होती है

देव यज्ञ कह दिया गया है । अप्रेषित याग से ही स्वाहाकार सिद्ध होने पर फिर जो स्वाहाकार का वचन है वह यह ज्ञापन करता है कि अन्यत्र बलिहरण मे स्वाहाकार नही होता है । अन्यथा कर्मा तर होने से कालान्तर मे भी वलिहरण होता है । अथवा ब्रह्म यज्ञ पूव होता है और मनुष्य यज्ञ तो उत्तर ही होता हे ।३। इन पूब मे बताये हुए देवताओ के लिये और चकार से आगे बताये जाने वाले देवताओ के लिय बलि का हरण करना चाहिए । 'ब्रह्मणे स्वाहा"—इससे हवन करके अन्तरात्म का त्याग करके "अद्भ्य " इत्यादि से हवन करना चाहिए । "गृह देवताभ्य" यह मन्त्र विधायक नही है तथा "वस्तु देवताभ्य" यह भी नही है । यदि यह विधायक मन्त्र होता है तो उभय वचन अपाथक हो जायगा ।४। जहा पर ही प्रधान देवता है वहा पर ही पुरुषो को होना चाहिए । यह करके प्रधानो का उत्तर की ओर से पुरुषो के लिये बलि का हरण करना चाहिए । यहा पर दिक् के ग्रहण करने से चारो दिशाओ का ग्रहण किया जाता है । अथ यह है—इन्द्र के लिये इन्द्र पुरुषो के लिये, यम के लिये यम पुरुषो के लिये, वरुण के लिए वरुण के पुरुषो के लिए, सोम के लिए सोम पुरुषो के लिए—इस प्रकार से प्रत्येक दिशा मे बलि हरण करे ।५।

ब्रह्मणे ब्रह्मपुरुषेभ्य इति मध्ये ।६। विश्वेभ्यो देवेभ्य ।७। सर्वेभ्यो भूतेभ्यो दिवाचारिभ्य इति दिवा ।८। नक्त चारिभ्य इति नक्तम् ।९। रक्षोभ्य इत्युत्तरत ।१ । स्वधा पितृभ्य इति प्राचीनावीती शेष दक्षिणा निनयेत् ।११।ख०२।

दिशाओ के देवताओ के मध्य मे ब्रह्मा के लिए ब्रह्म पुरुषो के लिए—ऐसी रीति से बलिहरण करना चाहिए ।६। मध्य मे ही विश्वेभ्य देवेभ्य अर्थात् विश्वेदेवो के लिए देवे ।७। दिवाचारी समस्त भूतो के लिए भी मध्य मे ही बलिहरण करे । दिवा शब्द ज्ञापन के लिए ही किया जाता है । इस कारण से वैश्वदेव का प्रात काल से आरम्भण होता है । अन्यथा अग्निहोत्र के समान साय का उपक्रम हो जायगा और वह अनिष्ट

होता है । इसीलिए "दिवा" शब्द का ग्रहण होता है । इससे "अग्नये स्वाहा"—इससे सायङ्काल मे हवन करना चाहिए यही यहा पर साय का उपक्रम होता है ।८। पहिले जैसे "दिवा चारिभ्य"—यह शब्द है उसके स्थान मे 'नक्त चारिभ्य' यह होता है और वह नक्त होता है ।९। अन्य सबके लिए उत्तर की ओर होता है ।१०। प्राचीना वीतित्व अथवा निनीतित्व यह आचार्य के द्वारा विहित नही किया गया है वहा पर केवल यज्ञोपवीतित्व ही प्राप्त होता है । अतएव प्राचीन नीतित्व का विधान किया जाता है । 'निनयेत्'—यह वचन अन्यक्रिया के ज्ञापन के लिए ही है । उससे बलि का हरण नही होता है । क्या इस प्रकार से सिद्ध होता कि स्वाहाकार नहीं होता है । यह कथन उचित नही है कि स्वाहाकार और स्वधाकार ये दोनो ही समान जातीम होने से एक ही काय के करने वाले है क्योकि जो समानार्थ वालो का समुच्चय दिखलाई देता है । यहा पर शेष ग्रहण आनन्तर्य के लिए होता है । अन्यक्रिया होने से इसमे न होने पर अथवा कालान्तर मे होता है । इस प्रकार से कहा गया है कि जिस किसी अग्नि मे वैश्वदेव कर लेना चाहिए । गृह्य अग्नि मे इसे किया जावे, ऐसा कोई नियम नही है क्योकि विवाहाग्नि का प्रखर विधान होता है ।११।(२)

अथ खलु यत्र क्व च होष्यन्त्स्यादिषुमात्रावर सर्वत स्थण्डिलमुपलिप्योल्लिख्य षड्लेखा उदगायता पश्चा-त्प्रागायते नानाऽन्तयोस्तिस्रो मध्ये तदभ्युक्ष्याग्नि प्रति-ष्ठाप्यान्वाधाय परिसमुह्य परिस्तीर्य पुरस्ताद्दक्षिणत पश्चादुत्तरन इत्युदक्सस्थ तूष्णी पर्युक्षणम् ।१। पवित्रा-भ्यामाज्यस्योत्पवनम् ।२। अप्रच्छिन्नाग्रावनन्तर्गर्भौ प्रादेशमात्रौ कुशौ नानाऽन्तयोर्गृहीत्वाऽङ्गुष्ठोपकनिष्ठि-काभ्यामुत्तानाभ्या पाणिभ्या सवितुष्ट्वा प्रसव उत्पुनाम्य-च्छिद्रेण पवित्रेण वसो सूर्यस्य रश्मिभिरिति प्रागुत्पु नाति सकृन्मन्त्रेण द्विस्तूष्णीम् ।३। कृताकृतमाज्यहोमेषु परिस्तरणम् ।४। तथाऽऽज्यभागौ पाकयज्ञेषु ।५।

अथ शब्द यहा पर अधिकार का अर्थ देने वाला है । यहा से आगे जो भी कहे जॉयगे उनकी ही यह होम विधि होती है । वैश्वदेव मे क्वच ग्रहण करने से प्राप्यमाण होष्यद्धर्म्म नही होता है । यहा पर "खलु" शब्द अपार्थक है । तन्त्र प्रतिषेध के विषय मे श्री औपासनाग्नि के परिचरण मे इस सूत्र के द्वारा विहित परिसमूहन–परिस्तरण–और पर्युक्षण की प्राप्ति के लिए क्वच का ग्रहण होता है । इषुमात्रा मात्रायस्य (स्थण्डिलस्य) तदिषुमात्रम् अर्थ बाण के समान जिसका परिमाण है । तच्च तद वरम् । यहा अवर का निकृष्ट अर्थ होता है । चारो दिशाओ मे इषुमात्र प्रमाण है अथवा उससे भी अधिक है ऐसे चौकोर स्थण्डिल को गोवर लीपकर छै नेखाओ का उल्लेखन करना चाहिए । किसी याज्ञिक के द्वारा शकल के स्थण्डिल के मध्य मे उदग्दीर्घा प्रादेश परिमाण वाली अथवा न्यूना लेखा को अग्नि प्रतिष्ठापन देश के पीछे लिखे–ऐसा मत प्रकट किया गया है । नाना यह शब्द असंसग के लिए है । उसके अन्तो मे नाना असंसृष्ट प्रागायते लेखाओ को लिखे । मध्य मे तीन असंसृष्ट प्रागायता लेखा लिखे । शकल को वही पर रखकर स्थण्डिल का अभ्युक्षण करे । फिर शकल का निरसन करके जल का उपस्पर्शन कर अध्यात्म अग्नि को प्रतिष्ठापित करके अन्वाधान करता है । अन्वाधान का अर्थ है अमुक कम के अङ्ग होने से दोनो का अथवा तीनो का समिधाभ्याधान है । इसके पश्चात् परिसमूहन करके अर्थात् अग्नि के सब ओर परिमार्जन करे और वह अग्निहोत्र के ही समान होता है । इसके अनन्तर परिस्तरण करे । पुरस्तात्–दक्षिण की ओर–पश्चात् और उत्तर की ओर करे । इसके उपरान्त मौन होकर पर्युक्षण करता है ।१। पवित्राओ से आज्य का उत्पवन करे ।२। इसके उपरान्त पवित्रा किस लक्षण वाले होने चाहिए और उनका उत्पवन कैसे करना चाहिए—इन दोनो का निर्णय करने के लिए कहा है—यहा पर 'प्र' शब्द सूक्ष्म छिन्न अग्रभागो की अनिवृत्ति के लिए है । जिनके मध्य मे गभ नही है ऐसे प्रादेश परिमाण वाले कुश ही पवित्र संज्ञा वाले कहे जाया करते हैं । नाना शब्द यहाँ पर असंसर्ग के ही लिए है अर्थात् वे पवित्रा अन्तो मे असंसृष्ट होवे ।

उनको अड्गुष्ठ कनिष्ठिकाओ से उत्तान करो के द्वारा ग्रहण करके पहिले उत्पवन करता है एक बार मन्त्र के द्वारा और दो बार मौनभाव करना चाहिए। मन्त्र यह है— 'सवि तुष्ठा प्रसव उत्पनाम्य छिद्रेण पवित्रेण वसो सूर्यस्य रश्मिभि '' इति ।३। कृत और अकृत परिस्तरण आज्य दोनो मे होता है । जहाँ पर केवल घृत ही हवि होता है उसे आज्य होम कहते हे । नही तो आज्य शब्द का ग्रहण करना ही व्यथ हो जायगा । सवत्र आधारादि होते ही है । आज्य होमो मे परिस्तरण करना चाहिए अथवा नही करना चाहिए—यही अर्थ होता है और यह परिस्तरण का विकल्प भी जहा पर 'आज्य' शब्द का ग्रहण किया जाता है वही पर हुआ करता है यथा—"आज्याहुतीजुहूयात्" यहा पर है ।४। उसी प्रकार से पाक यज्ञो मे सब मे आज्यभागो को करना चाहिए अथवा नही करना चाहिए—यही अर्थ है । पाक यज्ञ का ग्रहण आज्य के होमाधिकार की निवृत्ति के ही लिए होता है ।५।

ब्रह्मा च धन्वन्तरियज्ञशूलगववर्जम् ।६। अमुष्म स्वाहेति जुहुयात् ।७। अग्निरिन्द्र प्रजापतिर्विश्वेदेवा ब्रह्मेत्य-नादेशे ।८। एकबर्हिराज्यस्विष्टकृत स्युस्तुल्यकाला ।९। तदेषाऽभि यज्ञगाथा गीयते । पाकयज्ञान्समासाद्य एका-ज्यानेकबर्हिष । एकस्विष्टकृत कुर्यान्नानाऽपि सति दैवते ।१०। ख०३ ।

ब्रह्मा समस्त पाक यज्ञो मे कृताकृत होता है । धन्वन्तरि यज्ञ और शूलगव को वर्जित कर दिया जाता है । इसके अनन्तर उन दोनो मे नित्य होता है क्योकि उन दोनो का उपदेश है ।६। कही पर नामधेय के द्वारा बतलाया गया है—"सावित्र्यै ब्रह्मणे" इत्यादि के द्वारा ही होता है । कही पर केवल मन्त्र के द्वारा होम कहा गया है । जहा पर दोनो मे से कोई भी नही है वहा पर नामधेय के द्वारा होम कैसे होता है—इसीलिए सूत्र है ।७। जहा पर होम स्थान का आदेश है और कर्म का भी आदेश होता है वहा पर ये देवता हवन करने के योग्य होते है—जहा पर

परशास्त्र मे होम की प्रेरणा दी जाती है और अपने शास्त्र मे कर्म मात्र ही प्रेरित किया जाता है वही पर ये देवता होते है। देवताओ के नाम—अग्नि–इन्द्र–प्रजापति–विश्वेदेवा–और ब्रह्मा है। ये अनादेश मे हवन करने के योग्य होते है।८। एक बर्हि आदि जो पाक यज्ञ है वे उसी भाँति कहे गये है। वे तुल्य काल और एक काल होते है। एक ही काल मे यदि अनेक पाक यज्ञ कायत्व से प्राप्त है तब वे समान तन्त्र वाले होते है और ऐसे ही करने भी चाहिएँ। यदि पव मे रात्रि काम उत्पन्न होता है उस समय मे काम्य और पावण इन दोना का एक कालत्व होता है।९। बर्हिरादि ग्रहण की तन्त्रोपलक्षणाथता को स्पष्ट करने के लिए यज्ञ गाथा का उदाहरण देता है— उस अथ मे यह यज्ञ की गाथा अभिगीत की जाया करती है। एक काल मे बहुत-से पाक यज्ञो को प्राप्त करके नाना दैवत होने पर भी एकाज्यानेकवर्हिष और एक स्विष्टकृत करना चाहिए। प्रत्येक देवता के तन्त्र का आवर्त्तन नही करना चाहिए। यही अभिप्राय है।१०। (३)

उदगयन आपूर्यमाणपक्षे कल्याणे नक्षत्रे चौलकर्मोपनयनगोदानविवाहा ।१। सार्वकालमेक विवाहम् ।२। तेषा पुरस्ताच्चतस्र आज्याहुतीर्जुहुयात् ।३। अग्न आयूषि पवस इति तिसृभि' प्रजापते न त्वदेतान्यन्य इति च व्याहृतिभिर्वा ।४। समुच्चयमेके ।५। नैके कावन ।६। त्वमर्यमा भवसि यत्कनीनामिति विवाहे चतुर्थीम् ।७। ख० ४ ।

इस सूत्र के द्वारा चौल कर्म आदि के काल का विधान किया जाता है। जिस समय मे आदित्य उदग् की ओर गमन किया करते है उसी को उदगयन काल कहा जाता है। चन्द्रोदय का जो पक्ष होता है अर्थात् शुक्ल पक्ष होता है वह आपूर्यमाण कहा गया है। वह मास का और पक्ष का कर्त्ता होता है। ज्योति शास्त्र के अविरुद्ध कल्याण नक्षत्र होता है। उसमे चौलकर्म-उपनयन गोदान और विवाह होते है। यही उनका काल

होता है। लाघव के लिए यहा पर गोदान का ग्रहण होता है वस्तुत समावर्त्तन का ही ग्रहण करना चाहिए।१। कुछ आचार्यों का मत है कि सभी समय मे विवाह हो सकते है। उद्गमन मे ही विवाह होने चाहिये—ऐसा कोई नियम ही नही है। उनका क्या अभिप्राय है ?—इसका उत्तर यही है नियम मे निबद्ध होने पर दोषो का श्रवण होता है अत विवाह मे कोई भी काल का नियम नही है क्योकि लिखा है—"ऋतुमत्या हि तिष्ठन्त्या दोष पितरमृच्छति" अर्थात् जब कन्या ऋतुमती होकर पिता के ही घर मे स्थित रहती है तो इसका दोष पिता को प्राप्त होता है। इसका तात्पर्य यही है कि ऋतुकाल आने के पूर्व ही पिता को कन्या का दान (विवाह) कर देना चाहिए। यह तो शास्त्रीय दोष है। इसके अतिरिक्त अन्य लौकिक दोष भी समुत्पन्न हो जाया करते है।२। उन दोषो के पूर्व ही चार आज्य की आहुतियो से हवन करना चाहिए।३। सूत्र मे चारो की ही व्याहृति सज्ञा की गयी है। "अग्न आपू षि पवस" इति—इससे तीन से प्रजापति की है 'नतु ये अन्य है' इति—इससे व्याहृतियो से और स्वाहा इत्यादि से हवन करना चाहिए।४। कतिपत आचार्य गण ऋचाओ की आहुतियो और व्याहृतियो की आहुतियो का समुच्चय चाहते है। इससे आठ आहुतियाँ होती है।५। एक आचार्य किसी भी आहुति को नही चाहते है। 'नैके'—इतना ही कहने पर जो इस सूत्र मे 'काचन' इसका ग्रहण किया है वह इसीलिए है कि यह प्रतिषेध ऋगाहुतियो का और व्याहृत्याहुतियो का है अर्थात् अन्य आहुतियो से हवन करना चाहिए—इसीलिए ग्रहण किया गया है। किं शब्द सर्व नाम है और सवनाम सवदा प्रकृत का परामर्शी होता है। इससे अनादेशाहुतियाँ सिद्ध होती है।६। "त्वमर्यमा भवसि यत्कनीनाम्" इति—इससे विवाह मे चतुर्थी होती है। यहा पर यह सशय होता है कि पूर्वा के वाध होने पर ही उत्कर्ष होता है। यहा पर यह बालते है कि उत्कर्ष ही होता है क्योकि यह असमान जाति है। जो समान जाति होता है वही पर वाध होता है। इससे सशय का अवसर ही नही है और उत्कर्ष सिद्ध होता है।७।(४)

कुलमग्रे परीक्षेत ये मातृत पितृतश्चेति यथोक्त पुरस्तात् ।१। बुद्धिमते कन्या प्रयच्छेत् ।२। बुद्धिरूपशाललक्षणसपन्नामरोगामुपयच्छेत ।३। दुर्विज्ञेयानि लक्षणानीति ।४। अष्टौ पिण्डान्कृत्वा 'ऋतमग्रे प्रथम जज्ञ ऋते सत्य प्रतिष्ठितम् । यदिय कुमार्यभिजाता तदियमिह प्रतिपद्यता यत्सत्य तद्दृश्यनामिति पिण्डानभिमन्त्र्य कुमारी ब्रूयादेषामेक गृहाणेति ।५। क्षेत्राच्चेदुमयत सस्याद्गृह्णीयादन्नवत्यस्या प्रजा भविष्यतीति विद्याद्गोष्ठात्पशुमती वेदिपुरीषाद्ब्रह्मवचस्विन्यविदासिनो ह्लदात्सर्वसपन्ना देवनात्कितवो चतुष्पथाद्द्विप्रवाजिनीरिणादधन्या श्मशानात्पतिघ्नी ।६। ख० ५ ।

सबसे प्रथम पहिले विवाह करने के अवसर पर कुल की परीक्षा कर लेनी चाहिए । 'कुल'— इस शब्द से दोनो वशो को देखना चाहिए कि ये दोनो वश महापातक दोष आदि से रहित है और अत्यन्त शुद्ध है तथा अपस्मार आदि दोषो से भी रहित है । दोनो वशो से मातृ वश और पितृ वश ग्रहण करने चाहिए जैसा कि पहिले कहा गया है । मातृकुल और पितृकुल मे दश पुरुष तक विद्यातयो से और पुण्य कर्मो से समनुष्ठित है । दोनो ही ओर ब्राह्मण्य का विनाश नही हुआ हो । कुछ विद्वान् पितृवश को ही मानते है ।१। इसके अनन्तर वर के गुण कहते है । बुद्धिमान् वर को ही कन्या देनी चाहिए । जो अर्थ के देखने वाली है वही बुद्धि होती है । अर्थ क्या है इसका समाधान है अथ वही है जो शास्त्र के अविरुद्ध हो । ऐसे अथ वाले वर को ही कन्या का दान करना चाहिए ।२। इसके अनन्तर कन्या के गुण बतलाते है—जो कन्या बुद्धि—रूप लावण्य–शील स्वभाव और सुन्दर लक्षणो से सयुत हो और रोगो से रहित हो ऐसी ही कन्या को स्वीकार करना चाहिए । रूप वही है जहाँ पर अपने मन का रमण होता है । यो तो एक से एक रूपवती है और रूप लावण्य की कोई सीमा नही होती है ।३। लक्षण तो बहुत ही कठिनता से जानने के योग्य

होते है ऐसा होने पर ही निम्नरीति से परीक्षा करनी चाहिए ।४। आठ पिण्डो की रचना करे "ऋतमग्रे प्रथममजज्ञे ऋते सत्य प्रतिष्ठितम् । यदियकुमार्यभिजाता तदियमिह प्रतिपद्यता यत्सत्य तद् दृश्यताम्"— इति—इस मन्त्र से पिण्डो को अभिमन्त्रित करे और फिर उस कुमारी से कहे—इनमे से किसी भी एक पिण्ड को ग्रहण कर लेवे । क्षेत्र आदि से आठ जगहो से मृत्तिका लाकर आठ पिण्डो को बनावे और उन्ही मे से एक को ग्रहण करने की बात कहनी चाहिए ।५। यदि उभयत सस्य क्षेत्र से आहृत मृत्पिण्ड को ग्रहण करे तो यह समझ लेना चाहिए कि इस कन्या की सन्तति अन्नवती होगी । इसी प्रकार से आगे भी जान लेना चाहिए । गोष्ठ से लाई हुई मिट्टी के पिण्ड के ग्रहण से यह समझ लेवे कि इसकी प्रजा पशुमती होगी । अव्वृत्त कम मे जो वेदि हे उस के पुरीष से लाई हुई मिट्टी के पिण्ड के ग्रहण से समझ लेवे कि इसकी सन्तति ब्रह्म वचस्विनी होगी । अशोष्य ह्रद की मिट्टी के पिण्ड से सर्व सम्पन्ना प्रजा होगी—यह समझ लेवे । द्यूतस्थान से लाई हुई मिट्टी के पिण्ड ग्रहण से कितनी प्रजा होगी—यह जान लेवे । चौराहे की ग्रहण की हुई मिट्टी के पिण्ड को यदि उठावे तो यह समझ लेना चाहिये कि यह द्विप्रवाजिनी अर्थात् स्वैरिणी होगी । जहाँ पर बोया हुआ बीज अङ्कुरित नही होता है वह इरिण होता है । ऐसे स्थान से लाई हुई मिट्टी के पिण्ड को यदि वह ग्रहण करे तो वह अधन्या दुर्भागिनी होती है—यह जान लेवे । श्मशान से लाई हुई मिट्टी के पिण्ड को ग्रहण करे तो समझ लेना चाहिए कि वह अपने पति का हनन करने वाली होगी । यहा पर पति की स्तुति और निन्दा के द्वारा वही स्तुता और निन्दिता होती है—ऐसा मानना चाहिए । उत्तर तीन वाक्यो से वही निन्दित हुआ करती है ।६।(५)

अलकृत्य कन्यामुदकपूर्वा दद्यादेप ब्राह्मो विवाह । तस्या जातो द्वादशावरान्द्वादश परान्पुनात्युभयत । ऋत्विजे वितते कमणि दद्यादलकृत्य स दैवो दशावरान्दश परान्पुनात्युभयत । सह धर्म चरत इति प्राजापत्योऽष्ट वरानष्ट परान्पुनात्युभयत । गोमिथुन दत्त्वोपय-

च्छेत स आर्ष सप्तावरान्सप्त परान्पुनात्यूभयत । मिथ समय कृत्वोपययच्छेत गान्धव । धनेनोपतोष्योपयच्छेत स आसुर । सुप्ताना प्रमत्ताना वाऽपहरेत्स पैशाच । हत्वा भित्त्वा च शीर्षाणि रुदती रुदद्भ्यो हरेत्स राक्षस ।१। ख० ६ ।

कन्या को आभूषणो के द्वारा समलकृत करके उदक पूर्वा का दान करना चाहिए। यह ही ब्राह्म नामक विवाह कहा जाता है, उस स्त्री के गर्भ से जो भी बालक समुत्पन्न होता है वह बारह पूर्व के और बारह आगे होने वाले पुरुषो को दोनो ओर पवित्र कर देता है। दोनो ओर का तात्पय माता और पिता दोनो कुलो के पुरुषो का होता है। जो वैतानिक कर्म मे ऋत्विक के लिये कन्या को समलकृत करके देवे उस विवाह को नामदैव विवाह होता है। यह दूसरी श्रेणी का विवाह माना जाता है। इस बाला के उदर से उत्पन्न होने वाला पुत्र भी दोनो कुलो के दश-दश पूर्वापर पुरुषो को पवित्र कर दिया करता है अर्थात् उनकी सद्गति कर देने वाला होता है। साथ मे रह कर धर्म का समाचरण करो—ऐसा कथन कर जो विवाह किया जाता है वह प्राजापत्य नामक विवाह कहा जाता है। इस प्रकार विवाहित स्त्री से जो कुमार अभिजात होता है वह भी दोनो कुलो की आठ आठ पूर्वापर पुरुषो की सद्गति कर देता है। जिस कन्या की प्राप्ति एक गौ का जोडा देकर की जाती है उस विवाह को आर्ष विवाह कहते है। इस प्रकार से विवाहित बाला के गर्भ से समुत्पन्न बालक भी सात-सात पूर्वापर पुरुषो को दोनो कुलो मे पवित्र करके तार दिया करता है। जो परस्पर मे समझौता करके कि तुम मेरी भार्या हो जाओ और मै तेरा भर्त्ता हो जाऊँ, ऐसा विवाह किया जाता है उस विवाह का नाम गन्धव विवाह होता है। कन्या के पिता को कुछ धन देकर जो विवाह किया जाता है उस विवाह को आसुर विवाह कहा जाता है। जो कन्यापक्ष के लोग सोये हुए हो—प्रमत्त हो और असावधान हो उनसे बलात् कन्या का अपहरण कर वरवश विवाह कर लिया जाता है उसको पैशाचिक विवाह कहते हैं। युद्ध करके कन्या का

अपहरण करके जो विवाह कर लिया जाता है उसका नाम राक्षस विवाह होता है—इस तरह से ये आठ तरह के विवाह होते है। उनमे प्रथम चारो मे पूर्व पूर्व का विवाह एक दूसरे से प्रशस्त होते है। और जो पीछे वाले चार विवाह बताये गये है उनमे उत्तरोत्तर का विवाह वरीयान् होता है। इनमे सबसे पूर्व दो प्रकार के विवाह ब्राह्मण के होते है इतर, दो विवाहो मे प्रतिग्रह का अभाव होता है और आर्त्विज्य का भी अभाव होता है। गान्धर्व विवाह क्षत्रिय का होता है क्योकि पुराण मे दृष्ट होता है। युद्ध के सयोग होने से राक्षस विवाह राक्षस का ही होता है। आसुर विवाह वैश्य का होता है क्योंकि उसमे धन का सयोग होता है। इतर तीन अनियत है।१।(६)

अथ खलूच्चावचा जनपदधर्मा ग्रामधर्माश्च तान्विवाहे प्रतीयात्।१। यत्तु समान तद्वक्ष्याम।२। पश्चादग्नेर्दृषदमश्मान प्रतिष्ठाप्योत्तरपुरस्तादुदकुम्भ समन्वारब्धाया हुत्वा तिष्ठन्प्रत्यङ्मुख प्राङ्मुख्या आसीनाया गृभ्णामि ते सौभगत्वाय हस्तमित्यङ्गुष्ठमेव गृह्णीय द्यदि कामयीत पुमास एव मे पुत्रा जायेरन्निति।३।

विवाह मे जो विषय जानना चाहिए उसे बतलाया जाता है। विवाह मे बहुत से ऊँचे नीचे देश धम और ग्राम धम हुआ करते है इनके अतिरिक्त कुछ कुल धम भी होते है। इन सभी को करना चाहिए। यह विवाह का अधिकार है फिर भी जो सूत्र मे विवाह शब्द दिया गया है इससे सम्पूण विवाह मे जिस तरह होवे—यही अर्थ है। अन्यथा उपयमन काल से उत्तर काल विहित होने से उपयमन मे नही होते है। उपयमन का अर्थ कन्या का स्वीकार करना ही होता है।१। जिस प्रकार से अन्यपार्वण आदि सर्वत्र समान ही हुआ करते है क्योकि वे उपदेश से ही होते है। जनपदादि धम और आगे कहे जाने वाले धर्मों का परस्पर मे विरोध होने पर भी वक्ष्यमाण धर्म को ही करना चाहिए, जनपदादि को नही करे। वैदेह कुछ देशो मे तुरन्त ही व्यवाय देखा गया है और गृह्य

कर्मो मे तीन रात्रि तक ब्रह्मचारी का ब्रह्मचयव्रत बताया गया है । यहा पर जनपद धम और गृह्य धम मे परस्पर विरोध होना है तो गृह्य धम का ही समाचरण करना चाहिये, देश धर्म्म का त्याग कर देना चाहिये ।२। वेदी मे अग्नि की प्रतिष्ठा करने के उत्तर काल मे ही अग्नि के पीछे दृषदानश्मान को प्रतिष्ठापित करे और उत्तर पूव देश मे जल का कुम्भ प्रतिष्ठापित करना चाहिए । इसके अनन्तर आज्य का वर्हिष्यासादन कम करके फिर समन्वारब्धा या वध्वामिध्माभ्या धाना घाघारान्त कर्म करके फिर इसके पश्चात् पूव मे बताई हुई आहुतियो से हवन करके प्राड्मुखा आसीना कन्या का अगुष्ठ ही ग्रहण करना चाहिये और गृम्णामि'—यह कर यदि पुत्रकी कामना वाला होवे अर्थात् मेरे पुत्र ही जन्म लेवे—ऐसी कामना वाला होवे । यही मन्त्र उत्तर हस्त ग्रहणो मे भी होता है । इषत् तो प्रसिद्ध ही है । तत्पुत्रक है । वहा पर दोनो का ही प्रतिष्ठापन सिद्ध है ।३।

अड्गुलीरेव स्त्रीकाम ।४। रोमान्ते हस्त साड्गुष्ठमुभयकाम ।५। प्रदक्षिणमाग्निमुदकुम्भ च त्रि परिणयञ्जपति । अमोहमस्मि सा त्व सा त्वमस्यमोह द्यौरह पृथिवी त्व सामाहमृक्त्व ताबेह विवहावहै । प्रजा प्रजनयावहै सप्रियौ रोचिष्णू सुमनस्यमानौ जीवेव शरद शतमिति ।६। परिणीय परिणीयाश्मानमारोहयतीममश्मानमारोहाश्मेव त्व स्थिरा भव । सहस्व पृतनायतोऽभितिष्ठ पृतन्यत इति ।७। वध्वञ्जलावुपस्तीर्य भ्रातृस्थानो वा द्विर्लाजानावपति ।८। त्रिर्जामदग्न्यानाम् ।९। प्रत्यभिघार्य हवि ।१०। अवत्तं च ।११।

यदि ऐसी हो कामना हो कि मेरे पुत्री जन्म लेवे तो अगुलियो का ग्रहण करे ।४। यदि पुत्रो और पुत्रियो की दोनो की कामना हो तो अगुष्ठ और अगुलियो के सहित इसको ग्रहण करना चाहिये ।५। अग्नि और जल कलश का तीन प्रदक्षिणा करके वधू परिणय का जाप करता है । मन्त्र यह है—'अमोहमस्मि सा त्व सा त्वमस्य मोह द्यौरह पृथिवी

त्व सामाहमृक्त्व तावेह विवहावहै । प्रजा प्रजनयावहै सम्प्रियौ रोचिष्णू सुमनस्य मानौ जीवेव शरद शतम्" इति ।६। इस सूत्र मे 'परिणीय' शब्द की वीप्सा इसीलिये है कि सभी परिणयो मे अश्मारोहण करना ही चाहिए । इसके अनन्तर इसके कर्म कर्त्ता आचार्य ही होते है क्योकि ऐसा बन्धन है कि "शिरसी उदकुम्भेनावसिच्य" अर्थात् जल के कुम्भ से शिर पर अवसेचन करे । स्वय ही कर्त्ता होने पर अवसेचन नही किया जा सकता है । ऐसा कथन का तात्पय निकालना असत् है, वहाँ पर वही कर्त्ता होता है ओर विसृष्ट होकर विवाह क्रिया करता है ।७। इसके पश्चात् वधू अपनी अजलियो का उपस्तरण करती है और भाई आदि लाजाओ(खीलो)का वपन क्रिया करता है । भाई न हो तो जो भी कोई भाई के समान स्थानापन्न हो वह करता है । भाई के स्थानापन्न चाचा ताऊ का पुत्र हो या मामा का पुत्र होता है ।८। जामदग्न्यो की तीन होती है । इसका अर्थ है पञ्चावृत्तियो का होता है ।९। शेष का प्रत्यव-धारण करता है ।१०। अवत्त शब्द का अथ अवदान होना है क्योकि यहाँ पर पूर्व कालतामात्र ही विवक्षित है ।११।

एषोऽवदानधर्म ।१२। अयमण नु देव कन्या अग्निमय-क्षत । स इमा देवोऽर्यमा प्रेतो मुञ्चातुनामुत स्वाहा । वरुण नु देव कन्या अग्निमयक्षत । स इमा देवो वरुण प्रेतो मुञ्चातुनामुत । स्वाहा । पूषण नु देव कन्या अग्निमयक्षत । स इमा देव पूषा प्रेतो मुञ्चातुनामुत स्वाहेत्यविच्छिन्दत्यञ्जलि स्रुचेव जुहुयात् ।१३। अपरि-णीय शूर्पपुटेनाभ्यात्म तूष्णी चतुथम् ।१४। ओप्योप्य हेके लाजान्परिणयन्ति तथोत्तमे आहुती न सनिपतत ।१५।

यह अवदान धम है क्योकि जहाँ-जहाँ पर अवदान होता है वही-वही पर धम होता है ।१२। इस स्थल पर कन्या हवन करती है—ऐसा अथ करना अनुचित है क्योकि स्त्रिया को तो मन्त्रो मे अधिकार ही नही

होता है इसलिये ये हवन के मन्त्र वर ही के लिये है ऐसा सिद्ध होता है। मन्त्र ये है--"स इमा देवोऽर्यमा प्रेतो मुञ्जातुनामुत स्वाहा--"स इमा देवो वरुण प्रेतो मुञ्जातुनामुत स्वाहा","स इमा देव पूष्णा प्रेतो मुञ्जातुनामुत स्वाहा"। अञ्जलि का अविच्छिन्दन करती हुई स्रुच से ही हवन करना चाहिए।१३। इस सूत्र मे अप्राप्त निषेध किसलिये है ? कुछ विद्वानो का मत है कि चतुथ होम करके अतन्त्रक परिणयन होता है--इस लिये ही ऐसा होता है। अन्यो का कथन है कि तीन परिणय आन्तर्य से कहे गये है। वहाँ पर तीन होम होते है, वहाँ पर किस प्रकार से पूर्व-पूर्व परिणयन करके पश्चाद् होम होता है--यह ज्ञापन करने के लिये ही है। शूपपुट कोण को कहते है। यहाँ पर तूष्णीवचन प्रजाप्रतिज्ञान के लिये है। यहा पर चतुर्थ ग्रहण इसीलिये है कि इस द्रव्य का स्विष्टकृत नही होता है और वही कर्त्ता होता है।१४। इस सूत्र मे अभिमतार्थ ज्ञापन के ही लिये 'इ' शब्द है। कतिपय विद्वानो का कथन है कि खीलो का वपन कर करके पीछे परिणयन करते है। ऐसा होने पर उसके लिये आहुतियाँ नही सनिपात करती है।१५।

अथास्य शिखे विमुञ्चति यदि कृते भवत ।१६। ऊर्णास्तुके केशपक्षयोर्बद्धे भवत प्र त्वा मुञ्चामि वरुणस्य पाशादिति।१७। उत्तरामुत्तरया।१८। अथैनामपराजिताया दिशि सप्तपदान्यभ्युत्क्रामयतीष एकपद्यूर्जे द्विपदी रायस्पोषाय त्रिपदी मायोभव्याय चतुष्पदी प्रजाभ्य पञ्चपद्यृतुभ्य षट्पदी सखा सप्तपदी भव सा मामनुव्रता भव। पुत्रान्विन्दावहै बहू स्ते सन्तु जरदष्टय इति।१९। उभयो सनिधाय शिरसी उदकुम्भेनावसिच्य।२०। ब्राह्मण्याश्च वृद्धाया जीवपत्न्या जीवप्रजाया अगार एता रात्री वसेत्।२१। ध्रुवमरुन्धती सप्तऋषीनिति दृष्ट्वा वाच विसृजेत जीवपत्नी प्रजा विन्देयेति।२२।ख०७।

अथ शब्द अब स्विष्टकृत् की निवृत्ति के लिये है। अस्या--यह वर की निवृत्ति के लिये है। यदि--यह अनित्य मे है। देश धर्मादि के द्वारा

यदि कृत मे होते है ।१६। केश पक्षो मे ऊर्णास्तुक बद्ध होते हैं । प्रत्वा मुञ्चामि"—इस के द्वारा दक्षिणा शिखा का विमोचन करता है । "प्रेतो मुञ्चामि" इससे उत्तारा शिखा का विमोचन करता है । वर की शिखाओ का विमोचन तूष्णी भाव से करता है ।१७-१८। इस सूत्र मे का अथ शब्द पूर्व के ही तुल्य होता है । अपराजिता प्रागुदीची दिशा को कहते है । उस अपराजिता दिशा मे निम्न सात मन्त्रो के द्वारा इस वधू को सात पदो का उत्क्रमण कराता है—भव आदि शब्द सर्वत्र समान होता है—"इष" इससे एक यही, 'ऊर्जा इससे द्विपदी, 'रायस्पोषाय' इससे त्रिपदी, 'मायोभव्याय'—इससे चतुष्पदी, 'प्रजाभ्य' इससे पचपदी, 'ऋतुभ्य' इससे षट्पदी, 'सखा' इससे सप्तपदी । वह होवे और मेरे अनुव्रता होवे । मै बहुत से पुत्रो को प्राप्त करू और वे पुत्र तेरे जरदष्टि (वृद्धावस्था की यष्टि) के समान ही होवे ।१६। सप्तम पद के अभ्युत्क्कामित होने पर वही पर स्थित दोनो के शिरो पर वहाँ पर स्थित उदककुम्भ से अवसेचन करता है ।२०। दूसरे ग्राम मे गमन करने मे यदि बीच मे कही पर निवास करना पडे तो किसी इस प्रकार के गुणगण से युक्त ब्राह्मणी के घर मे ही बीच वाली रात्रि मे निवास करना चाहिए । अपने ग्राम मे ही यदि विवाह होवे तो फिर यह विधि नही होती है ।२१। होम के समाप्त हो जाने पर रात्रि मे ध्रुव तारा आदि का दर्शन कर "जीवपत्नी प्रजा विन्देय" इत्यादि मन्त्र के द्वारा वाणी का विसर्जन करना चाहिए । आदि पद से अरुन्धती और सप्तर्षियो का भी दर्शन करे ।२२।(७)

प्रयाण उपपद्यमाने 'पूषा त्वेतो नयतु हस्तगृह्येति' यानमारोहयेत् ।१। अश्मन्वतीरीयते सरभध्वमित्यर्धर्चेन नावमारोहयेत् ।२। उत्तरेणोत्क्रमयेत् ।३। जीव रुदन्तीति रुदत्याम् ।४। विवाहाग्निमग्रतोऽजस्र नयन्ति ।५। कल्याणेषु देशवृंक्षचतुष्पथेषु माविदन्परितन्थिन इति जपेत् ।६। वासेवासे सुमङ्गलीरिय वधूरितीक्षकानीक्षेत ।७। इह प्रिय प्रजया ते समृध्यतामिति गृह प्रवेशयेत् ।८।

विवाह के होम के पश्चात् अपने घर को गमन करना चाहिये। यदि कभी दूसरे ग्राम मे अपना घर हो और भ्रमण करने मे किसी यान (सवारी) की उपपत्ति होवे तो यान के उपपद्यमान होने पर "पूषात्वे तो भवतु हस्तगृह्या" इस मन्त्र के द्वारा वधू को यान पर समारूढ करना चाहिए। यान के अतिरिक्त शिविका आदि के द्वारा प्रयाण करने मे मन्त्र का प्रयोग नही होता है।१। यदि बीच मे कोई ऐसी नदी पडे जो नाव के द्वारा पार करनी पडे तो "अश्मन्नती रीयते सरमध्वम्" इस आधी ऋचा के द्वारा वधू को नाव पर समारूढ करानी चाहिए।२। उत्तरार्ध जो ऋचा का है उसके द्वारा जल मे स्थित नौका से वधू को उतारना चाहिए।३। लेजाती हुई वधू अपने बन्धुओ के वियोग होने के कारण यदि रुदन करती है तो "जीव रुदन्ती" इत्यादि मन्त्र का जाप करना चाहिए। यह विधि अपने ग्राम मे ही विवाह हो तब भी होनी है क्योकि कोई विशेषता नही होती है।४। इस सूत्र मे विवाहाग्नि का ग्रहण अग्नि विशेष के नियम के अभाव की शङ्का की निवृत्ति के लिये है और यहाँ पर अजस्र का ग्रहण ध्रियमाण के नियम के लिये है। इससे अन्यत्र प्रमाण करने मे समारोपण करके नयन गम्यमान होता है। और यह विधान विशेषता न होने के कारण से अपने ग्राम मे भी होता है।५। विवाह आदि शोभन कार्यों मे और देश वृक्ष चतुष्पथो मे "मा विदन्परि पन्थिन" इस मन्त्र का जाप करना चाहिए।६। वास वास मे रक्षक होते है यदि होवे तो "सुमङ्गलीरिय वधू" इस मन्त्र से ईक्षको को देखना चाहिए।७। इह प्रिय प्रजयाते समृध्वत्ताम्" इस मन्त्र से वधू को गृह मे प्रवेश कराना चाहिए। अपने ग्राम मे भी विवाह होने है॥८॥

विवाहाग्निमुपसमाधाय पश्चादस्याऽऽनडुह चर्माऽऽस्तीर्य प्राग्ग्रावमुत्तरलोम तस्तिन्नुपविष्टाया समन्वारब्धायाम्। आ न प्रजा जनयतु प्रजापतिरिति चतसृभि प्रत्यृच हुत्वा समञ्जन्तु विश्वे देवा इति दध्न प्राश्य प्रतिमयच्छे-दाज्यशेषेण वाऽनक्ति हृदये।९। अक्षारालवणाशिनौ

ब्रह्मचारिणावलकुर्वाणावध शायिनौ स्याताम् ।१०। अत ऊर्ध्व त्रिरात्र द्वादशरात्रम् ।११। सवत्सर बैक ऋषिर्जायत इति ।१२। चरितव्रत सूर्याविदे वधूवस्त्र दद्यात् ।१३। अन्न ब्राह्मणेभ्य ।१४। अथ स्वस्त्ययन वाचयीत ।१५। ख० ८।

अग्नि प्रतिष्ठापनान्त को करके अग्नि का उपसमाधान करता है अर्थात् समिधान से तात्पर्य यह है कि समिधाओ को डाल कर प्रज्वलित करता है । पीछे इसके अवड्डान के चर्म का आस्तरण करता है । प्राग् ग्रीवा और ऊर्ध्वलोम होकर उस चर्म पर उपविष्ट समन्वारब्ध वधू मे इध्माधानादि आज्यभागान्त करके "अग्न प्रजा अवयतु प्रजायति" इन चार ऋचाओ से प्रति ऋचा हवन करके "समञ्जन्तु विश्वेदेवा" इति—इस मन्त्र से दही खिलावे अर्थात् उसका एक भाग स्वय खावे और शेष को प्राशन वधू को देना चाहिए । वह वधू भी मौन होकर प्राशन करती है । आज्य शेष से दोनो के हृदय मे उसी मन्त्र से अक्त करता है ।६। जिस समय मे विवाह होवे तभी से आरम्भ करके दोनो पति-पत्नी के लिये ये नियम होते है दोनो ही अक्षार लवण के अशन करने वाले होवे । निम्न पदार्थो की क्षार सज्ञा मानी गयी है—"हैजम्बिका राज माषा माषा मुद्गा मसूरिका । लङ्कचाढक्याश्च निष्पावास्तिलाद्या क्षार सज्ञिता" । माष—मुद्गे मसूरिका आदि समस्त पदार्थ क्षार सज्ञा वाले होते है । गृह प्रवेशनीय होम से पहिले भी नियम इष्ट होते है अतएव योगविभाग किया गया है । दोनो को ब्रह्मचर्य धारी होना चाहिए अलकृत होने वाले और भूमि पर शयन करने वाले रहना चाहिए ।१०। इससे ऊर्ध्व तीन रात्रि अथवा बारह रात्रि पर्यन्त नियति मे रहे ।११। अथवा एक सम्वत्सर तक नियति मे रहे यह समझ करके ऋषि के तुल्य ही पुत्र समुत्पन्न होवे । फिर पिता के गोत्र को छोड कर पति के गोत्र को ही माने ।१२। व्रतके अनन्तर सूर्यावित् के लिये वधू के द्वारा उपयमन काल मे उपहित वस्त्र देना चाहिए । सूर्या के द्वारा जो इष्ट होना है वह सूर्या है

यथा "वृषाकपि" इति और वह "सत्येमोत्तमित्ता" यह सूक्त है ।१३। ब्राह्मणो के लिये अन्न का दान करे ।१४। इसके अनन्तर 'ॐ स्वस्तिभवन्तो ब्रुवन्तु' इति यह कहे और वे "ॐ स्वस्ति" इति यह उत्तर देवे ।१५।(८)

पाणिग्रहणादि गृह्य परिचरेत्स्वय पत्न्यपि वा पुत्र कुमार्यन्तेवासी वा ।१। नित्यानुगृहीत स्यात् ।२। यदि तूपशाम्येत्पत्न्युपवसेदित्येके ।३। तस्याग्निहोत्रेण।४।प्रादुष्करणहोमकालौ व्याययातौ ।५। हौम्य च मासवर्जम्।६। काम तु व्रीहियवतिलै ।७। अग्नये स्वाहेति साय जुहुयात्सूर्याय स्वाहेतिप्रतिस्तूष्णी द्वितीये उभयत्र ।८।ख०९।

प्रात काल में होम करने की विधि भी ऐसी ही है केवल 'अग्नये स्वाहा' इस मन्त्र के स्थान मे 'सूर्याय स्वाहा', इस मन्त्र से आहुति देवे, इतनी ही विशेषता है ।१०। दोनो कालो मे होम के पश्चात् अग्नि मे एक समिधा बिना किसी मन्त्र का उच्चारण किये डाल देवे, और पहिले के समान ही पर्युक्षण करके उदक की अञ्जलि देवे । इसको 'अनुपर्युक्षण –इस नाम से कहते हैं। अनुपर्युक्षण मे 'हे अदिते ! तूने मेरे कर्म के करने की अनुमति प्रदान की थी मैंने उसी के अनुसार कर्म सम्पन्न किया है'–इस मन्त्र का व्यवहार करे, यही इसमे विशेषता है ।११। अनुपर्युक्षण के पश्चात् अग्नि की परिक्रमा करे और जल के अवशिष्ट भाग को चमस मे रखकर आवश्यक कार्य के लिये रख लेवे ।१२। अग्नि को ग्रहण करके प्रथम बार जैसा हवन करे वैसा ही पूरे जीवन मे करता रहे । अश्वमेध आदि महा भाग मे अवभृथ स्नान करने तक नित्य ही दोनो समयो मे होम करना चाहिए । स्वय न कर सके तो फिर प्रतिनिधि से करावे किन्तु इसका त्याग न करे ।१३।

इस प्रतिनिधि के विषय मे कुछ लोगो का ऐसा कथन है कि–यह गृह्य है जो कि गृह के हित के लिये ही होता है । पत्नी को भी गृह कहा जाता है इसलिये इस गृह्य अग्नि मे यदि पत्नी चाहे तो साय प्रात के होमो का दोनो ही किया करे ।१४ १५। साय काल और प्रात काल मे भोजन प्रस्तुत होने पर छात्रो को अध्ययन करावे । इसी को "ब्रह्मयज्ञ" कहा जाता है ।१६। ब्रह्म यज्ञ के समय मे जिन वेद के वाक्यो से कल्याण होता है उसका त्याग कर अन्य वाक्यो के प्रयोग से अशुचिता होती है । अपवित्र वचनो के उच्चारण से अशुचिता होती है उसका प्रायश्चित्त ऊँचे स्वर से 'ओ३म्' और मन मे "तस्मै नम" बोले ।१७-१८।

अथ वाग्यतो वलोम् हरेत् । भाषेतान्नसँसिद्धिमतिथिभिः कामँ सम्भाषेत । अथ हविष्यस्यान्नस्योद्धृत्य हविष्यैर्व्यञ्जनैरुपसिच्याग्नौ जुहुयात्तूष्णी पाणिनैव । प्राजापत्या पूर्वाहुतिभवति सौविष्टकृत्युत्तरा। अथ बलीन् हरेत्, वाह्यतोवान्तर्वा सुभूमि कृत्वा। सकृदपो निनीय चतुर्धा वलि निदध्यात्, मकृदन्तत परिषिञ्चेत् । एकैक वानुविधानमुभयत परिषिञ्चेत्। स यत् प्रथम निदधाति स पार्थिवो बलिर्भवत्यथ यद् द्वितीयँ स वायव्यो यत् तृतीयँ स वैश्यदेवो यच्चतुर्थँ स प्राजापत्य । अथापरान् बलीन् हरेदुद्धानस्य मध्यमस्य द्वारस्याब्दैवत प्रथमोबलिभवत्योषधिवनस्पतिभ्योद्वितीय आकाशायतृतीय । अथापर बलिँ हरेच्छयन वाधिवर्च्चं वा स कामाय वा वलिभवति मन्यवे वा ।१-१०।

इसके अनन्तर वाग्यत होकर हास्य और कौतुक मे भी अनृत भाषण आदि अभिपत भाषण का परित्याग करके बली के लिये पाकादि का जो प्रथम कर्त्तव्य है उसका सम्पादन करे ।१। अन्न से सम्बन्ध रखने वाली ससिद्धि विकतृप्ति आदि विषय वाली होती है उसमे भाषण का निषेध नही है और समागत अतिथियो से नम्रता के भाषण का भी निषेध नही है ।२। पाक के तयार हो जाने पर उसमे से कुछ हविस्यान्त ग्रहण कर बिना ही मन्त्र के पढ व्यञ्जन के साथ हाथ से ही एक आहुति दे देवे । स्रुवा की वहा आवश्यकता नही है।३। प्रथम आहुति प्रजापति देवता की होती है । अर्थात् मन मे प्रजाओ के स्वामी सृष्टि आदि के करने वाले परम देव का चिन्तन कर 'प्रजापतये स्वाहा'–इसका अस्पष्ट उच्चारण कर देना चाहिए । दूसरी आहुति सौविष्ट कृती होती है अर्थात् जो शोभन अभिलाष को करता है उसी सर्वान्तर्यामी का चिन्तन कर 'स्विष्टकृते स्वाहा' इससे आहुति देवे । इसी को देवयज्ञ–नित्य होम और वैश्वदेव कहा जाता है ।४।

देवयज्ञ नाम वाले उक्त होम के पश्चात् अग्नि चाहे जहाँ भी हो घर या बाहिर, झाडू से भूमि को साफ करके उस-उस स्थान मे पशु-पक्षी-पिपीलिका आदि को आहार देकर बलि का कर्म पूण करना चाहिए ।५। स्वच्छ की हुई भूमि मे पहिले एक बार वहाँ पर जल के छीटे लगा कर उस बलि के चार भाग करे और उनपर जल के छीटे देवे ।६। अथवा एक-एक भाग करके ही बलि रक्खे और हर एक के पहिले तथा पीछे एक बार जल छिडक्के ।७। इन वलि के चारो भागो मे प्रथम भाग पृथ्वी की दूसरी वायुदेव की और तीसरी विश्वदेवा एव चौथी प्रजापति देव की होती है ।८। इन बलियो के रखने वाले ग्रह मे जहाँपर जल रक्खा हो जोकि परिश्वरणीय हो उसी गृह के मध्य द्वारमे अन्य तीनो बलियो को रख देवे । उसमे प्रथम जल देव का-दूसरी औषधि वनस्पति की और तीसरी आकाश की होती है ।९। तीनो बलियो के रखने के पीछे शयन के घर मे या शयन करने के स्थान मे अथवा मल मूत्र त्याग करने की जगह मे एक ओर बलि रक्खे । शयन-स्थल की बलि काम देव की होती है और दूसरी बलि मन्यु देवता की है ॥१०॥

अथ सस्तूप स रक्षोजनेभ्या ।११। अथैतद्बलिशेषमद्भिभ्या सिच्यापसलवि दक्षिणानिनयेत् पितृभ्यो भवति ।१२। आसीन एवाग्नौ जुहुयात् ।१३। आसीन पितृभ्यो दद्यात् यथोपपादमितरान् ।१४। स्वयन्त्वेवैतान् यावद्वसेद् बलीन् हरेत् ।१५। अपि वाऽन्यो ब्राह्मण ।१६। दम्पती एव ।१७। इति गृहमेधिव्रतम् ।१८। स्त्री ह साय प्रात पुमानिति ।१९। सर्वस्य त्वेवान्नयैतान् बलीन् हरेत् पित्र्यस्य वा स्वस्त्ययनस्य वाऽर्थार्थस्य वा ।२०।

जहा पर कूडा डाला जावे वहा पर एक बलि राक्षसो के लिये देनी चाहिए ।११। पात्र मे शेष अन्नको जल से धोकर अपसव्य पितृ तीर्थ से दक्षिण दिशामे प्रकीण कर देवे यह बलि पितृगण की होती है ।१२। बैठकर ही अग्नि मे हवन करे पितृगण को बलि भी बैठकर ही देवे और शयन गृह आदि की पूर्व कथित बलि जैसे भी हो सके बढे—

निहृर कर देवे। सुभीते के अनुसार ही करना चाहिए।१३-१४। इन बलियो को अपने समान पर स्वय ही देना चाहिए। असमर्थता होने पर किसी अन्य ब्राह्मण के द्वारा भी दी जा सकती है। इसमे स्त्री पुरुष दोनो ही समान रूप मे अधिकारी है ये कर्म जो इस खण्ड मे वर्णित है गृहस्थो के लिये ही है।१५-१८। किसी आचार्य का मत है कि प्रात घर का स्वामी और साय कालमे उसकी पत्नी ही बलिका हरण करे।१९। पितृगण के कर्म को हो—ब्राह्मण भोजन आदि के लिये हो अथवा अपने भोजन को हो सब बलि कर्म अन्न से ही करना चाहिए।२०।

यज्ञादेव निवर्त्तते।२१। यद्येकस्मिन् काले ब्रीहियवौ प्रक्रियेतान्यतरस्य कृत्वा कृत मन्येन।२२। यद्येकस्मिन् काले पुन पुनरन्न पच्येत सकृदेवतद् बलिनन्त्र कुर्व्वीत।२३। यद्येकस्मिन् कुले बहुधाऽन्न पच्येत गृहपतिमहानसादेवैतद्बलितन्त्र कुर्व्वीत।२४। यस्यत्वेषामग्रत सिध्येन्नियुक्तनग्नौ कृत्वाऽग्र ब्राह्मणाय दत्त्वा भुञ्जीत।२५। यस्यो जघन्य भुञ्जी तैवेति।२६। अथाप्युदाहरन्ति।२७। एतस्यैवबलिहरणस्यान्तेकामप्रब्रुवीतभवतिहैवास्य।२८। स्वयन्त्वेवाशस्यबलि हरेत् यवभ्योऽध्याब्रीहिभ्यो ब्रीहिभ्योऽध्यायवेभ्य सत्वाशस्यो नाम बलिर्भवति।२९। दीर्घायुर्हैव भवति।३०। विश्राणिते फलीकरणानामाचामस्यापामिति बलि हरेत् स रौद्रो भवति स रौद्रो भवति॥३१॥

ज्योतिष्टोम आदि के अनुष्ठान आरम्भ कर देने पर फिर बलि के कर्म का करना उचित नही है।।२१। एक ही काल मे यदि तण्डुल और यव दोनो अन्न उपस्थित हो तो दोनो से बलिकर्म नही करना चाहिए क्योकि दोनो मे से किसी भी एक से बलिकर्म सम्पन्न हो सकता है।२२। एक ही काल मे दो-तीन या इससे भी ज्यादा बार अन्न का

पाक हो तो भी केवल एक ही बार बलिकम करना चाहिए ।२३। यदि एक ही मकान एक ही वश के वहुत से व्यक्ति रहते हो और वे सब भिन्न२ अन्न का पाक करते हो तोभी जोभी उन सबमे प्रधान हो उसी की पाकशाला से इस बलि के कम को करना चाहिए । प्रत्येक की पाक शाला से नही करना चाहिए ।२४।

यदि एक ही मकान मे पाक करने वाले बहुत से हो तो उनमे सबसे प्रथम जिसका पाक तयार हो जावे वही थोडा सा अन्न अग्नि मे डालकर उस पक्व अन्न मे से अतिथि–सत्कार के पीछे आप भोजन करे । अगर पाकादि के दोष से वह अन्न अग्राह्य हो जावे तो तो उससे आतिथ्य न करके स्वय भोजन करे और दुबारा पाक करके अतिथि रीक करनी चाहिए ।२५-२६। आचार्य गण दूसरी भी कुछ बात कहते है । पूर्वाचार्य इस बलि हरण के विषय मे कुछ विशेषता बतलाते है । इस बलि हरण के अन्न मे अपने अभीष्ट की प्रार्थना करनी चाहिए । तो इस प्रार्थी की प्रार्थित सिद्धि निश्चय ही हो जाती है ।२७-२८। यदि कथित प्रार्थना करे तो स्वय ही आशस्य–इस नाम वाली बलि को प्रदान करे किसी प्रतिनिधि के द्वारा इसे नहो करावे । उस आशस्य बलि को बनलाते है—हेमन्त का धान्य जो खेत मे ही है और तयार नही हुआ है तब तक ,और जौ के अन्न के पूर्व जब तक यवशस्य तयार न हुआ हो उस धान्य की उत्पत्ति के समीप मे जो बलि दी जाती है उसी को आशस्य बलि कहा जाता है । इस बलि से अवश्य ही दीर्घायु का लाभ होता है ।२९-३०। तुषा से रहित किये हुए धान्य अथवा यव के पाक के सिद्ध होने पर उसके मॉड से वह आशस्य बलि रुद्राय नम –इस मन्त्र के द्वारा करनी चाहिए वह बलि रुद्र देवता वाली होती है ।३१।

अथ दर्शपौर्णमासयो । सन्ध्या पौर्णमासीमुपवसेदु-त्तरामित्येके रुद्र अथ यदहश्चन्द्रमा न दृश्येतताममावा-स्याम्।पक्षान्ताउपवस्तव्या पक्षादयोऽभियष्टव्या । आमा-

वास्येनहविषापूर्वपक्षमभियजतेपोणमास्येनापर पक्षम् ।१६।

इसके अनन्तर दर्श और पौणमास यागो के विषय मे बतलाया जाता है ।१। दश पौणमास यागो के करने के पूर्व दिन मे उपवास करना चाहिए। जिस दिन मे प्रात काल से ही पौर्ण मासी का आरम्भ हो और सन्ध्या तक रहे तभी उपवास करे। अथवा उत्तरा अर्थात् अस्तमितो दया तथा उच्चैरुदया मे करे। ।२-३। जिस दिन में चन्द्र दशन सम्भवित न हो और सूर्योदय काल मे अमावस्या हो या पीछे प्रतिपत् हो उसी दिन मे अमावस्या का उपवास करना चाहिए। जिस दिन चतुर्दशी के पीछे अमावस्या हो उसमे उपवास का निषेध है। इन दोनो ही उपवासो मे उदय व्यापिनी तिथियाँ ही ग्राह्य होती हैं।४। जब तक जीवित रहे प्रति मास मे पक्षो के अन्त मे उपवास करना चाहिए और कृष्ण-शुक्ल दोनो प्रतिपत् तिथियो मे यजन करना चाहिए।५। अमावस्या मे उपवास करके शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा मे ज्यो हवि के द्वारा यजन किया जाता है वह सम्पूण शुक्ल पक्ष का याग मानना चाहिए इसी प्रकार से पूर्णिमा मे भी सम्पूण कृष्ण पक्ष का याग मानना चाहिए।६।

य परमो विकर्ष सूर्याचन्द्रमसो सा पौर्णमासी य परम सङ्कष सामावास्या। यदहस्त्वेवचन्द्रमा न दृश्येत ताममावास्या इकुर्वीत दृश्यमानेऽप्येकदा गताध्वा भवतीति। अथ पौणमासीकालाभवन्तिसन्ध्यावास्तमितोदितावोच्चैर्वाऽथ यदह पूर्णोभवति पृथगेवेतस्य ज्ञानस्याध्यायो भवत्यधीयीत वा तद्विद्भ्यो वा पर्वावगमयेत् ।।७-१२।

जिस तिथि मे सूर्य और चन्द्र इन दोनो ग्रहो का अत्यधिक विप्रकष अर्थात् दूर मे अवस्थान होता है उसी को पूर्णिमा तिथि कहा जाता है और जिस दिन दोनो ग्रहो का अत्यन्त समीप मे अवस्थान होता है उस ही अमावास्या तिथि कहा जाता है।७। जिस दिन मे चन्द्र दशन न हो उसको अमावस्या कहते हैं। कुछ क्षण के लिये चन्द्रदर्शन की सम्भावना मे यदि अमावस्या मानी जाय तो वह "गताध्वा" कही जाती

है । इस प्रकार से दो प्रकार को अमावस्या होती है ।९। पूर्णिमा तीन प्रकार की होती हे—जिस दिन पूर्णचन्द्र होना है वह पूर्णिमा कही जाती है । एक सन्ध्या पूर्णिमा होती है इसमे प्रात कालीन सन्ध्या के पूर्व रात्रि मे पूणिमा या प्रतिपदा होनी है। दूसरी अस्तमितोदया है। इसमे सूर्यास्त समय मे चतुदशी और इसके पीछे रात्रि मे पूर्णिमा होती है । तीसरी "ऊच्चै पूर्णिमा" है । इसमे सूर्यास्त के पश्चात् चतुर्दशी को छोडकर पूर्णिमा बहुत रात्रि तक रहती है ।१०-११। इसके ज्ञान के लिये ग्रहो और नक्षत्रो की स्थिति तया गति आदि के ज्ञान की आवश्यकता हे इसके लिये ज्योतिष शास्त्र का ज्ञान करना चाहिए ।१२।

अथयदहरुपवसथो भवति तदह्नु पूर्वाह्ण एव प्रातराहुति हुत्वतदग्ने स्थण्डिल गोमयेन समन्तम्पर्युपलिम्यत्यथे-ध्मानुपकल्पयते खादिरान् वा पालाशान् वा खादिर-पालाशालाभे बिभीतर्कातिल्वकवाधकनीवनिम्बराजवृक्ष-शाल्मल्यरलुदधित्थकोविदारश्लेष्मातकवर्ज सर्ववनस्प-तीनामिध्मोयथा स्याद्विशाखानि प्रति लूना कुशा-बर्हिरुपमूललूना पितृभ्यस्तेषामलाभेशूकतृणशरशीर्य्य-बत्वजमुतदनबशुण्ठवर्ज सर्वतृणान्याज्य स्थाली-पाकीयान् ब्रीहीन् वा यवान् वा चरुस्थाली मेक्षण स्रुव मनुगुप्ता अप इति यानि चानुकल्पमुदाहरिष्यामो न तदह प्रसृज्येत दूरादपि गृहानभ्येयादन्यतस्तुधन क्रीणी यान्न विक्रीणीताबहुवादी स्यात् सत्य विवदिषेदथापरा-ह्ण एवाप्लुत्यौण्वसथिक दम्पती भुञ्जीयाता यदेनयो काम्य स्यात् सर्पिमिश्र स्यात् कुशलेन ॥ १३-२६॥५॥

अब काल के निणय के उपरान्त उपवास के दिन मे जो कुछ भी कर्त्तव्य है उसको बतलाया जाता है—उपवास के दिन मे सूर्योदय के समय पूर्णिमा होनी चाहिए । जिसदिन सूर्योदय के समय मे अमावस्या

हो उसदिन मे पूर्वाद्ध मे अग्निहोत्र और प्रात काल की आहुति आदि सब काय करने चाहिए। सर्व प्रथम गोमय से अग्नि गृह का लेपन करे फिर खैर या ढाक की लकडी सञ्चित करे। यदि इन लकडियो के एकत्रित करने मे असुविधा हो तो वहेडा—लो।—वाधक—कदम्व—निम्व—राजवृक्ष—सेमर—अग्लु—दधित्थ—इन ग्यारह को छोडकर अन्य कोई भी लकडी यज्ञ कर्म मे लाई जा सकती है। देवकाय के लिये स्कन्ध से छिन्न कुछ कुशाऐ लेवे—पिन्टकाय मे मूल मे छिन्न कई कुशाऐ ग्रहण करे। कुशा प्राप्त करने मे असुविधा हो तो शुक—तृण—शर—शीय-वल्वज और मुनत्र इन सात तृणो को त्यागकर अन्य कोई भी तृण यज्ञ कर्म मे ग्राह्य होता है। घृत पाक के उपयुक्त कतियय धान्य अथवा यव। चरुस्थाली मेक्षण—स्रुव—सुरक्षित जल—इन सब को लाकर अग्निगृह मे एकत्रित करना चाहिए। उसदिन मे पालने के योग्य नियमो का ध्यान रक्खे। अपने घर का त्याग न करे—दूर मे भी होतो उस अवसर पर घर लौट आवे—वस्तुऐ खरीद लेवे किन्तु कोई वस्तु वेचे नही—अधिक भाषण न करे—सत्य बोले और स्त्री-पुरष दोनो ही दुपहर के बाद स्नान करे और उपवास के नियमो के अनुसार इच्छा हो वह घृत मिश्रत कर तृप्ति पूर्वक भोजन करे।२२।

मानतन्तव्यो होवा चाहुता वा एतस्य मानुष्याहुतिर्भवति य औहवसथिक नाश्नात्यनीश्वरो ह क्षोधुकोभव त्यकाम्यो जनानाम्पापवसीयसी ह्यस्य प्रजा भवति य औपवसथिक भुङ्क्त ईश्वरो ह भवत्यक्षोधुक काम्यो जनाना वसीयसी ह्यस्य प्रजा भवति तस्माद्यत् कामयेतौपवसथिक भुञ्जीयातामध एवैतां रात्रिं शयीण्यतान्तौ खलु जाग्रन्मिश्रवेवैतां रात्रि विहरेयातामितिहासमिश्रेण वा केनचिद्वा जुगुसेयातान्त्वेवाव्रत्येग्य कर्म्म भयो न प्रवसन्नुपवसेदित्याहु पत्न्या व्रत भवतीति। यथा काययेत तथा कुर्य्यात्॥ १-१०॥

मान त`तव्य आचार्य का मत है कि उपवास के दिन मे यदि कोई नियमानुकूल भोजन नही करता है तो उसकी मनुष्यो के भलाई के लिये की हुई सवयाग की क्रियाऐ निष्फल हो जाया करती हैं। प्रथम दिन मे उपवास करने के कारण दूसरे दिन क्षुधा से व्याकुल और चञ्चल होकर याग क्रियाओ के सुसम्पादन मे असमर्था होगी—सबको अप्रिय लगेगा तथा पुत्रादिक भी पाप बुद्धि के वशीभूत होगे अतएव यथेच्छ भोजन करके ही याग कम करे। उपवास के दिन खाट पर शयन करे तथा वह रात्रि वैदिक इतिहास की आलोचना आदि मे व्यतीत करनी चाहिए। ब्रह्मचर्य का पालन करे। प्रवास मे उपवास न करे। उपवास पत्नी के द्वारा भी सम्पन्न किया जा सकता है। १ से ६ पर्य्यन्त। उपवास के दिन मे भोजन का फल और भोजन न करने का फल दोनों ही बताये गये है—इन दोनो मे जो भी अभीष्ट हो उसी को करना चाहिए।१०।

> एवमेवाहिताग्नेरप्युपवसथो भवति यच्चाम्नायो विद्ध्यात्। अथपूर्वाह्ण एव प्रातराहुतिं हुत्वात्र णाग्निम्परिक्रम्य दक्षिणतोऽग्ने प्रागग्रान् दर्भानास्तीर्य्य तषा पुरस्तात् प्रत्यङमुखास्तष्ठन् सव्यस्य पाणेरङ गुष्ठेनोपकानष्ठिकया चाङगुल्या ब्रह्माऽऽसनात् तृणमभिसङगृह्य दक्षिणापरमष्टम देश निरस्यति निरस्त परावसुरिति ॥ ११-१४ ॥

इस रीति से जो नित्य ही अग्निहोत्र करने वाला आहिताग्नि है उसके लिये भी उपवास करने के समस्त नियम आदि हैं—यही वेद की विधि है उस जान लेना चाहिए।११ १२। उसके पर दिन मे प्रतिपदा मे दुपहर के पूव ही नियमानुसार प्रात कालीन आहुति होम को समाप्त करके अग्नि को अपने सामने रखना चाहिए। प्रदक्षिण करके उस सम्मुख स्थित अग्नि के दक्षिण मे कुछ कुशाऐ गिरावे और उन सब कुशाओ के अग्रभागो को पूर्व दिशा मे करे। उस कुशासन पर सामने

पश्चिम की ओर अभिमुख होकर बाये हाथ के अँगूठे और अनामिका अँगुलि से जो ब्रह्मा के लिये कुशाओ को आसन बनाया गया था उन मे से एक तृण ग्रहण कर "निरस्त परावसु"—इत्यादि मन्त्र से नर्ऋत्य कोण मे प्रक्षिप्त कर देवे। इसी क्रिया को तृण निरसन कहा जाता है।१२-१४।

अपउपस्पृष्टश्याथ ब्रह्माऽऽसनउपविशत्यावसो सदने सीदामीत्यग्निमुभिमुखो वाग्यत प्राञ्जलिरास्तआकर्म्मण पर्यवसानाद्भाषेत यज्ञ सिद्धिन्नायज्ञीया वाच वदेद्यज्ञीया वाच वदेद्वैष्णवीमृच यजुर्वा जपेदपि वा नमोविष्णवइ येव ब्रूयात्। यद्यु वा उभय चिकोर्षेद्धौत्रश्चैवैतेनैवकल्पेन छत्र वोत्तरासङ्ग वोदकमण्डलु दर्भवटु वा ब्रह्मासने निधायतेनैवप्रत्याव्रज्याथान्यच्चेष्टेत्॥ १५-२१॥

इसके उपरान्त सम्पूर्ण कार्यों के निरीक्षण करने वाले ब्रह्मा नाम वाला एक याग का प्रधान पुरुष अपने हाथ पैरो को जल से धोकर उसी कुशाओ के आसन पर जो बिछाया गया था अपना मुख उत्तर की ओर करके उस अग्नि के सामने दोनो हाथ जोडकर "आवसो सदने सीदामि" इस मन्त्र को पढता हुआ नियमित वचनो को ही बोलने का मन मे दृढ प्रतिज्ञा करके जब तक कार्य समाप्त हो वहा पर बैठे। ब्रह्मा को केवल यज्ञ से सम्बन्धित वचन ही बोलने चाहिए अन्य कुछ भी भाषण न करे। यदि आवश्यक ही हो तो विष्णु भगवान् का स्मरण दिलाने वाली किसी ऋचा का अथवा यजुर्वेद के मन्त्र का उच्चारण करना चाहिए। अथवा "नमो विष्णवे"—इतना कहने से भी निर्वाह हो सकता है।१५-१८। यदि जनाभाव मे होता का कर्म और ब्रह्मा की क्रिया इनको एक ही व्यक्ति को करनी पडे तो उसका कर्त्तव्य है कि ब्रह्मा के लिये बनाये गये उस कुशाओ के आसन पर छत्र अथवा उत्तरीय तथा जल से भरा हुआ कमण्डलु किम्बा कुशाओ के द्वारा बनाया हुआ ब्रह्मा वहा पर स्थापित

कर देना चाहिए और पूर्व की ही भाति प्रदक्षिण आदि पूर्वक सब कुछ करके फिर होना के आसन पर फिर लोटकर स्थित होवे। इसके अनन्तर ही अग्निहोत्र एव जप आदि समस्त कार्य करना चाहिए। चरु का पाक आदि विशेष कम करना है उसकी विशेष विधि पीछे बताई जायगी।१६ २१।

अथोलूखलमुसले प्रक्षाल्य शूर्पञ्च पश्चादग्ने प्रागग्रान् दर्भानास्तीर्योपसादयति।अथहविर्निर्ववतिव्रीहीन्वायवान् वाकंसेन वा चरुस्थाल्या वामुष्मै त्वा जुष्ट निवपामीति देवतानामादेशंसकृड द्विस्तूष्णीम् अथ पश्चात् पाङमुखो ऽवहन्नुमुपक्रमतेदक्षिणोत्तराभ्या पाणिभ्यान्त्रि फलीकृता स्तुत्पिडुलाँस्त्रिदेवेभ्य प्रक्षालयेदित्याहुर्द्विमनुष्येभ्य सकृत्पितृयइति ॥ १५ ॥

इसके उपरान्त पूव की ओर अग्रभाग वाली कुशाओ पर उलूखल-मुसल और शूप—इनको भली भाँति जल से प्रक्षालित करके अग्नि के पीछे की ओर रक्खे।१। इसके पश्चात् हवि पाक के लायक बनाने के के लिये धान्य हो या यव हो उनको किसी काँसे के पात्र से अथवा चरुस्थाली से प्रक्षिप्त करे। किन्तु जितना भी धान्य हवि के योग्य बनाना हो उसे तीन बार मे डाल देना चाहिए। प्रथम बार "अमुष्मै" इत्यादि मन्त्र का उच्चारण करके प्रक्षेप करे और दो बार बिना मन्त्र पढे ही देवे।२-३। फिर पूव दिशा की ओर अपना मुख करके उलूखन के पीछे खडे होकर दोनो हाथो से मूसल को थाम कर उसे करे। तुषो स रहित उस धान्य या यवो को तीन बार साफ करे जोकि देवो के काय के लिये है। ब्राह्मण भोजन प्रभृति मनुष्यो के काय सम्पादित करने के वास्ते दो बार और पितृगण के काय के लिये एक ही बार जल से धोना चाहिए—ऐसी परम प्राचीन प्रथा चली आरही है।४-५।

पवित्रान्तर्हिताँस्तण्डुलानावपेत्कुशलश्रृ।मिव स्थाली

पाकं श्रपयेत्प्रदक्षिणमुदायुवञ्छृतमभिघार्य्योदगुद्वास्य प्रत्यभिघारयेत् ।। ६-८ ।।

फिर कुशाओ के बनाये हुए पवित्र एव बहुत छिद्र युक्त के मध्य मे साफ किये हुए तण्डुलो को उस मे ग्रहण कर स्थाली मे डाल देवे। पात्र के अवसर पर "मेक्षण" से मिलाकर नीचे-ऊपर पाक करे। यह पाक परम कुशल पाक के करने वाले के हाथो से बने हुए के समान ही होना चाहिए—यह परमावश्यक है। पाक के सम्पन्न होने पर घृत का ढारा देना चाहिए। अग्नि के उत्तर मे उतार कर पुन भाग के अनुरूप घृत का मिश्रण करना चाहिए ।।६-८।।

अग्निमुपसमाधाय कुशैः समन्त परिस्तृणुयात् पुरस्ताद्दक्षिणउत्तरत पश्चादिति सवतस्त्रवृतम्पञ्चवृत वा बहुल मगुष्मसं हृतम्प्रागग्रैर्मूलानिच्छादयन्पश्चाद्वास्तीर्य्य दक्षिणत· प्राञ्चम्प्रकर्षति तथोत्तरेण दक्षिणोत्तराण्यग्राणि कुर्य्यादेष परिस्तरणन्याय सर्वेस्वाहुतिमत्सु ।। ६-१५ ।।

आगे उन्नीसवें सूत्र मे स्थाली पाक को उतारने के पश्चात् आज्य (घृत)का सस्कार बताया जायगा अतएव स्थाली पाक के उतारने से पहिले ही परिस्तरण करना चाहिए। जिस तरह से बताया जाता है कि समिधाओ को प्रक्षिप्त करके अग्नि को प्रज्वलित करके उसके चारो ओर उसे कुशाओ से ढक देवे। उसमे दिशाओ का क्रम है उसी तरह पहिले पूर्व दिशा मे' फिर दक्षिण से-इसके पश्चात् उत्तर दिशा मे और सबसे अन्त मे पश्चिम दिशा म तीन अथवा पाँच बार कुशाओ से ढकना चाहिए। वह समाच्छादन युक्ति से करे जिससे दो-तीन या अधिक कुशा एक ही जगह मे न मिल सके। सब कुशाओ का अगला भाग पूर्व दिशा मे रहे और उन्ही के द्वारा उनका मूल भी समाच्छादित हो जावे। कुशा थोडी हो तो पश्चिम को छोडकर दक्षिणाग्र कुशा से और इसी भाँति उत्तराग्र कुशा से पूर्व की ओर आकर्षित होगा। तात्पर्य यह है

कि चतुष्कोण न कर त्रिकोण ही करना चाहिए । इसको परिस्तरण कहा जाता है । इसी तरह से जो भी आहुतियो विशिष्ट अनुष्ठान होते हैं उन सब में व्यवहार में लाया जायगा ।।६-१५।।

पग्घीनप्येके कुर्बन्ति शामीमान् पार्णान् वा उत्तरतोऽपाम्पूर्ण स्रुव प्रणीता भावेन वास्यादित्येके । बर्हिषि स्थालीपाकमासाद्येध्ममभ्याधायाज्यां सं स्कुरुते सर्पिस्तैलन्दधि पयो यवागूं वा ।१६-२०।

कोई २ आचार्य शमी (छोकर) अथवा पलाशर (ढाक) से भी सीमा स्थापन भी किया करते हैं। अग्नि की उत्तर दिशा मे जल से पूर्ण स्रुव की रक्षा करनी चाहिए । उसी को प्रणीता पात्र नाम से कहा जाता है । किसी २ आचाय का यह भी मत है कि पूर्व मे कहे हुए चमस पात्र मे जल के सुरक्षित रहने स स्रुवा मे जल न रखने से भी कोई हानि नही होती है ।१६-१८। उन प्रक्षिप्त किये हुए कुशाओ पर स्थाली पाक को स्थापित करके फिर ई धन जलकर अग्नि को प्रज्वलित करे और फिर घृत का सस्कार करे । आज्य शब्द से घृत—तैल—दधि दुग्ध और यवागू—इन पाँचो मे से जो भी कोई एक सुलभ एव उपलब्ध हो उसी से यह किया जा सकता है ।।१६-२०।।

ततएव बर्हिष प्रादेशमात्रे पवित्रे कुरुते ओषधिमन्तर्धाय च्छिनत्ति न नखेन पवित्रेस्थो वैष्णव्यावित्यनेन अद्भिरनुमार्ष्टि विष्णोर्मनसा पूते स्थ इति । सम्पूयोत् पुनात्युदगग्राभ्याम्पवित्राभ्यामङ्गुष्ठाभ्याञ्चोपकाभ्याञ्चाङ्गुलिभ्यामभिसगृह्य प्राक्शस्त्रिरुत्पुनाति देवस्त्वासवितोत्पुनात्वच्छिद्रेणपवित्रेण वसो सूर्य्यस्य रश्मिभिरिति सकृद्यजुषा द्विजस्तूष्णीम् । अथैनेअद्भिरभ्युक्ष्याग्नावप्युत्सृजेदथैतदाज्यमधिश्रित्योदगुद्वासयेदेवमाज्यस्यसं स्करणकल्पोभवतीति ।२१-२८।

इसके अनन्तर उन्ही पहिले सगृहीत कुशाग्रो के मध्य मे से एक बालिश्त भर प्रमाण वाली दो कुशा लेकर 'तुम विष्णु देवता के हो अतएव स्वत ही पवित्र हो'—इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए ओषधि के बीचो बीच मे छेदन करना चाहिए। फिर "पवित्रेस्थो वैष्णव्यौ"—इस मन्त्र को पढ़ते हुए जल से धोवे।२१-२३। पूर्व मे कथित रीति से उन दोनो पवित्रो को शोध कर उत्तराग्र करे और फिर उसके द्वारा आज्योत्पवन करना चाहिए अर्थात् घृत मे गिरे हुए तृण आदि को बाहिर पूर्व दिशा की ओर प्रक्षिप्त कर देवे। आज्योत्पवन मे दोनो पवित्रो को अँगूठे और अनामिक से पकडना चाहिए और प्रथम बार "देवस्त्वा" इत्यादि 'यजु' रूप मन्त्र को पढ़े फिर दो वार बिना मन्त्र पढ़े ही उत्पवन करना चाहिए।२४-५। आज्योत्पवन के पश्चात् इन दोनो पवित्रो को जल से धोकर अग्नि मे डाल देवे। फिर उत्तर दिशा मे प्रज्वलित अगारो पर 'पूत आज्य पात्र' रखना चाहिए। यह आज्य के सस्कार का कल्प है।२६-२८।

पूर्वामाज्यमपर स्थालीपाक । पर्युक्ष्य स्थालीपाक आज्यमानीय मेक्षणेनोपघात होतुमेवोपक्रमते । यद्यु वा उपस्तीर्णाभिघारित जुहुषेदाज्यभागावेव प्रथमौ जुहुयाच्चतुर्गृहीतमाज्य गृहीत्वा पञ्चावत्तन्तु भृगूणामग्नये स्वाहेत्युत्तरत सोमाय स्वाहेति दक्षिणत प्राक्शोजुहुयात् ॥१ ४॥

चरुस्थाली और आज्यपात्र दोनो ही अग्नि पर रखने की व्यवस्था है। इनमे पहिले आज्य पात्र को और उसके पीछे चरुस्थाली को रखना चाहिए अग्नि के सभी कार्यों मे अनुष्ठेय पूव मे उक्त 'अदितेऽनुमन्यस्व" आदि पर्युक्षण' के अन्त मे समस्त काय पूण हो जाने पर स्थाली पात्र मे मे घृत को डालकर 'उपघात' होम सम्पन्न करने क वास्ते उपक्रम करना चाहिए।१-२। जब भी कभी "उपस्तीर्णाभिघारित" नाम वाला होम करने का विचार हो उस समय मे इसक पहिले दो 'उपघात होम' करने

चाहिए। इस उपधात होम के करने के समय मे स्तुच् के मध्य मे प्रत्येक बार स्त्रुवा की धारा से चार बार घृत करना होगा। इस प्रकार से चार बार ग्रहण किये हुए आज्य को सर्व प्रथम "अग्नये स्वाहा"—इस मन्त्र से अग्निकुण्ड के मध्य मे होम करे फिर उत्तर मे 'सोमाय स्वाहा'—इस मन्त्र से अग्निकुण्ड के दक्षिण दिग्भाग मे पूर्व दिग्गत करके होम करना चाहिए। इसमे यह विशेषता है कि भृगुगोत्रोत्पन्न गण के प्रति होम मे पाच बार घृत को ग्रहण करना आवश्यक होता है।३-४।

अथ हविषउपस्तीर्य्यावद्यतिमध्यात्पूर्वार्द्धाच्चतुरवत्ती चेद्भवति मध्यात्पूर्वार्द्धात्पश्चार्द्धादितिपञ्चावत्तीचेद्भूवत्य भिघारयत्यवदानानिप्रत्यनक्तचवदानस्थानान्ययातयामता या अग्नयेस्वाहेतिमध्येजुहुयात्सकृद्वात्रिर्वैतेन-कल्पेन।५-१०।

उपघात होम के पीछे उसी स्त्रुव से एक बार घृत लेकर उसके पश्चात् भेक्षण से चरु को लेना चाहिए। इसकी कुछ विशेषता है कि यदि भृगु गोत्र का हो तो चरुस्थाली के मध्य भाग मे पाच बार चरु का पश्चार्ध से ग्रहण करना आवश्यक है और किसी दूसरे ही गोत्र का हो तो चरुस्थाली के मध्य मे पूर्वार्द्ध से केवल चार बार ही चरु को लेवे। इसके पश्चात् भेक्षण से जहा-जहाँ से चरु निकाले उसी स्थान को आज्य सिञ्चित कर देना चाहिए। जिससे याग के योग्य चरु बना रहे और शुष्क न हो सके। इसके उपरान्त उस ग्रहण किये हुए चरु के ऊपर घृत डालकर उसी घृत विशिष्ट चरु से 'अग्नये स्वाहा'—इस मन्त्र को पढ कर मध्य मे होम करे इसीको उपस्तीर्णाव धारित होम कहते है। ऐसे एक या तीन बार करे।५ १०।

अथस्विष्टकृत उपस्तीर्य्यावद्यत्युत्तरार्द्ध पूर्वार्द्धात्सकृदेवभूयिष्ठ द्विरभिघारयेद्यद्यत्र्चावत्ती स्याद्द्विरुपस्तीर्यावदायद्विरभिघारयेत् न प्रत्यनक्तचवदानस्थानयातया

मतायाअग्नयेस्विष्टकृते स्वाहेत्युत्तरार्द्धपूर्वार्द्धे जुहुयात् ।११-१४।

उपरि वर्णित होम के अनन्तर प्रकृत होम शेष होने पर स्विष्टकृत हवन करने को पूर्व की ही भाँति स्रुवा से घृत लेने पर चरुस्थाली मे चरु के उत्तरार्द्ध के पूर्वार्द्ध से केवल एक बार कुछ ज्यादा परिमाण मे चरु का ग्रहण करना चाहिए उसके ऊपर घृत का सिञ्चन करे भृगु गोत्र मे सम्पुत्पन्न को दो बार उपस्तरण करना चाहिए। पीछे दो बार चरु ग्रहण करके अभिधारण करे। इसके पश्चात् चरु की आवश्यकता नही रहा करती है। स्विष्टकृत् हवन के वास्ते चरु को लेकर फिर उस पर घृत का सिञ्चन आवश्यक नही होता है। फिर इससे 'अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा' इस मन्त्र से अग्नि के उत्तरार्ध के पूर्वार्द्ध मे होम करना चाहिए। इसी को स्विष्टकृत् होम कहा जाता है।११-१४।

महाव्याहृतिभिराज्येनाभिजुहुयात् । प्राक् स्विष्टकृत आवाप । गणेष्वेकम्परिसमूहनमिध्मोबर्हिपर्युक्षणमाज्यभागौ च सर्वेभ्य समवदायसकृदेवसौविष्टकृत जुहोति । हुत्वैतन्मेक्षणमनुप्रहरेत्प्रक्षाल्य वैतेनोद्धृत्य भुञ्जीत। न स्रुवमनुप्रहरेदित्येकआहु ।१५-२१।

भूर्भुव स्व. स्वाहा इस मन्त्र से घृत से होम करे—इसको महा हृ।ा ग्र हो र कहते है।१५। स्विष्ट कृत् होम के पूर्व मे ही आवाय अर्थात् दर्श पौर्ण मास का किम्वा विवाह आदि का प्रवृत होम करना चाहिए।१६।

जहा पर अधिक आवाप करने हो वहाँ पर आवापो के अधिक होने से इधर के ग्रहण करने आदि के कर्म्म अनेक बार नही किये जाते हैं और समस्त आवायो के लिये पूर्व की भाँति चरुके ग्रहण पूर्वक होम आदि शेष पीछे सबके अवसान मे केवल एक बार स्विष्ट कृत होम करे।१७-१८। किसी-किसी आचार्य का मत है कि कार्य के अन्त मे स्रुवा को धोकर रखना चाहिए फिर उसे अग्नि मे न देवे तोभी

कोई हानि नही होती है। इस स्विष्टकृत् होम के पश्चात् मेक्षण की आवश्यकता न रहे तो उसे अग्नि मे प्रक्षिप्त कर देना चाहिए अथवा ऐसा निश्चय होवे कि भोजन के लिये इसकी आवश्यकता है तो उसको धोकर रख लेवे और जब समय हो उसमे भोजन करे।१९-२१।

आग्नेय एवानाहिताग्नेरुभयोदर्शपोर्णमाशयो स्थालीपाकस्यादाग्नेयो वाग्नीषोमीयो वाऽऽहिताग्ने पौर्णमास्यायामैन्दो वैन्द्राग्नो वा माहेन्द्रो वा अमावास्यामपि वाऽऽहिताग्ने रप्युभयो दर्शपौणमासयोराग्नेय एवस्यात् ।२२-२५।

अव दर्शपौर्ण मास के आवाप मन्त्रो को बतलाते हैं यदि यजमान अग्नि होत्र करने वाला हो तो दर्श और पौर्णमास इन दोनो ही यागो मे अक्षये स्वाहा- इसी मन्त्र के द्वारा उपस्तीर्णाविधारित चरु का होम करना चाहिए । यदि वह आहिताग्नि हो तो पौर्णमाम याग के आवाय होम मे अग्नये स्वाहा या अग्नी षोमाभ्या स्वाहा इन मन्त्रो को प्रयोग मे लावे। अमावस्या याग मे इन्द्राय स्वाहा या इन्द्राग्नीभ्या स्वाहा—इन मन्त्रो को व्यवहार मे लाना चाहिए। अथवा आहिताग्नि न हो वह भी दश और पौर्णमास इन दोनो ही यागो मे अग्निहोत्री के ही समान अग्नये स्वाहा—इस मन्त्र के द्वारा ही आहुति देवे ।२२-२५।

समिधमाधायानुपर्युक्ष्ययज्ञबास्तु करोति तत एव बर्हिष कुशमुष्टिमादायाज्ये वा हविषि वा त्रिरवदध्यादग्राणि मध्यानि मूलानीत्यक्तँ रिहाणा व्यन्तु वय इत्यथैनमद्भिरभ्युक्ष्या नावप्यर्जयेद्य पशूनामधिपतीरुद्रस्तन्ति चरोवृषापशूनस्माक माहिँ सी रेतदस्तु हुतन्तव स्वाहेत्येतद्यज्ञवास्त्वित्याचक्षते ।२६-२९।

द॰ पौर्णमास यागों मे यह एक कार्य करना आवश्यक है और उस को यज्ञ वास्तु कहा जाता हैं। यह पूर्व मे उक्त समिधादान और पर्यु

क्षण आदि के कर्मों के पीछे होता है। इस का विधान यह है कि आस्तृत कुशाओ मे के समुदाय से एक मुट्ठी कुशा लेकर आज्य या चरु मे अक्तरिहाणा—इस मन्त्र का उच्चारण करके अग्र–मध्य–मूल के क्रम से तीन वार जल का सिञ्चन करे। उसके पीछे उसे जल स्वच्छ करके या पशूनामधिपति–इस मन्त्र के द्वारा उसे अग्नि मे छोड देना चाहिए–इसी को यज्ञ वास्तु कहते है।२६।

इति गोभिलगृह्य सूत्र समाप्त

पारस्करगृह्यसूत्रम् ।

प्रथम काण्ड

अथातो गृह्यस्थालीपाप ाना कर्म । परिसमुह्योप-लिप्योल्लिख्योद्धृत्याभ्युक्ष्याग्निमुपसमाधाय दक्षिणतो ब्रह्मासनमास्तीर्य प्रणीय पारस्तीर्यार्थवदासाद्य पवित्रे कृत्वा प्रोक्षणी सस्कृत्यार्थवत्प्रोक्ष्य निरुप्याज्यमधिश्रित्य पर्य ग्नि कुर्यात् । स्रुव प्रतप्य समृज्याभ्युक्ष्य पुन प्रतप्य निदध्यात् । आज्यमुद्वास्योत्पूयावेक्ष्य प्रोक्षणीश्च पूर्ववदु पयमनान्कुशानादाय समिधोऽभ्याधाय पर्युक्ष्य जुहुयात् । एष एव विधिय त्र क्वचिद्धोम ॥१॥

गृह्यस्थालीपाक अब गृह्यस्थाली पाको का कर्म बतलाया जाता है । परिसमूहन करके उपलेपन करे और उल्लेखन करके उद्धरण करे तथा अभ्युक्षण करके अग्नि का उपसमाधान करना चाहिए । दक्षिण भाग मे ब्रह्मासन को आस्तरण करके प्रणय करे और परिस्तरण करना चाहिये । अर्थात् पवित्री बनावे और प्रोक्षणी का सस्कार करे । अर्थवत् से प्रोक्षण करके निरुपया करे और घृत को अधिश्रिन करके पर्यग्नि करना चाहिये । स्रुव को प्राप्त करके निदध्याय करना चाहिये । आज्य को उद्वासित करके उत्पूयन और अवेक्षण करे और प्रोक्षणी को भी करे पूर्व की ही भाँति उपयमन कुशाओ को लाकर समिधाओ का अभ्याधान करे । तथा पर्युक्षण करके आहुतियाँ देनी चाहिये । यह ही विधि होती है जहाँ कही पर भी होम होता है ॥१॥

आवसथ्याधान दारकाले । दायाद्यकाल एकेषाम् । वैश्यस्य बहुपशोर्गृहादग्निमाहृत्य चातुष्प्राश्यपचनवत्सर्वम् । अरणिप्रदानमेके । पञ्चमहायज्ञा इति श्रुते । अग्न्याधेयदेवताभ्य स्थाली पाकं श्रपयित्वाऽऽज्यभागाविष्ट्वाऽऽज्याहुतीर्जुहोति । त्वन्नो अग्ने, स त्वन्नो अग्ने, इम मे वरुण, तत्त्वायामि, ये ते शतमया श्चाग्ने, उदुत्तमे, भवतन्न इत्यष्टौ पुरस्तात् । एवमुपरिष्टात्स्थालीपाकस्याग्न्याधेयदेवताभ्यो हुत्वा जुहोति । स्विष्टकृते च । आयास्याग्नेवषट्कृत यत्कमणाऽत्यरीरिच देवा गातुविद इति । बर्हिर्हुत्वा प्राश्नाति । ततो ब्राह्मणभोजनम् ॥२॥

द्वितीय कण्डिका मे दारकाल मे आवसथ्याधान होता है । एको के मत मे दायाद्य काल है । बहुत पशुओ वाले वैश्य के गृह से अग्नि का आहरण करके सब चातुष्प्राश्य पचनवत् है । एक लोग कहते हैं कि अरणि का प्रदान होता है । पञ्च महायज्ञ है—ऐसा श्रुति प्रतिपादन करती है । अग्नि आधेय देवताओ के लिये स्थाली पाक का श्रपन करके आज्य भाग को आविष्ट करके आज्य (घृत) की आहुतियो का हवन करता है । 'त्वन्नो अग्ने, सत्वन्नो अग्ने'' इन मन्त्रो से इस प्रकार ऊपर से स्थाली पाक का अग्न्याधेय देवताओ के लिये हवन करके आहुतियाँ देता है । और स्विष्टकृत में ऐसा ही करे । 'अथास्याग्नेवषट्कृत यत्कमणा त्यरीरिच देवा जातुविद' इस मन्त्र से वर्हि का हवन करके प्राशन करता है इसके अनन्तर ब्राह्मण भोजन होता है ॥२॥

षडर्घ्या भवन्त्याचार्य ऋत्विग्वैवाह्यो राजा प्रिय. स्नातक इति । प्रतिसवत्सरानर्हयेयु. । यक्ष्यमाणास्त्वृत्विज । आसनमाहार्याह साधु भवानास्तामर्चयिष्यामो भवन्तमिति । आहरन्ति । विष्टर पाद्य पादायमुदकमर्घमाचमनीय मधुपर्क दधिमधुघृतमपिहित कांस्ये कांस्येन

अन्यस्त्रिस्त्रि प्राह विष्टरादीनि । विष्टर प्रतिगृह्णाति ।
वर्ष्मोऽस्मि समानानामुद्यतामिव सूर्यं । इम तमभिति
ष्ठामि यो मा कश्चाभिदासति ॥ इत्येनमभ्युपविशति ।
पादयोरन्य विष्टर आसीनाय । सव्य पाद प्रक्षाल्य
दक्षिण प्रक्षालयति । ब्राह्मणश्चेद्दक्षिण प्रथमम् । विराजो
दोहोऽसि विराजो दोहमशीय मयि पाद्यायै विराजो
दोह इति । अर्घ प्रतिगृह्णाति आप स्थ युष्माभि
सर्वान्कामानवाप्नवानोति । निनयन्नभिमन्त्रयते, समुद्र
व प्रहिणोमि स्वा योनिमभिगच्छत । अरिष्टा अस्माक
वीरा मा परासेचिमत्पय इति । आचामत्यामागन्यशसा
सँसृज वचसा । त मा कुरु प्रिय प्रजानामधिपति पशू-
नामरिष्टि तनूनामिति मित्रस्य त्वेति मधुपर्कं प्रती-
क्षते । देवस्य त्वेति प्रतिगृह्णाति । सव्ये पाणौ कृत्वा
दक्षिणस्यानामिकया त्रि प्रयौति नम श्यावास्यायान्न-
शने यत्त आविद्ध तत्ते निष्कृन्तामीति । अनामिकाङ्गु-
ष्ठेन च त्रिर्निरुक्षयति । तस्यत्रि प्राश्नाति । यन्मधुनो
मधव्य परमँ रूपमन्नाद्यम् । तेनाह मधुनो मधव्येन
परमेण रूपेणान्नाद्येन परमो मधव्योऽन्नादोऽसानि ॥इति॥
मधुमतीभिर्वा प्रत्यृचम् । पुत्रायान्तेवासिने वोत्तरत
आसीनायोच्छिष्ट दद्यात् । सर्वं वा प्राश्नीयात् । प्राग्वाऽ-
सचरे निनयेत । आचम्य प्राणान्समृशति । वाङ्म आस्ये
नसो प्राणोऽक्षणोश्चक्षु कर्णयो श्रोत्र बाह्वोर्बलमूर्वोरोजो
ऽरिष्टानि मेऽङ्गानितनूस्तन्वा मे सह।इति।आचोन्तोदकाय
शासमादाय गौरिति त्रि प्राह । प्रत्याह । माता रुद्राणा
दुहितावसूनाथ स्वसाऽऽदित्यानाममृतस्य नाभि । चिकि-
तुषे जनाय मागामनागामदिति वधिष्ट । मम चामुष्य च
पाप्मानँ हनोमीति यद्यालभेत । अथ यद्युत्सिसृक्षेन्मम
चामुष्य च पाप्माहत ओमुत्सजत तृणान्यत्त्विति

ब्रूयात् । न त्वेवामासोऽर्घं स्यात् । अधियज्ञमधिविवाहं कुरुतेत्येव ब्रूयात् । यद्यप्यसकृत्संवत्सरस्य सोमेन यजेत कृतार्घ्या एवैनं याजयेयुर्नाकृतार्घ्या इति श्रुते ॥३॥

तृतीय काण्डिका मे मधुपर्क पूजा है—ये छै व्यक्ति अर्घ देने के योग्य होते हैं उनमे आचार्य—ऋत्विक्—वैवाह्य अर्थात् विवाह करने के योग्य प्रस्तुत वर—राजा—प्रिय—स्नातक प्रति सम्वत्सर ये पूजा के योग्य होते है। यज्ञादि मे जो यजन करने वाले होते है वे ऋत्विक् होते हैं। आसन का आहरण करके कहे—साधु, आप ठहरिये। हम आपका अभ्यर्चन करेगे। विष्टर—पाद्य—चरण धोने के लिये उदक—अर्घ—आचमनीय—मधुपर्क—दधि और आपिहित मधु घृत को काँस्य पात्र से काँस्य पात्र मे आहरण करते हैं। अन्य तीन-तीन बार विष्टरादि को बोलता है। विष्टर का प्रतिग्रहण करता है। उद्यत समानो को सूर्य की तरह मैं वर्ष्म हू। उस इसको मैं अभिस्थित करता हूँ, जो कोई मुझको अभिदास करता है। इससे इसको अभ्युपविष्ट करता है। पादो मे अन्य विष्टर आसीन के लिये देवे। सव्य चरण का प्रक्षालन करके दक्षिण चरण का प्रक्षालन करता है। यदि ब्राह्मण होतो प्रथम दक्षिण चरण को प्रक्षालित करना चाहिये। "विराजो दोहोऽसि" इस मन्त्र से प्रक्षालन करे। अर्घ का प्रतिग्रहण करता है। आप स्थित हैं आपके द्वारा अर्थात् जलो से सब कामो को प्राप्त करूँ—इस रीति निनयन करता हुआ अभिमन्त्रण करना है। आपको समुद्र मे प्रेरित करता हूँ। अपनी योनि को अभिगमन करे। "अरिष्टा अस्माक वीरा मा परासेचिमत्पय" इति—"आचामस्या मागन्यशसा सं सृज वर्चसा। त मा कुरु प्रिय प्रजानामधिपतिं पशूनामरिष्टिं तनूनाम् इति" 'मित्रस्य त्वेति" इससे मधुपर्क की प्रतीक्षा करता है। "देवस्य त्वा" इति—इससे प्रतिग्रहण करता है। सव्य पाणि (हाथ) मे करके दाहिने हाथ की अनामिका से तीन बार नमस्कार प्रयुक्त करता है। 'श्यावास्यायान्नशने यत्त आविद्ध तत्ते निष्कृन्ततामिति'

इससे अनामिका और अ गुष्ठ से तीन बार निरुक्षण करता है। उसको तीन बार प्राशन करता हैं। जो मधु का मधव्य परम रूप अन्नाद्य है। उससे मैं मधु के मधव्य से परम रूप से अन्नाद्य से परम मधव्य अन्नाद होऊँ। इति। अथवा मधुमतियो से प्रत्येक ऋचा मे करे। अपने पुत्र के लिये अथवा अन्तेवासी (छात्र-शिष्य) के लिये जो उत्तर की ओर आसीन है उच्छिष्ट देना चाहिये। अथवा सबका प्राशन करे। अथवा पहिले असचर मे निनयन करना चाहिये। आचमन करके प्राणो को समृष्ट करता है। "वाड्म आस्ये नसो प्राणोऽक्षणोश्चाक्षु कर्णयो श्रोत्र वाह्वोर्वलमूर्वोरोजोऽरिष्टानि मेऽङ्गानि तनूस्त्वन्वा मे सह" इति इससे आचान्तोदक के लिये शास को लेकर गौरिति तीन बार बोलता है। प्रति कथन करता है। माता रुद्राणा दुहिता वसूना ँ स्वस्तऽऽदित्या नाममृतस्य नाभि। प्रनुवोच चिकितुषे जनाय मागामनागामदिर्ति वधिष्ट। मेरा और इसके पाप्मा का हनन करता हू ऐसा कहे। इसके अनन्तर यदि उत्सिसृक्षा करे मेरा और इसका पाप्मा अहत है तो ओमुन्सृजन तृणानि यत्त्विति—यह बोलना चाहिए। नत्वेवा मा ँ सोऽर्घ स्यात्। अधियज्ञ और अधि विवाह कुरुत—इसमे इस प्रकार से बोलना चाहिये। यद्यपि कई बार सम्वत्सर के सोप के द्वारा यजन करे। अर्घ्य किय हुए ही इसका यजन करावे। जो कृतार्घ्य नही है वे नही करे—ऐसा श्रुति प्रतिपादन करती है ॥३॥

चत्वार पाकयज्ञा हुतोऽहुत प्रहुत प्राशित इति पञ्चसु बहि शालाया विवाहे चूडाकरण उपनयने केशान्ते सीमन्तोन्नयन इति। उपलिप्त उद्धतावोक्षितेऽग्निमुपसमाधाय। निमन्थ्यमेके विवाहे। उदगयन आपूर्यमाणपक्षे पुण्याहे कुमार्या पाणि गृह्णीयात्। त्रिषु त्रिषूत्तरादिषु स्वातौ मृगशिरसि रोहिण्या वा। तिस्रो ब्राह्मणस्य वर्णानुपूर्व्येण। द्वे राजन्यस्य। एका वैश्यस्य। सर्वेषा ँ शूद्रामप्येके मन्त्रवर्जम्। अथैना वास परिधापयति।

जरा गच्छ परिधत्स्व वासो भवाकृष्टीनामभिशस्तिपावा। शत च जीव शरद सुवर्चा रयि च पुत्राननुसव्ययस्वायुष्मतीद परिधत्स्व वास ॥ इति ॥ अथोत्तरीयम्। या अकृन्तन्नवयन्या अतवन्त। याश्चदेवीस्तन्तूनभितो ततन्थ। तात्स्वा देवीर्जरसे सव्ययस्वायुष्मतीद परिणत्स्व वास ॥ इति ॥ अथैनो समञ्जयति समञ्जन्तु विश्वेदेवा समापो हृदयानि नौ। सम्मातरिश्वा सधाता समुदेष्ट्री दधातु नौ॥ इति ॥ पित्रा प्रत्तामादाय गृहीत्वा निष्क्रामति। यदैषि मनसा दूर दिशोऽनु पवमानो वा हिरण्यपर्णो वैकण स त्वा मन्मनसा करोत्वित्यसाविति। अथैनौ समीक्षयति। अघोरचक्षुरपतिघ्न्येधि शिवा पशुभ्य सुमना सुवर्चा। वीरसूर्देवकामा स्योनाशन्नो भव द्विपदे श चतुष्पदे॥ सोम प्रथमो विविदे गधर्वो विविद उत्तर। तृतीयोऽग्निष्टे पतिस्तुरीयस्ते मनुष्यजा। सोमोऽददद्गन्धर्वाय गन्धर्वोऽददग्नये। रयि च पुत्रांश्चादादग्निर्मह्यमथो इमाम्। सा न पूषा शिवतमामेरय सा न ऊरू उशती विहर। यस्यामुशन्त. प्रहराम शेप यस्यामु कामा बहवो निविष्ट्या इति ॥ ४ ॥

चार प्रकार के पाक यज्ञ होते हैं—एक हुत होता है, दूसरा अहुत होता है, तीसरा प्रहुत हाता है और चौथा प्राशित है। पाँचो मे वाहिर शाला मे—विवाह मे, चूडाकरण मे, उपनयन मे, केशान्त मे और सामान्तोन्नयन मे होता है। उपलेयन किए हुए मे उद्धता वोक्षित मे अग्नि का उप समाधान करे। कतिपय मनीषियो का मत है कि विवाह मे निर्मन्थ्व होता है। उदगमन मे उत्तरायण सूर्य के होने पर आपूर्यमाण पक्ष मे किसी पुण्यमय दिन मे कुमारी का पाणिग्रहण करना चाहिए। पाणिग्रहण करने के लिए कतिपय नक्षत्र निश्चित किये हुए

हैं-तीनो उत्तराओ मे अर्थात् उत्तरा फाल्गुनी–उत्तराषाढा और उत्तरा भाद्रपदा- इन तीनो नक्षत्रो मे---स्वाती---मृगशिरा अथवा रोहिणी में पाणिग्रहण करना चाहिए। वर्णों की आनुपूर्वी से ब्राह्मणको तीनों का ग्रहण करना चाहिए---क्षत्रिय को केवल दो ही वर्णों वाली का विधान है---वैश्य केवल अपने ही वर्ण वाली एक कुमारी का पाणिग्रहण करने का अधिकार रखता है। कुछ विद्वानो का मत है कि मन्त्रो से रहित सभी वर्णों वाले शूद्र का भी पाणिग्रहण कर सकते हैं। इसके अनन्तर इसको "जरा गच्छ परिधत्स्व वासो भवाकृष्टीना ममि शस्ति पावा। शत च जीव शरद सुवर्चा रवि च पुत्राननु सव्ययस्वायुष्मतीद परिधत्स्व वास" इससे वसन का परिधायन करता है। इसके उपरान्त उत्तरीय वस्त्र अर्थात् शारिका के ऊपर आढने वाला दूसरा वस्त्र का परिध यन करे। उत्तरीय वस्त्र के परिधायन का मन्त्र यह है---"या अकृन्तन्नव यन्या अतन्वत। याश्च दवी स्तन्तूनभितो ततन्थ। तात्स्वा देवीर्जर से सव्ययस्वायुष्मतीद परिधत्स्व वास" यह है। इसके अनन्तर इन वोनो का समञ्जन करे। इसका मन्त्र यह है---"समञ्जन्तु विश्वे-देवा समापो हृदयानि नौ। सम्मातरिश्वा मधाता समुदेष्ट्री दधातु नौ॥ इति। पिता से प्रत्ता का लेकर ग्रहण करके निष्क्रमण करता है। निष्क्र-मण का मन्त्र यह है---"यदैदि मनसा दूर दिशोऽनु प वमानो वा हिरण्य पर्णो वैकम स त्वा मन्मनसा करोत्विवय सावित्ति"। इसके अनन्तर इन दोनो का समीक्षण करता है---मन्त्र निम्नलिखित है---"अघोर चक्षुर-पतिघ्वेयधि शिवा पशुभ्या सुमना सुवर्चा। वीरसूर्देव कामा स्योमा शन्नो भव द्विपदे श चतुष्पदे। सोम प्रथमो विविदे गन्धर्वोऽददद्ग्नये। रयि च पुत्रा श्चादादग्नि मह्यमथो इमाम्। सा न पूषा शिवतमा मेरय स्तन ऊरू उशती विहर। यस्मामुशन्त प्रहराम शेष यस्यामु कामा बहवो निविष्टया इति। ४।

प्रदक्षिणमग्नि पर्याणीयैके। पश्चादग्नेस्तेजनी
कट वा दक्षिणपादेन प्रवृत्योपविशति। अन्वारब्ध

आघारावाज्यभागौ महाव्याहृतय वंप्रायश्चित्त प्राजापत्यं स्विष्टकृच्च । एतन्नित्यं सव प्राङ् महाव्याहृतिभ्यः स्विष्टकृदन्यच्चेदाज्याद्धवि । सर्वप्रायश्चित्तप्राजापत्यन्तरमेतदावापस्थान विवाहे राष्ट्रभृत इच्छञ्जयाभ्याताताश्च जानन् । येन कर्मणेर्छेदिति वचनानात् । चित्त च चित्तिश्चाकूत चाकूतिश्चविज्ञातच विज्ञातिश्च मनश्चशवरीश्चदशश्च पौर्णमास च बृहच्च रथन्तर च। प्रजापतिजयानिन्द्राय वृष्णे प्रायच्छदुग्र. पृतना जयेषु । तस्मै विश समनमन्तस र्वा स उग्र स इहव्यो बभूव स्वाहेति । अग्निभूतानामधिपति स मावत्विन्द्रो ज्येष्ठाना यम पृथिव्या वायुरन्तरिक्षस्य सूर्यो दिवश्चन्द्रमा नक्षत्राणा बृहस्पतिर्ब्रह्मणो मित्र सत्याना वरुणोऽपां समुद्र स्रोत्यानामन्नं साम्राज्यानामधिपति तन्मावतु सोम ओषधीनाँ सविता प्रसवानाँ रुद्र पशूना त्वष्टा रूपाणाँ विष्णु पवताना मरुतो गमानामधिपतयस्ते मावन्तु पितर पितामहा परेऽवरे ततास्ततामहा । इह मावन्त्वस्मिन्ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रेऽस्यामाशिष्यस्या पुरोधायामस्मिन्कमण्यस्यादेवहूत्याँ स्वाहेति सर्वत्रानुषजति । अग्निरैतु प्रथमो देवताना सोऽस्यै प्रजा मुञ्चतु मृत्युपाशात् । तदयं राजा वरुणोऽनुमन्यता यथेयं स्त्री पौत्रमघ नरोदात्स्वा हा ।। इमामग्निस्त्रायता गार्हपत्य प्रजामस्मै नयतु दीघमायु । अशून्योपस्था जीवतामस्तु माता पौत्रमानन्दमभिविबुध्यतामियं स्वाहा ।। स्वस्ति नो अग्ने दिव आपृथिव्या विश्वानि धेह्ययथा यजत्र । यदस्या महि दिवि जात प्रशस्त तदस्मासु द्रविण धेहि चित्रं स्वाहा ।। सुगन्न पन्था प्रदिशन्न एहि ज्योतिष्मध्येह्यजरन्न आयु । अपतु मृत्युरमृत न आगाद्वैवस्वतो नो अभय कृणोतु स्वाहेति । पर मृत्यविति चैके प्राशनान्ते ।। ५ ।।

कुछ विद्वानो का मत है कि प्रदक्षिणा अग्नि का पर्याणयन करे। पीछे अग्नि के तेजनी अथवा कर को दाहिने पैर से प्रहृत करके उपविष्ट होता है। अन्वारब्ध आधार और दो आज्यभाग-महात्याहुतियाँ सर्व प्रायश्चित्त प्राजापत्य और स्विष्टकृत है। यह नित्य सर्वत्र है। पहिले महासाहुतियो से यदि अन्य स्विष्ट कृत हो तो आज्य (घृत) से हवि होनी चाहिए। सर्व प्रायश्चित प्राजापत्यान्तर यह है आवाय स्थान है कि बाद मे राष्ट्रभृत की इच्छा करता हुआ और जयाभ्याताओ को जानता हुआ करे। 'येन कमणा र्छे दिति' सन से ऐसा न करे। त्रित्त और चित्ति—आकूत और आकूति–विज्ञान और विज्ञप्ति–और मन–और शक्वरी–और दर्श–और पोर्ण मास—वृहत् और घन्तर हैं, "प्रजापतिजयानिन्द्राय वृष्णे प्रायच्छदुग्र वृतनाजमेषु। तस्मै विश समनमन्त सर्वा सञ्ग्र.म इह्व्यो बभूव स्वाहेति' यह मन्त्र है। "अग्निदेव भूतो के अधिपति है वह मेरी रक्षा करे। इद्र ज्येष्ठो का अधिपति है-यम पृथिवी का अधिपति है–वायु अन्तरिक्ष का अधिपति है। सूर्य दिव का है–चन्द्रमा नक्षत्रो का अधिपति है—बृहस्पति ब्रह्म का अधिपति है। मित्र सत्यो का अधिपति है–वरुण जलो का अधिपति है—समुद्र स्रोत्यो का अधिपति है—अन्न साम्राज्यो का अधिपति है वह मेरी रक्षा करे। औषधियो का सोम अधिपति है—सविता प्रसवो का अधिपति है–त्वष्टा पशुओ का अधिपति है। रूपो का अधिपति विष्णु है। मरुत पवतो का अधिपति है और गणो के अधिपति गण है वे सब मेरी रक्षा करे। पितर-पितामह– पर–अवर–ततास्तता यह सब मेरी रक्षा करे।" "इह मावन्त्व स्मिन्ब्रह्मणि अस्मिन क्षत्रेऽस्या माशिष्या पुरोधाया यस्मिन् कर्मण्यस्या देवहूत्या स्वाहा-इति–यह मन्त्र है। सर्वत्र अनुषजन करता है। देवताओ मे प्रथम अग्नि आवे। वह इसके लिये प्रजा का मोचन करे और मृत्युपाश से छुडावे। यह मन्त्र है—"तस्य राजा वरुणोऽनुमन्याता यथेय स्त्री पौत्रमघ नरोदात्स्वाहा" अर्थात् यह राजा वरुण ऐसी अनुमति प्रदान करे जिसमे यह स्त्री पौत्र देवे। "इमामग्नि स्त्रायता गार्हपत्य प्रजा मस्यै नयतु दीर्घमायु। अशून्योपस्था जीवता मस्तु माता

पौत्रानन्दमभि विवुध्यतामिय स्वाहा "अर्थात् यह गार्हपत्य अग्नि इस स्त्री की रक्षा करे और इसको दीर्घ आयु देवे। यह अशून्योपस्था माता जीवित रहे और यह पौत्रानन्द को प्राप्त करे। "स्वस्ति नो अग्ने दिव आपृथिव्या विश्वानि देह्ययथा यजत्र। यदस्या महि दिवि जात प्रशस्त तदस्मासु द्रविण धेहि चित्र स्वाहा" अर्थात् हे अग्निदेव! हमको सर्वत्र स्वस्ति अर्थात् कल्याण प्रदान करो जिससे यहाँ यजन करे। इस पृथिवी आदि मे सब प्रशस्त हुआ है अब आप हमको द्रविण प्रदान करो। "सुगन्न पन्था प्रदिन्न एहि ज्योतिष्मघ्ये ह्यजरन्न आयु। अपैतु मृत्यु रमृत न आगाद्वैवस्वतो नो अभय कृणोतु स्वा "इति—अर्थात् इसको सुगम मार्ग दिखलाते हुए आइये। ज्योतियो के मध्य मे आयु की वृद्धि हो और मृत्यु दूर जावे। वै वस्वत (यम) अमृत को प्राप्त करावें और हमको अभय प्रदान करे। कतिपय मनीषियो का मत है प्राशवान्त मे "परमृत्यविति" ऐसा होना चाहिए। ५।

कुमार्यी भ्राता शमीपलाशमिश्रॉल्लाजानञ्जलिनाऽञ्जलावावपति। ता जुहोतिस हस्तेन तिष्ठती अर्यमण देव कन्या अग्निमयक्षत। सनो अयमा देव प्रेतो मुञ्चतु मा पते स्वाहा"। इय नार्युपब्रूते लाजानावपन्तिका। आयुष्मानस्तु मे पतिरेधन्ता क्षातयो मम स्वाहा॥ इमॉल्लाजानावपाम्यग्नौ समृद्धिकरण तव। मम तुभ्य च सवनन तदग्निरनुमन्यतामिय स्वाहेति॥ अथास्यै दक्षिण हस्त गृह्णाति साङ्गुष्ठ गृभ्णामि ते सौभगत्वाय हस्त मया पत्या जरदष्टिर्यथा सः। भगो अर्यमा सविता पुरन्धिमह्य त्वादुर्गार्हपत्याय देवा। अमोऽहमस्मि सा त्वसा त्वमस्यमो अहम्। सामाहमस्मि ऋक्त्व द्यौरह पृथिवी त्वम्। तावेहि विवहावहै सह रेतो दधावहै। प्रजा प्रजनयावहै पुत्रान्विन्दावहै बहून् ते सन्तु जरदष्टय सप्रियौ

रोचिष्णू सुमनस्यमानौ । पश्येम शरद शत जीवेम शरद शतं शृणुयाम शरद शतमिति ॥ ६ ॥

कुमारी का भाई शमी (छाकर) और पलाश से मिश्रित लाजाओ (खीलो) को अञ्जलि से अञ्जलि मे आवयन करता है । 'ताजुहोति—हुतेन तिष्ठती अर्यमण देव कन्या अग्नि मयक्षत । सनो अर्यमा देव प्रेतो मुञ्चतु या पते स्वाहा" अर्थात् वह स्थित होती हुई कन्या उसका हवन करती है और अर्यमा देव एव अग्नि का यजन करती है कि वह अर्यमा देव मेरे पति का मोचन कर देवे । "इयनार्युप ब्रूते ला जाना वपन्ति का आयुष्मानस्तु म पति रेधन्ता ज्ञातयो मम स्वाहा" । अर्थात् लाजाओ का आवयन करती हुई नारी—कहती है कि मेरा पति आयुष्मान हावे और मेरे ज्ञाति के लोग वृद्धि को प्राप्त होवे । "इमा लाजाना वपाम्यग्नौ समृद्धि करण तव । मय तुभ्यच सवनम तदाग्नि रनुमन्यता मियं स्वाहेति" अर्थात् इन लाजाओ को अग्नि मे आवयन करती हू जो कि तुम्हारी समृद्धि का करने वाला है । यह अग्नि देव अनुमति देवे कि मेरा तुम्हारे लिये सवनम होवे । इसके अनन्तर इसके दाहिने हाथ का अगुष्ठ के सहित ग्रहण करता है और कहता है कि तेरे सौभगत्व के लिये तेरे हाथ को ग्रहण करता हू । मेरे पति के द्वारा वह हाथ जरदृष्टि के ही समान है । तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार से वृद्ध का सहारा यष्टि होती है उसी भाँति वह है । भग—अर्यमा—सविता पुरन्धि मेरे वास्ते दुर्गार्हपत्य के लिये देव हे । मै अम हूँ वह तू है मै अभ हूँ । वह कहती है मै अभा हूँ, तुम ऋक् हो, मै द्यौ हू तुम पृथिवी हो । व हम दोनो विवाहें करे साथ मे रेत धारण करे प्रजा को जन्म देवे और बहुत पुत्रो को प्राप्त करे । वे बुढापे की यष्टि होगे । इस प्रकार से दोनो सप्रिय, रोचिष्णु और सुमनस्यमान होवे । हम सौ वर्ष तक नत्रो से देखे—सौ वर्ष पयन्त जीवित रहे और सौ वर्ष तक श्रवण करे । प्रार्थना का तात्पर्य यह है कि सौ वर्ष के जावन मे हमारे चक्षु और कर्ण सबल सक्षम रहे । जिससे भली भाँति देख व सुन सके ।६।

अथैनामश्मानमारोहयत्युत्तरतोऽग्नेर्दक्षिणपादेन । आरोहेममश्मानमश्मेव त्वँ स्थिरा भव । अभितिष्ठ पृतन्यतोऽवबाधस्व पृतनायत. ॥ इति ॥ अथ गाथा गायति । सरस्वति प्रेदमव सुभगे वाजिनीवती । या त्वा विश्वस्य भूतस्य प्रजायामस्याग्रत ॥ यस्या भूतँसमभवद्यस्या विश्वमिद जगत् । तामद्य गाथा गास्यामि या स्त्रीणामुत्तम यश ॥ इति ॥ अथ परिक्रामत.—तुभ्यमग्रे पर्यवहन्सूर्या वहतुना सह । पुन पतिभ्यो जाया दाग्ने प्रजया सह ॥ इति ॥ एव द्विरपर चतुर्थं शूर्पकुष्ठया सर्वाल्लाँजानावपति भगाय स्वाहेति । त्रि परिणीता प्राजापत्यँ हुत्वा ॥ ७ ॥

इसके अनन्तर अग्नि के उत्तर भाग मे इस कुमारी का दाहिने पैर से पाषाण पर आरोहण कराता है। हम इस पाषाण पर आरोहण कराते है इसी अश्म (पाषाण) क समान तुम स्थिरा हो जाओ। पृतन्य से अभिस्थत हो जाओ और पृतनायत को अबवाधित करो । इति। इसके उपरान्त गाथा का गान करता है। हे सरस्वति! हे सुभगे! इसको रक्षित करो यह वाजिनीवती है । जिसको तुम इस विश्व भूत की प्रजा मे आगे रखने हो। जिसमे भूत समुत्पन्न हुआ और जिसमे यह विश्व जगत् है। आज उस गाथा को गाऊँगा जो स्त्रियो मे उत्तम यश है। इति। इसके अनन्तर परिक्रमण करते है। तेरे लिये बहुत के साथ आगे सूर्या को पर्यवहन करे। पुन प्रजा के साथ पतियो से जाया को आगे करे। इस प्रकार से अपर हो कर चतुर्थ को शूर्य कुष्ठा से सम्पूर्ण खीलो का भग के लिय आवपन करता है, स्वाहेति । तीन बार परिणीता का प्रजापत्य का हवन करे।७।

अथैनामुदीचीँ सप्त पदानि प्रक्रमयति । एकमिषे द्वे ऊर्जे त्रीणि रायस्पोषाय चत्वारि मायोभवाय पञ्च पशुभ्य षड् ऋतुभ्य सखे सप्तपदा

भव सा मामनुव्रता भव ॥ विष्णुस्त्वानयत्विति सर्वत्रानुषजति । निष्क्रमणप्रभृत्युदकुम्भं स्कन्धे कृत्वा दक्षिणतोऽग्नेर्वाग्यत स्थितो भवति । उत्तरत एकेषाम् । तत एना मूर्धन्यभिषिञ्चति । आप शिवा शिवतमा शान्ता शान्ततमास्तास्ते कृण्वन्तु भेषजम् ॥ इति ॥ आपोहिष्ठेति च तिसृभि । अथैनां सूर्यमुदीक्षयति तच्चक्षुरिति । अथास्यै दक्षिणांसमधि-हृदयमालभते मम । व्रते ते हृदय दधामि मम चित्तमनुचित्त ते अस्तु । मम वाचमेकमना जुषस्व प्रजापतिष्ट्वा नियुनक्तु मह्यम् ॥ इति ॥ अथैनामभिमन्त्रयते । सुमङ्गलीरिय वधूरिमां समेत पश्यत सोभाग्यमस्यै दत्त्वायाथास्त विपरेतनेति । ता दृढपुरुष उन्मथ्य प्राग्वोदग्वाऽनुगुप्तागार आनडुहेरोहिते चमण्युपवेशयति ॥ इह गावो निषिदन्त्विहाश्वा इह पूरुषा । इहो सहस्रदक्षिणो यज्ञ इह पूषा निषीदतु ॥ इति ॥ ग्रामवचन च कुर्यु । विवाहश्मशानयोर्ग्राम प्रविशनादिति वचनात् । तस्मात्तयोर्ग्राम प्रमाणमिति श्रुते । आचार्याय वर ददाति । गौर्ब्राह्मणस्य वर । ग्रामो राजन्यस्य । अश्वो वैश्यस्य । अधिरथशत दुहितृमते । अस्तमिते ध्रुव दर्शयति । ध्रुवमसि ध्रुव त्वा पश्यामि ध्रुवैधि पोष्ये मयि मह्य त्वादाद्बृहस्पतिर्मया पत्या प्रजावती सजीव शरद शतम् ॥ इति ॥ सा यदि न पश्येत्पश्यामीत्येव ब्रूयात् । त्रिरात्रमक्षारालवणाशिनौ स्यातामध शयीयातां सवत्सर न मिथुनमुपेयाता द्वादशरात्रं षड्रात्र त्रिरात्रमन्तत ॥ ८ ॥

इसके अनन्तर इसको उदीची मे सात पदो को युत्क्रामण कराता है। एक इष मे—दो ऊर्ज मे— तीन रायस्पोष के लिये—चार

मायोभव के लिये -पाच पशुओ के लिये—छै ऋतुओ के लिये करे। हे मखे ! सप्त पदो वाली हो जाओ। वह मेरे अनुव्रता हो जावे। विष्णु तुझको लावे—इससे सर्वत्र अनुषजन करता है। निष्क्रमण प्रभृति उद कुम्भ को कन्धे पर करके अग्नि की दक्षिण की ओर मौनव्रती होकर स्थित होना है। कुछ के मत मे उत्तर की ओर स्थित होवे ऐसा है। इसके अनन्तर इसके मूर्धा मे अभिषिञ्चन करता है—मन्त्र यह है जिसके द्वारा अभिषिञ्जन किया जाता है—"आप शिवा शिवतमा शान्ता शान्ततमा स्तास्ते कृण्वन्तु भेषषम्" इति अर्थात् येजल शिव है और अधिक मङ्गलमय हैं, ये शान्त है और अधिक शान्त हैं वे जल तेरे भेषज का कृण्वन करे । फिर "आपोहिष्ठा मयोभुवस्तानष्ऊर्जे दधातन । महेरणाय चक्षु से ।१। यो व शिवतमोऽत्पसतस्य भाजयते हव । उशतीखि मातर ।२। तस्माऽ अरङ्ग मामवो यस्य क्षयाय जिन्वथ । आपोजन यथाचन" ।३। इन तीनो मन्त्रो से अभिषिञ्जन करना चाहिए। इसके उपरान्त इसका "तच्चक्षुरिति" इस मन्त्र से सूर्य्य देव को दिखाता है। इसके अनन्तर इसके लिये दक्षिण की ओर मेरे हृदय के मध्य मे आलभन करता है। तेरे व्रत मे हृदय को धारण करता हूं, मेरा चित्त तेरे अनुनित्त होवे। मेरे वचन को एक मन वाली होकर सेवन करो, प्रजापति तुझको मेरे लिये नियुक्त करे। इति। इसके उपरान्त इसको अभिमन्त्रित करता है—यह वधू सुमङ्गली है। इसको सब एकत्रित होकर देखिये। इस वधू को सौभाग्य प्रदान कीजिए फिर जैसे आये थे जाइए। दृढ पुरुष उस वधू को उन्मथित करके पूर्व या उत्तर मे किसी अनगुप्त आगार मे अनड्वान् के रोहित चर्म्म पर उपविष्ट कराता है। यहाँ पर गोऐ बैठे और यहाँ पर अश्व तथा यहा पर पुरुष निषण्ण (उपविष्ट) होवें। यहाँ पर सहस्र दक्षिण वाला यज्ञ हो और यहा पर पूषा बैठें। इति। "विवाह श्मशानयो ग्रीम प्रविशवान्"—इस वचन से ग्राम वचन नही करना चाहिए। इससे उन दोनो का ग्राम प्रमाण है—यह श्रुति है। आचार्य्य के लिये वर देता है। ब्राह्मण का गौ वर होता है। क्षत्रिय का वर ग्राम होता है। वैश्य का वर अश्व होता है।

दुहितृमान के लिये शत अधिरथ है। अस्तमित होने पर ध्रुव को दिखाता है। मन्त्र यह है—"ध्रुवमसि ध्रुवत्वा पश्यामि ध्रुवैधि पोष्ये मयि मह्य त्वा हाद् बृहस्पति मया पत्या प्रजावती सजीव शरद शतम्" इति। अर्थात् आप ध्रुव हैं ध्रुव आपको देखना हू, ध्रुव के द्वारा अधिपोष्य मुझमे मेरे लिये बृहस्पति ने दिया था, मुझ पति के द्वारा प्रजावती सौ वर्ष तक जीवित रहो। यदि वह न देखे तो देखती हैं यह ही बोलना चाहिए। तीन रात्रि तक अक्षार लवणाशी दोनो होवे। नीचे भूमि पर शयन करे। एक सम्वत्सर पर्यन्त मिथुनी भाव को प्राप्त न होवे अर्थात् मैथुन न करे। अन्तत बारह रात्रि तक—छं रात्रि तक और तीन रात्रि तक इस नियम का परिपालन करना चाहिए।८।

उपयमनप्रभृत्यौपासनस्य परिचरणम्। अस्तमितानुदितयोर्दध्ना तण्डुलैरक्षतैर्वा। अग्नये स्वाहा प्रजापतये स्वाहेति सायम्। सूर्याय स्वाहा प्रजापतये स्वाहेति प्रात। पुमाँसौ मित्रावरुणौ पुमामाश्विवनाबुभौ। पुमानिन्द्रश्चसूर्यश्च पुमाँसवर्तता मयि पुन स्वाहेति पूर्वां गर्भकामा॥ ६ ॥

उपयमन प्रभृति औपासन का परिचरण सूर्य के अस्तमित और उदित होने पर दोनों समयो मे दधि से तण्डुलो से अथवा अक्षतो के द्वारा करे। सायङ्काल मे "अग्नये स्वाहा—प्रजापतये स्वाहा" इनसे करे प्रात काल मे "सूर्याय स्वाहा—प्रजापतये स्वाहा"—इनसे करना चाहिए। "पुमात् सौ मित्रावरुणौ पुमा सावश्विना बुभौ। पुमा निन्द्रश्च सूर्यश्च पुमाँ सवर्त्तया मयि" पुन स्वाहेति पूर्वां गर्भ कामा। अर्थात् मित्रावरुण पुमान् है—दोनो अश्विनीकुमार भी पुमान् हैं—इन्द्र और सूर्य्य भी पुमान् है, ये सब मुझमे प्रवर्त्तन करे। पूर्वा गर्भ की कामना रखने वाली 'स्वाहा'—यह कहे।६।

राज्ञोऽक्षभेदे नद्धविमोक्षे यानविपर्यासेऽन्यस्या वा व्यापत्तौ स्त्रियाश्चोद्वहने तमेवाग्निमुपसमाधायाज्य-संस्कृत्येहरतिरिति जुहोति नानामन्त्राभ्याम्। अन्य-

स्थानमुपकल्प्य तत्रोपवेशयेद्राजान ँ स्त्रिय ,वा प्रतिक्षत्र इति यज्ञान्तेनात्वाहार्षमिति चैतया । धुर्यौ दक्षिणा । प्रायश्चित्ति । ततो ब्राह्मणभोजनम् ॥ १० ॥

राजा ने अक्षभेद मे-नद्ध विमोक्ष मे-यान के विपर्यास मे अथवा अन्य व्यापत्ति मे और स्त्री के उद्वहन मे उसी अग्नि का उप समाधान करके आज्य (घृत) को सस्कार करके इह रति ।रति—इससे हवन करता है और नाना मन्त्रो से करता हैं। अन्य स्थान की उप कल्पना करके उस पर राजा को बिठाना चाहिए अथवा स्त्री को प्रतिक्षेत्र मे बिठावे। इति 'यज्ञान्तेना त्वाहावम्'' इस ऋचा स करे।। दो धुर्य दक्षिणा है। प्रायश्चित्ति करे और इसके अनन्तर ब्राह्मणो को भोजन करावे। १० ।

चतुर्थ्यामपररात्रेऽभ्यन्तरतोऽग्निमुपसमाधाय दक्षिणतो ब्रह्माणमुपवेश्योत्तरत उदपात्र प्रतिष्ठाप्य स्थालीपाकँ श्रपयित्वाऽऽज्यभागाविष्ट्वाऽऽज्याहुतीर्जुहोति । अग्ने प्रायश्चित्ते त्व देवाना प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा नाथकाम उपधावामि याऽस्यै पतिघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा। वायो प्रायश्चित्ते त्व देवाना प्रायश्चित्ति-रसि ब्राह्मणस्त्वा नाथकाम उपधावामि याऽस्यै प्रजाघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा । सूर्य प्रायश्चित्ते त्व देवाना प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा नाथकाम उपधावामि याऽस्यै पशुघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा । चन्द्र प्राय-श्चित्ते त्व देवाना प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा नाथ-काम उपधावामि याऽस्यै गृहघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहा। गन्धव प्रायश्चित्ते त्व देवाना प्रायश्चित्तिरसि ब्राह्मणस्त्वा नाथकाम उपधावामि याऽस्यै यशोघ्नी तनूस्तामस्यै नाशय स्वाहेति । स्थालीपाकस्य जुहोति प्रजापतये स्वाहेति । हुत्वा हुत्वैतासामाहुतीनामुदपात्रे

पाणिग्रहण संस्कार मे " अग्नि रेतु प्रथम०" इत्यादि छ मन्त्रो से हवन करे । जहाँ इस बात का स्पष्ट निर्देश न किया गया हो कि अमुक मन्त्रो मे इस प्रकार हवन किया जाय वहाँ "आज्य-भाग" और स्विष्ट कृत" होम न किया जाय । सभी हवन कृत्यो मे उस अवसर पर विहित हवन करने के पश्चात् महाव्याहृति से हवन करना चाहिये । फिर "प्रजापते न स्वदेनानि" मन्त्र से भी हवन करे । जहाँ कहीं किसी कारण वश प्रायश्चित की आवश्यकता हो वहाँ प्रायश्चित्तीय आहुतियाँ भी दी जाये । महाव्याहृति होम पूर्ण हो जाने पर वर और बधू दोनो एक साथ उठे । उठते समय वर का दाहिना हाथ कन्या की पीठ पर होकर दाहिने कन्धे पर और कन्या का बाँया हाथ वर की पीठ पर होकर बाँये कन्धे पर रहे । फिर पति बहू की पीठ की ओर होकर दाहिनी ओर जाकर उसकी अंजलि पकड कर उत्तर की ओर मुँह करके बैठे । उस समय कन्या की माता अथवा भाई शमी या पलाश के पत्ते मिला लावा सूप मे लेकर अग्नि के पूर्व भाग मे खडे रहे । तब अग्नि के पश्चिम भाग मे रखे सिल लोढी पर बाये हाथ से अंजलि को पकडे रह कर दाहिने पैर को रखे और पूर्व से ईशान कोठा की ओर चलावे । उस समय पति "इममश्मानमारोहा०" इत्यादि मन्त्र पढता जावे । तब बहू का भाई सूप मे रखे लावा मे मे एक अंजलि लावा एक बार मे देवे ॥११–२०॥

सुहृद्वा कश्चित् ।२१। तं साऽग्नो जुहुयादविच्छिद्या-ञ्जलिं इयं नारीति ।२२। अयमणं पूषणमित्युत्तरयो ।२३। हुते तेनैव गत्वा प्रदक्षिमग्निं परिणयेत् कन्यला पितृभ्य इति ।२४। अवस्थानप्रभृत्येव त्रि ।२५। शूर्पेण शिष्टा-नग्नावोप्य प्रागुदीचीमुत्क्रमयेत् एकमिष इति ।२६। ईक्षकावेक्षणरथारोहणदुर्गानुमन्त्रणान्यभिरूपाभि ।२७।

अपरेणाग्निमौदको गत्वा पाणिग्राहं मूर्धन्यवसिञ्चेत् ।२८। बधू च ।२९। समञ्जन्त्वित्यवसिक्त ।३०। दक्षिण पाणि सागुष्ठं गृह्णीयात् गृभ्णामि ते इति षड्भि ।३१।

यदि बहू का कोई भाई न हो तो यह लावा देने का कार्य कोई अन्य रिश्तेदार करे। उस भाई या सम्बन्धी व्यक्ति से लावा को ग्रहण करके बहू इस प्रकार सावधानी से अग्नि मे आहुति दे जिससे उसकी अंजलि अलग-अलग न हो जाय। उस समय "वर इय नारी०" मन्त्र का जप करे। इस प्रकार वेदज्ञ पति ने जिस प्रकार गमन किया था उसी प्रकार कन्या को आगे-आगे लेकर अग्नि की प्रदक्षिणा कराते हुये "कन्यलापितृभ्य" इस मन्त्र का पाठ करके कन्या को परिणीता करे। अर्थात् कन्या जो पत्नी बनकर पति ग्रह को प्राप्त करती है यह उसको समझा देवे। इस प्रकार परिणीता हो जाने पर दो बार फिर पूर्ववत् अवस्थान, अश्मारोहण, लजावपन, लाजा-होम करे, पर इन दो बार मे पहले मन्त्रो को न पढे, वरन् उनके स्थान पर "अयमणनुदेव" एव पूषण" इन दो मन्त्रो का पाठ करे। तीन बार होम करने से बचा हुआ लावा आदि को सूप मे लेकर बिना मन्त्र पढ़े अग्नि मे डाल दे और ईशान कोण मे 'एकामिषे" इत्यादि ६ मन्त्रो को पढ कर बहू को यथाक्रम सात पग इस भाँति चलावे जिसमे बहू का दाहिना पग आगे चले और बाँया पीछे पीछे पर बाँया पैर दाहिने पैर मे न जाय। बहू को देखने आये व्यक्तियो (ईक्षको) वधू निरीक्षण वहू को पति-गृह जाने के लिये रथ पर चढना, मार्ग के भय का निवारण आदि के अनुरूप मन्त्रो को पढ़े। जैसे देखने वाले "सुमङ्गली" इत्यादि मन्त्र पढ़े, बहू के रथ पर चढने समय "सुकिंशुकम" और मार्ग मे जहाँ भय हो वहाँ "मा विदन्०" आदि मन्त्र पढ़े जाये। तत्पश्चात् कोई जल-वाहक अग्नि के पश्चिम भाग मे वर और बधू के मस्तक पर जल के छीटे दे। उस समय वर-बधू दोनो एक साथ "समञ्जन्तु०" मन्त्र पढ़े। पति उस जलसिक्त वधू की अञ्जलि को बाँये हाथ से पकड कर अपने

पास कुछ ऊपर उठावे और दाहिने हाथ से उसके अँगूठा सहित दाहिने हाथ को पकड कर 'गृभ्णामिते' इत्यादि विवाह के छ मन्त्रो को पढ़े । और अग्नि की प्रदक्षिणा क्रम से घूम कर होम करके वाम देव्य गान तक सब क्रियाएँ करे। २१-३१ ।

चतुर्थ खण्ड

प्रागुदीचीभुद्वहेत् ।१। ब्राह्मणकुलेऽग्निमुपसमाधाय पश्चादग्नेर्लोहित चर्मानडुहमुत्तरलोम प्राग्ग्रीवमास्तीर्य वाग्यतामुपवेशयेत् ।२। प्रोक्ते नक्षत्रेऽन्वारब्धाया स्रुवेणोपघात जुहुयात् षड्भिर्लेखाप्रभृतिभिस्सम्पातानवनयन् मूर्धनि वध्वा ।३। प्रदक्षिणमग्नि परिक्रम्य ध्रुव दर्शयति ध्रुवाद्यौरिति ।४। अभिवाद्य गुरून् गोत्रेण विसृजेद्वाचम् ।५। गौर्दक्षिणा ।६। अत्रार्घ्यम् ।७। आगतेष्वित्येके ।८। त्रिरात्र क्षारलवणे दुग्धमिति वजयानौ सह शय्याता ब्रह्मचारिणौ ।९। हविष्यमन्न परिजप्यान्न पाशेनेत्यसाविति वध्वा नाम ब्रूयात् ।१०।

होम समाप्त हो जाने पर बधू और स्थापनार्थ अग्नि को ईशान कोण मे पहुँचावे । यदि विवाह क्षत्रिय आदि को हो और उसका अपना घर दूर होतो ईशान कोण मे ब्राह्मण का जा घर समीप हो उसी घर मे उत्तर विवाह (चतुर्थी कर्म) कर्म के लिये अग्नि स्थापन करे । उस स्थापित अग्नि के पश्चिम भाग मे चर्मासन विछाये । उस पर बहू को बिठादे और वह अतिरिक्त बाते न करे । यदि बादल आदि के कारण नक्षत्र न दिखाई पडें तो ज्योतिष द्वारा ज्ञात नक्षत्रोदय काल मे "लेखा

सन्धिषु०" इत्यादि छ मन्त्रों के द्वारा बधू को "अन्वाब्ध" करे, अर्थात् स्रुवा से छ आहुतियाँ दे और प्रत्येक आहुति के अन्त मे बधू के शिर पर घी टपका देवे । होम के पश्चात् वर बधू बाहर निकले और पति बधू को ध्रुव का दर्शन कराते हुए "ध्रुवाद्यौ०" मन्त्र का उच्चारण करे । तब बधू अपने नाम के साथ पति के गोत्र का नाम जोड कर पति का अभिवादन करे और जो अतिरिक्त न बोलने का नियम था उसे छोड दे । विवाह यज्ञ के उपलक्ष्य मे ब्राह्मण को एक गौ दक्षिणा स्वरूप प्रदान करे । इस अवसर पर विवाह करने वालो तथा अपनी अपनी जाति वालो को कन्यादान करने वाला अर्घ्य दे । अन्य आचार्यों के मतानुसार जब विवाह के लिए बधू के घर आये तब अर्घ्य दे । जिस दिन विवाह कार्य हो उस दिन से तीन रात्रि तक वर-बधू नामक, दूध आदि छोडकर हविष्यान्न का भोजन करे और मैथुन न करते हुए एक शैया पर शयन करे । तीन दिन-रात वर बधू को हविष्यान्न भोजन करना होता है । उस अवसर पर जब भोजन लाया जाय तब "अन्नपान मणिना" मन्त्र उच्चारण करके "यह है" ऐसा कह कर पति बहू का नाम बोले ॥१-१०॥

भुक्त्वोच्छिष्ट वध्वै दद्यात् ।११। ऊर्ध्व त्रिरात्रा-च्चतसृभिराज्य जुहुयात् अग्ने प्रायश्चित्तिरिति समस्त पञ्चमी सम्पातानवनयन्नुदपात्रे ।१२। तेनैना सकेशन-खामाप्लावयेत् ।१३। नतो यथार्थ स्यात् ।१४। ऋतुकाले दक्षिणेन पाणिनोपस्थमालभेद्विष्णुर्योनि कल्पयन्त्विति समाप्तायाम ।१५। सम्भवेद्गर्भ धेहीति ।१६।

भोजन करने पर जा शेष रहे उसे उसे बधू ग्रहण करे । "लेखा होम" पूरा हो जाने पर "सुकिंशुकम्०" पढकर बधू को रथ पर चढावे और अग्नि को साथ मे रखले । मार्ग मे जहा भय हो वहाँ "माविदन्" मन्त्र को बोले और घर मे प्रवेश करके "इह गाव" मन्त्र पढ़े । तब । शैया पर बैठ कर "इह धृति०" मन्त्र का उच्चारण करे और उसी शैया

पर तीन रात्रि तक वर-वधू मैथुन रहित होकर शयन करे । इसके पश्चात् चौथे दिन, दिन के आरम्भिक भाग मे "प्रपदान्त' तक समस्त विधि से बहू अन्वारब्ध होकर महाव्याहृतियो से तीन आहुतियाँ दे और चौथी बार समस्त महाव्याहृति को बोल कर आहुति डाले । उस अवसर पर "अग्ने प्रायश्चित्ति०"आदि मत्रो को बोले । इसमे विशेषता यह है कि प्रथम आहुति के बाद दूसरी आहुति मे 'अग्नि" के स्थान पर "वायु, चन्द्र और सूर्य" का नाम ले और पाँचवी आहुति मे "अग्नि, वायु, चन्द्र और सूर्य" इन चारो देवताओ को एक ही बार मे सम्बोधन करे । इस लिये मन्त्र मे जितने वचन आवे उनको बहुवचन करके पढे । इन पाँच "प्रायश्चित्त आहुतियो" मे से बचने वाले घी को एक चमस मे रक्षित रखे । साथ मे लाये जल मे पति बधू को शिर सहित स्नान करावे और 'वामदेव्य" तक गान करके ब्राह्मण भोजन करावे । इसके पश्चात् जो अन्य कार्य अवसर के अनुकूल हो उनको वर बधू करे । जब स्त्री का मासिक धर्म हो उस दिन से १६ (सोलह) रात्रि ऋतुकाल कहा जाता है । उसमे से प्रथम चार रात्रि नि द्य मानी गई है । एकादशी और त्रयोदशी सभोग के लिये निषिद्ध है । शेष १० रात्रि शुद्ध मानी गई है । इनमे जिसे पुत्र की इच्छा हो वह सम तिथियो (जैसे द्वितीया, चतुर्थी आदि) मे बहू के पास सम्प्रयोग के लिये जाय और जिसे कन्या की इच्छा हो वह विषय तिथियो मे (जैसे तृतीया, पचमी आदि) मे जाय। ऋतुकाल मे पति पहले "विष्णुर्योनिकल्पयतु०" तथा "गर्भं धेहि सिनीवालि०" मत्रो को पढकर दाहिने हाथ से वधू की जननेन्द्रिय का अभिमर्शन करके मैथुन कर्म मे प्रवृत्त हो ॥११ १६॥

पञ्चम खण्ड

यस्मिन्नग्नौ पाणिं गृह्णीयात्स गृह्यः ।१। यस्मिन्वाऽन्त्या समिधमादध्यात् ।२। निर्मन्थ्यो वा पुण्यस्सोऽनर्धुकः ।३। अम्बरीषाद्वाऽऽनयेत् ।४। बहुयाजिनो वाऽगाराच्छूद्रवजम् ।५। सायमाहुत्युपक्रमं परिचरणम् ।६। प्रागस्तमयोदयाभ्यां प्रादुष्कृत्य ।७। अस्तमिते होमः ।८। उदिते चानुदिते वा ।९। हविष्यस्यान्नस्याकृतं चेत् प्रक्षाल्य जुहुयात्पाणिना ।१०।

विवाह-संस्कार मे जिस अग्नि का प्रयोग किया जाता है उसी को "गृह्य" कहा जाता है। अथवा जिस अग्नि से ब्रह्मचारी का समावर्तन संस्कार होता है उसको "गृह्य" कहते है। उपर्युक्त दोनो प्रकार की अग्नियाँ जो अरणि काष्ठ द्वारा मन्थन करके उत्पन्न की जाती है, वे परलोक के लिये हितकारी होती है, लौकिक दृष्टि से सम्पत्ति दाता नही होती। अथवा इन संस्कारो के अवसर पर हलवाई की भट्टी मे से अग्नि लावे। अथवा देवताओ की पूजा करने वाले और यज्ञ करने वाले के घर से अग्नि लावे और उसी से विवाह-संस्कार या समिदाधान करे। इस प्रथम बार आहुति दान करने के पश्चात् अन्य दिनो मे भी उसी 'गृह्य अग्नि" मे सायं प्रातः हवन किया जाय। सायंकाल को सूर्यास्त से पहले और प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व अग्नि को भली प्रकार प्रज्ज्वलित करके सूर्योदय होने समय हवन कर्म करे। अगर चावल या फलो का हवन करना हो तो उनको अच्छी तरह धोकर भीगे रहते ही हवन करे ॥१–१०॥

दधि चेत्पयो वा कंसेन ।११। चरुस्थाल्या वा ।१२। अग्नये स्वाहेति मध्ये ।१३। तूष्णीं प्रागुदीचीमुत्तराम् ।१४। सूर्यायेति प्रातः पूर्वाम् ।१५। नात्र परिसमूहनादीनि पर्युक्षणवर्जम् ।१६। पत्नी जुहुयादित्येके ।१७। गृहा

पत्नी गृह्योऽग्निरेष इति ।१८। सिद्धे सायप्रातर्भूत-मित्युक्त ओमित्युच्चैर्ब्रूयात् ।१९। माक्षा नमस्त इत्यु-पाशु ।२०।

यदि दूध, दही, यवागू से हवन करना हो तो उनको धोना आवश्यक है। उनको किसी पात्र मे रख कर स्रुवा से हवन करे। पहली आहुति "अग्नये स्वाहा" कह कर सायकाल के समय दे और दूसरी बिना म त्र पढे ईशान कोण मे दे। दूसरी आहुति ईशान कोण मे बिना म त्र के ही दे। प्रात कालीन हवन मे "सूर्याय स्वाहा' बोल कर आहुति दे। प्रात काल और सायकाल के हवन मे परिसमूहन और पर्युक्षण करने की आवश्यकता नही होती। कुछ आचार्यों का मत है कि पत्नी ही हवन करे क्योकि पत्नी को गृह्या कहते है और इस अग्नि का नाम भी "गृह्य' है। अतएव पत्नी ही दोनो समय हवन किया करे। प्रात काल और सायकाल जब भोजन बन जाय और पाक करन वाला कहे कि "तैयार हो गया" तो गृह स्वामी '३ॐ' का उच्चारण करे। उसी समय हवन किया जाय। हवन के समय यज्ञ कर्ता कर्म काण्ड सम्बन्धी बात ही करे अन्य लौकिक विषयो की चर्चा न करे। यदि लौकिक बात करने मे आ जाय तो प्रति बार 'तस्मै तन्माक्षा " मन्द स्वर मे मन मे कहे और ऊँचे स्वर मे "ॐ" कहे ॥१९–२०॥

हविष्यस्यान्नस्य जुहुयात् प्राजापत्य सौविष्टकृत च ।२१। बलीन्नयेत् ।२२। बहिरन्तर्वा चतुर्निधाय ।२३। मणिकदेशे ।२४। मध्ये ।२५। द्वारि ।२६। शय्यामनु ।२७। वर्च वा ।२८। अथ सस्तूपम् ।२९। एकैकमुभयत परिषिञ्चेत् ।३०।

भोजन सामग्री बन जाने पर उसमे से थोडा सा लेकर हविष्य व्यजन के साथ उसी अग्नि मे बिना मत्र पढ़े एक आहुति देवे। इस आहुति

आहुतिमे स्रुवा आदि की आवश्यकता नही होती, यो ही हाथसे दे। फिर 'प्रजापतये स्वाहा' मन मे कह कर एक आहुति दे और 'स्विष्टकृते स्वाहा' मत्र से दूसरी आहुति देवे। तत्पश्चात् निम्न स्थानो मे 'बलि' रखे, यह बलि घर के भीतर या भीतरी घर के बाहर चार स्थानो मे रखी जाती है। एक जल देवता के लिये जहाँ घर मे व्यवहार आने वाला जल रखा जाता हो, दूसरी भीतरी घर के बीच मे, तीसरी भीतरी घर के दरबाजे पर, चौथी सोने के स्थान मे शैया के समीप इनके अतिरिक्त जहाँ घर का कूडा बुहार कर रखा जाता हो वहा एक बलि रखे। एक घर मे पहले से स्थापित स्थूण (खूटा) की समीप रखे। ये सब बलियाँ एक ही पात्र मे से थोडा-थोडा लेकर रखता जाय और रखने से एक बार पहले और एक बार बाद मे उस स्थान पर जल छिडके ॥ २१-३० ॥

शेषमद्भिस्सार्धं दक्षिणा निनयेत् ।३१। फलीकरणानामपामाचामस्वेति विश्राणिते ।३२। पृथिवी वायु प्रजापतिर्विश्वेदेवा आप ओषधिवनस्पतय आकाश कामो मन्युर्वा रक्षोगणा पितरो रुद्र इति वलिदैवतानि ।३३। तूष्णी तु कुर्यात् ।३४। सर्वस्य त्वन्नस्यैतत्कुर्यात् ।३५। असकृच्चेदेकस्मिन् काले सिद्धे सकृदेव कुर्यात् ।३६। बहुधा चेद्यद्गृहपते ।३७। सर्वस्य त्वन्नस्याग्नौ कृत्वाऽग्र ब्राह्मणाय दत्वा स्वय कुर्यात् ।३८। ब्रीहिप्रभृत्या यवेभ्यो यवेभ्योवाऽऽब्रीहिभ्य स्वय हरेत् ।३९।

उसके पश्चात् पात्र मे बचे हविष्यान्न को हाथ धोकर हाथ की पैत्र अगुली से दक्षिण की ओर फेके। वह बलि पितृगण के लिये होती है। एक बलि जौ या चावल के मांड से तैयार करे और 'रुद्राय नम' मत्र पढ कर रुद्र देवता के नाम पर ईशान कोण मे देवे। उपर्युक्त समस्त बलियो के देवता इस प्रकार होते है—पृथिवी, वायु, प्रजापति,

विश्वेदेवा, आप ओषधि, वनस्पति, आकाश, काम या मन्यु, रक्षोगण, पितर और रुद्र। इन देवताओ के नाम मन मे लेकर बलि देवे। जैसे 'पृथिव्यै नम' 'वायवे नम 'विश्वेभ्यो देवेभ्यो नम' 'अद्भ्यो नम' 'औषधि वनस्पतिभ्यो नम' 'आकाशाय नम' 'मन्यवे नम' 'रक्षोगणेभ्यो नम' 'पितृभ्यो नम' 'रुद्राय नम'— इनको मन मे स्मरण करते हुए अलग अलग बलि रखता जाय। पितृ कार्य के लिये हो, या ब्राह्मण भोजनादि कल्याण कार्य के लिए हो, या अपने खाने के लिए हो सब प्रकार के अन्न से बलि दे सकते है। यदि घर मे प्रयोजन वश कई बार भोजन बनाया जाय तो बलि-कर्म केवल एक ही बार करना चाहिये। यदि मकान मे एक वश के व्यक्ति अपना भोजन पृथक्-पृथक् बनाते हो तो उन सब मे जो ज्येष्ठ या प्रमुख हो वही बलि कर्म करे। तो एक को करने की आवश्यकता नही। यदि एक घर मे अनेक व्यक्ति अपना भोजन बनाने वाले रहते हो जिसका भोजन सबसे पहले तैयार हो वही अग्नि मे थोडा अन्न डालकर पके अन्न मे से पहले ब्राह्मण को या श्रेष्ठ अतिथि को देकर फिर स्वय भोजन करे। 'काम्य बलि' का आशय यह है कि यदि अपने को बहुत समय तक जीने की इच्छा हो तो एक बलि दे जिसको 'आशस्थ' कहा जाता है। इसके लिए जिस समय तक हेमन्त ऋतु का धान्य शस्य (खेत मे उगा हुआ धान) तैयार न हो तो तब तक, यव के अन्न होने के पहले और बाद मे, धान्य की उत्पत्ति के निकट एक बलि देवे।

वाराह गृह्यसूत्रम् ।

प्रथम खण्ड

प्राङ्मुखमुदङ्मुख वा सूतिकालय कल्पयित्वा 'ध्रुव प्रपद्ये शुभ प्रपद्ये' इति काले प्रपादयेत् ।१। 'रेतो मूत्र' मिति च्यावनीभ्यां दक्षिणकुक्षिमभिमृशेत् ।२। श्रावयेद्वा पुत्र जातमन्वक्ष स्नात न मातोपहन्यात् आमन्त्र प्रयोगात् ।३। अग्नेरभ्याहितस्य परिसमूढस्य परिस्तीर्णस्य पश्चादहते वाससि कुमार प्राक्शिर-समुत्तान सवेश्य पालाशस्य मध्यमपर्ण प्रवेष्ट्य तेनास्य कर्णावाजपेत् ।४। 'भूस्त्वयि दधामी' ति दक्षिणे 'भुव-स्त्वयि दधामी' ति सव्ये 'स्वस्त्वयि दधामी' ति दक्षिणे भूर्भुव स्वस्त्वयि दधामि' ति सव्ये ।५। अथैनमभिम-न्त्रयेत्—'अश्मा भव परशुर्भव हिरण्यमस्तृत भव ।६। वेदो वै पुत्रनामासि स जीव शरद शतम् । अङ्गादङ्गा-त्सभवसि हृदयादधिजायसे ।७। आत्मा वै पुत्रनामासि स जीव शरद शतमिति यत्र शेते तदभिमृशेत् ।८। वेद ते भूमिहृदय दिवि चन्द्रमसि श्रितम् ९। वेदा-मृतस्य देवानह पुत्रमह हृद' मित्याज्य सस्कृत्य ब्राह्मण-मामन्त्र्य समिधमाधाया घारावाघार्याज्य भागौ हुत्वा व्याहृतिभिश्चतस्र आज्याहुतीर्जुहुयात् ।१०। जयाभ्या-तानाना राष्ट्रभृनश्चैके ।११। कास्ये चमसे वाहुति सपाता नवनीय तस्मिन्सुवर्ण सनिघृष्य व्याहृतिभि कुमार चतु प्राशयेदत्यन्तमेके श्वर्णप्राशनमुदके निघृष्य

आद्वादशवर्षतराया 'इष पिन्वोर्ज पिन्वेति' स्तनौ प्रदा-
पयेत् ।१२। दक्षिण पूर्व सव्य पश्चात् स्विष्टकृत हुत्वा
प्रायश्चित्त हुतीश्च समिधमाधाय पर्युक्षति ।१३। एष
कर्मान्तो बहिर्द्वारेऽग्निर्नित्य ।१४। कण सर्षपयवाना
होम ।१५। व्याहृतिभिर्जुहुयात् ।१६। अप्रतिरथ जपेत्
।१७। 'इन्द्रो भूतस्ये' ति षडच च सूतिकालय यथाकाल
समन्तादुदकेन परिषिचेत् ।१८।

मानव-समाज और सृष्टिक्रम की स्थिरता का प्रमुख आधार प्रजनन और सन्तानोत्पत्ति ही है, इस कारण 'वाराह गृह्य सूत्र' मे सर्व प्रथम गर्भवती द्वारा शिशु जन्म सम्बन्धी विधि विधान का ही वर्णन किया जाता है तदनुसार गर्भवती के लिये ऐसा सूतिका गृह बनावे जिसका दर्वाजा पूर्व या उत्तर की तरफ हो। जब प्रसव का समय बिल्कुल निकट आ जाय तब 'ध्रुव प्रपद्ये शुभ प्रपद्ये' मन्त्र को पढ कर गर्भणी को उस सूतिकागार मे प्रवेश करावे। जब उसके प्रसव की वेदना होने लगे तो 'रेतो मूत्र मिति०' इत्यादि मन्त्रो से पेट के दाहिने भाग को स्पर्श करे। जब शिशु जन्म हो जाय तब 'पुत्र उत्पन्न हुआ' ऐसा वचन कहे। जब तक जात-कर्म सम्बन्धी क्रियाएँ विधि पूर्वक न हो जाय तब तक बच्चे को माता की गोद मे न दिया जाय। बच्चे को स्नान कराके तथा स्वेच्छा करके, जहाँ हवन करना हो वहाँ की भूमि को पचम् सस्कार के अनुसार शुद्ध करके अग्नि स्थापन करे, उसके पश्चिम ओर कुशा बिछा कर उस पर नये अखण्ड वस्त्र पर बच्चे को पूव की ओर शिर करके सीधा (उत्तान) लिटा दे। तब ढाक के बीच के पत्ते को लपेट कर गोल बनावे और उसका एक छोर मुख मे लगाकर बच्चे के दाहिने कान से 'भूस्त्वमि०' इत्यादि मत्र और बाँये कान मे 'भुवस्त्व०' मन्त्र को पढ कर सुनावे। जहाँ बच्चा लेटा हो वहाँ 'अश्माभव०' इत्यादि मन्त्र पढ़ कर स्पर्श करे और अभिमन्त्रित करे। 'वेदते०' इत्यादि मन्त्र को पढ़ कर आज्य का

सस्कार कर ब्राह्मणो को निमत्रित करे और समिधा इकट्ठा करके उन पर घी डाल दे। आज्य-भाग की दो आहुति देकर व्याहृति मत्र से चार आहुति दे। कासे के कटोरे या प्रणीता के समान किसी पात्र मे 'अहुति सम्पात्' को लेकर उसमे सोने को घिस कर बच्चे को चार बार चटावे। (सुवण को पानी मे घिस कर बच्चे को १२ वर्ष की आयु तक चटाया जाता है)। तब 'इष पिन्वा०' मन्त्र को पढ कर शिशु को प्रथम दाहिना और फिर बाँया स्तन पीने को दे। तत्पश्चात् 'स्विष्टकृत' आहुति देकर प्रायश्चित्त की आहुति दे और समधि डालकर उसके जल से पर्युक्षण करे। यह कर्मान्त विधि द्वार के बाहर नित्य अग्नि मे करे। कण, सरसो और जौ से होम करे। व्याहृतियो से हवन करे 'अप्रतिरथ०' का जप करके 'इन्द्रोभूतस्य०' और षडर्च मन्त्रो का भी जप करे। सूतिकागार के चारो ओर जल छिडके ॥१-१८॥

द्वितीय खण्ड

एवमेव दशम्या कृत्वा पिता माता च पुत्रस्य नाम दध्याताम् ।१। घोषवदाद्यन्तरन्तस्थ दीर्घाभिनिष्ठानान्त कृत न तद्धित द्वयक्षर चतुरक्षर वा व्यक्त पितृनाम-धेयान्नक्षत्रदेवतेष्टनामानो वा ।२। द्विनामा तु ब्राह्मणो नामैव कन्याया अकारव्यवधानमाकारान्तमयुग्माक्षर नदीनक्षत्र चन्द्र सूर्य पूषादेवदत्तरक्षितावर्जम् ।३। नव-नीतेन पाणी प्रलिप्य 'सोमस्य त्वा द्युम्नेने' त्येनम-भिमृशेत् ।४। सर्वेषु कुमारकमसु आग्नेय स्थालीपाक प्रजापत्यो वा सर्वत्रानादेशेऽग्नि पु सामर्थमा स्त्रीणाम् ।५।

जात कर्म से दशवे दिन पूर्वोक्त विधि से हवन-कृत्य करके माता-पिता अपने पुत्र का नामकरण संस्कार करे। नाम कृदन्त होना चाहिये तद्धितान्त न हो। पुत्र के नाम के साथ ही पीछे पिता का नाम भी लगाया जाय। जिन तिथि या नक्षत्र मे शिशु का जन्म हुआ हो तो उसके देवता सम्बन्धी या नक्षत्र-सम्बन्धी नाम यश के लिये उचित है, परन्तु देवता या पिता का साक्षात् नाम न धरे। पुत्र के दो नाम रखे जाये, पर कन्या का एक ही रखना चाहिये। नदी, नक्षत्र, चन्द्र, सूर्य पूषा, देवदत्त-इनसे रक्षिता नाम कन्या का नहीं रखा जाता। फिर धुले हाथो मे मक्खन लगा कर अग्नि मे तपावे और ब्राह्मण से आज्ञा लेकर 'सोमस्य०' मत्र पढ कर शिशु का स्पर्श करे। बच्चे के सब कर्मों मे 'आग्नेय स्थाली पाक' या 'प्राजापत्य स्थाली पाक' करे। कुमार के कर्मों मे जहा अग्नि के नाम का पर्यायवाची कोई शब्द न हो, वहाँ के कर्मों मे 'अग्नि' ग्रहण करना और कुमारी के कर्मों मे 'अर्यमा' समझना ।१-५।

तृतीय और चतुर्थ खण्ड

तृतीयवर्षस्य जटा कुर्वन्ति यथ वा कुलकल्प ।१। अग्निमुपसमाधाय परिसमुह्य पर्युक्ष्य परिस्तीर्य दक्षिणतोऽग्नेर्ब्राह्मणमुपवेश्योत्तरत उदकपात्र शमीशमकवत् ।२। अथैनमभिमन्त्रयते—"हिरण्यवर्णा शुचय" इति चतसृभि 'या ओषधय' इत्यनुवाकेन, 'श नो देवीरभिष्ट' य इति, 'श न आपो धन्वन्या' इति द्वाभ्यामिति च ।३। तासामुदकार्थान्कुर्वीत पर्युक्षणे अभ्युन्दने स्नापने च ।४। आज्य सस्कृत्य ब्राह्मणमामन्त्र्य समिध-

माधायाधारावाधार्याज्यभागौ हुत्वा 'अग्न आयूंषि पवस' इति सप्तभि सप्त जुहुयात् ।५। आयुर्दा देवेति' च ये केशिन प्रथमे सत्रमासत येभिरावृत यदिद विराजति ।६। तेभ्यो जुहोम्यायुषे दीर्घायुत्वाय स्वस्तय' इति व्याहृतिभिश्चोक्त कर्मान्ति पूर्वेण ।७। शीतेन वा उदकेने-त्युष्णेन वा उदकेनेति तप्ता इतराभि ससृज्य 'आर्द्र-दानवस्थजीवदानवस्थोन्दतोषमावदे' त्यपोभिमन्त्र्य 'अदिति केशान् वपत्वाप उन्दन्तु जीवसे ।८। दीर्घा-युत्वाय स्वस्तय' इति दक्षिण केशान्तमभ्युन्दति ।९। 'ओषधे त्रायस्वैन 'इति दक्षिणस्मिन्केशान्ते ऊर्ध्वाग्र दर्भमन्तर्दधाति ।१०। स्वधिते मेन हिंसीरिति क्षुरेणा-भिनिदधाति ।११। येनावपत्सविता क्षुरेण सोमस्य राज्ञो वरुणस्य विद्वान् ।१२। तेन ब्रह्माणो वपतेदमस्यायुष्मानय जरदष्टिर्यथासहमसाविति प्रवपति ।१३। दक्षिणतो मातान्या वाऽविधवा आनडुहेन गोमयेन आभूमिगता-न्केशान् परिगृह्णीयात् ।१४।

बालक दो वर्ष से अधिक आयु का हो जाय तब उत्तरायण शुक्ल-पक्ष मे नवमी तिथि को छोडकर चूडाकरण सस्कार करे। जिस कुल मे जिस आयु मे मुण्डन कराने और दाहिनी या बॉयी तरफ शिखा रखने की रीति हो उसी प्रकार करे। इसके लिये हवन की वेदी पर अग्नि स्थापन कर परिसमूहन तथा पर्युक्षण करके अग्नि के समीप कुशा बिछा कर दक्षिण भाग मे ब्राह्मण बिठा कर उत्तर भाग जल पात्र और शमी या अन्य यज्ञीय वृक्ष की लकडी रक्खे। तदनन्तर कुमार को 'हिरण्य वर्णा०' इत्यादि चार ऋचाओ से, 'या ओषधय 'इस अनुवाक से, 'शन्नोदेवी०' और श न आपो धन्वस्या०' इन दो मन्त्रो से आव-श्यकतानुसार जल से पर्युक्षण करे, भिगोये और स्नान कराये। आज्य (घृत) का सस्कार कर ब्राह्मण को निमन्त्रण देकर, समिधाओ को

डालकर आज्य को ढारे। आज्य-भाग की दो आहुति देकर 'अग्नि आयुँषि०' इत्यादि सात मन्त्रो से सात आहुति दे। तब 'आयुर्दा०' तथा 'ये केशिनः०' इत्यादि मन्त्रो से और व्याहृतियो से भी आहुति देकर कर्म की समाप्ति करे। तत्पश्चात् शीतल और उष्ण जल अलग-अलग रखे और शीतल जल को उष्ण मे मिलाकर 'आद्र दानवस्थ०' इत्यादि मन्त्र से जल को अभिमन्त्रित करके 'अदिति०' मन्त्र से कुमार के दाहिने तरफ के बालो को अन्त की तरफ से भिगोवे। 'ओषधे०' मन्त्र से दाहिने बालो को अन्त मे दाब रखे "स्वधिते मैं न हिंसी०" मंत्र पढ कर दान सहित बालो पर छुरा रख फिर 'ये नावपत्' इत्यादि तीन मन्त्र पढ कर तीन बार कुशा सहित बालो को काटे। बालक के दाहिने भाग मे बैठकर उसकी माता कट कर भूमि पर गिरे बालो को बैल के गोबर पर लेती जावे ॥१-१४॥

मा ते केशान् अनुगाद्वर्च एतत्ताथा धाता दधातु ते ।१५। तुभ्यमिन्द्रो वरुणो वृहस्पति सविता वर्च आदधु' रिति प्रवपतोऽनुमन्त्रयते ।१६। तेन धर्मेण पुनरपोभिमन्त्र्यापर केशान्तमभ्युन्द्यात् ।१७। उत्तर च। अन्यौ तु प्रवपनौ ।१८। 'येन पूषा वृहस्पतेरग्नेरिन्द्रस्य चायुषेऽवपत् ।१९। तेन ते वपाम्यायुषे दीर्घायुत्वाय स्वस्तय' इति पश्चात् ।२०। येन भूयश्चरत्यय ज्योक्च पश्यति सूर्यम् ।२१। तेन ते वपाम्यायुषे दीर्घायुत्वाय सुश्लोक्याय सुवर्चस' इत्युत्तरत ।२२। यत्क्षुरेण वर्तयता सुपेशया वप्तर्वपसि केशान् शुन्धशिरो मुख मास्यायु प्रमोषीरिति लोहायस क्षुर केशवापाय प्रयच्छति ।२३। यथार्थं केशयन्तान् कुर्वन्ति—दक्षिणत कपर्दा वसिष्ठाना उभयतोऽत्रिभार्गव काश्यपाना पञ्चचूडाङ्गिरसा शिखिनोऽन्ये वाजिमेकेमङ्गलार्थम्। त्र्यायुष जमदग्ने कश्यपस्य त्र्यायुष अगस्त्यस्य त्र्यायुषम्। यद्देवाना त्र्यायुष तन्मे अस्तु शतायुषमि'

ति शिर प्रभृति परिगृह्य गोमयेन केशानुत्तरपूर्वस्या गृहस्यामुष्यामन्तरा गेहात्पलद निदध्यात् ।२४। अतिरिक्ते वा वपनेउप्त्वाय केशान्वरुणस्य राज्ञो वृहस्पति सविता विष्णुरिद्र तेभ्यो निधान महदन्वविन्दन्नन्तरा द्यावापृथिव्योरवन्युरि' ति ।२५। कत्रे वर ददाति ।२६। पक्ष्मगुग तिलपिशित च केशवापाय प्रयच्छति ।२७। सवत्सर माता नाम्लाय धारयेद्रोषाय नाश्नीयात् ।२८। लवणवर्ज तूष्णीम् ।२९। कन्याया आहुतिवर्ज विदुषो ब्राह्मणार्थसिद्धि वाचयेत् ।३०। एवमुत्तरेषु ।३१।

'माते केशान०' इत्यादि मत्र केशो को काटत समय बोलता जाय। उसी प्रकार फिर जल को अभिमत्रित करके बचे केशो को पूर्ववत् भिगोवे और इसी भाँति काटे। 'येन पूषा०' मन्त्र से शिर के पीछे के भाग केशो को काटे "येन भूयचरत्य 'मन्त्र बोल कर उत्तर भाग के केशो को काटे। पुन 'यत्क्षुरेण' मन्त्र पढ के लोहे के छुरे (अस्तुरे) को नाई को देदे और अपनी प्रथानुसार शिखा को छोड कर सब केशो को कटवा दे। शिखा रखने की भिन्न-भिन्न प्रथाएँ हैं, जैसे वसिष्ठ गोत्र वाले दाँयी ओर चोटी रखते हैं और भार्गव तथा काश्यप दोनो तरफ दोनो रखते हैं आङ्गिरस गोत्री पचशिखा वाले होते हैं और वाजसनेयी एक ही रखते हैं। 'त्र्यायुष०' मत्र पढ कर नाई सब बालो को भिगोवे और उस्तरा फेर कर सब बालो को मूँड दे। तत्पश्चात् बालो समेत गोबर को घर के उत्तर-पूर्व के दूर के कोने मे गाड़ दे। यदि अतिरिक्त केश कट जाये 'उपत्वाय' मन्त्र का जप करे। पुरोहित को दक्षिणा और नाई को केशर, गुड और कूटे हुए तिल दिये जाये। बालक की माता एक वर्ष खटाई और लवण न खाय और कभी क्रोध की अवस्था मे भोजन न करे। यदि कन्या का चूड़ाकर्म सस्कार किया जाय तो मत्र न बोले जाये, पर हवन सदैव की भाँति मन्त्र सहित ही किया जायगा। विद्वान् ब्राह्मणो से 'अर्थसिद्धि' कहलाई

जाय और इसी प्रकार की विधि पश्चात् होने वाले कर्मों मे भी करे ॥१५-३१॥

पचम खण्ड

गर्भाष्टमे ब्राह्मणमुपनयेत् ।१। षष्ठे सप्तमे पञ्चमे वा ।२। ततो गर्भैकादशेषु क्षत्रियम् । गर्भद्वादशेषु वैश्यम् ।३। प्राक् षोडशाद्वर्षात् ब्राह्मणस्यापतिता सावित्री ।४। आद्वाविंशात् क्षत्रियस्य ।५। आचतुर्विंशाद्वैश्यस्य ।६। अतऊर्ध्वं पतितसावित्रीका भवन्ति ।७। नैनान्याजयेयु । 'नाध्यापयेयु'र्न विवहेयु ।८।

ब्राह्मण बालक का उपनयन सस्कार छठे से लेकर आठवे वष तक किसी समय करे। क्षत्रिय बालक का उपनयन ग्यारहवे वर्ष तथा वैश्य का तेरहवे वर्ष करने का नियम है। यदि किसी कारण से उपर्युक्त समय पर उपनयन न हो सके तो ब्राह्मण बालक का १६ वे वर्ष की आयु तक, क्षत्रिय का २२ वर्ष तक तथा वैश्य का २४ वर्ष तक उपनयन कराया जा सकता है। इसके पश्चात् उपनयन का अधिकार जाता रहता है और उनको समाज मे पतित (सावित्रीक) माना जाता है। पतित हो जाने वालो के यहाँ यज्ञ सस्कार करान, उनको वेदादि पढाने का निषेध है। उनसे विवाह सम्बन्ध भी न करे ॥१-८॥

अभ्यन्तर जटाकरण बाहुरुपनयनमुक्तोऽग्निसस्कार ।९। ब्राह्मणस्य कुमार पर्युप्तिन स्नातमभ्यक्तशिरसमुपस्पर्शनकल्पेनोपस्पृष्टमग्नेर्दक्षिणतोऽवस्थाप्य 'दधिक्राव्णो

अकारिषमि' ति कुमार दधि त्रि प्राशयेत् ।१०। 'इय दुरुक्तात्परिबाधमाना वरुण पवित्र पुनतो न आगात् ।११। प्राणापानाभ्या बलमा भजन्ती शिवा देवी सुभगा मेखलेयम् ।१२। ऋतस्य गोप्त्री तपसश्चरित्री घ्नती रक्ष सहमाना अराती ।१३। सा मा समन्तमनुपर्येहि भद्रे धर्त्तारस्ते सुभगे मेखले मारिषामे' ति मौञ्जी त्रिगुणा त्रि परिवीता मेखलामाबध्नीत मौर्वीं धनुर्ज्यां क्षत्रियस्य शाणी वैश्यस्य ।१४। उपवीतमसि यज्ञस्य त्वोपवीतेनोपव्ययामी' ति यज्ञोपवीतम् ।१५। या अकृन्तन्या अतन्वन्यावन्या वाहरन् ।१६। याश्चाग्न्या देव्योन्तानभितो ततन्था ।१७। तास्त्वा देव्यो जरसे सव्ययन्त्वायुष्मन्निद परिधत्स्व वास ।१८। परिधत्त वर्च शतायुष दीघमायु ।१९। शत च जीव शरद पुरूची सूनिचाय्यो विभजा यजीयान्' ।२०। इत्यहत वास आच्छाद्य--'मित्रस्य चक्षुर्धरुण बलीयस्तेजो यश श्रीस्थविर समिद्धम् ।२१। आनाहनस्य वसन जरिष्णु परीद वाज्यजिन दधेह' मिति कृष्णाजिन च ।२२। आज्य सस्कृत्य ब्राह्मणमामन्त्र्य समिधमाधायाघारावाघार्याज्य भागौ हुत्वाष्टौ जटाकरणीयान् जुहुयात् ।२३। व्याहृतिभिश्चोक्ता कर्मान्त पूर्वेण ।२४।

उपनयन सस्कार के अवसर पर जो मुण्डन या चूडाकरण होता है उसकी विधि पहले ही कही जा चुकी है। शिर के केशो का मुण्डन होने के पश्चात् ब्राह्मण कुमार को स्नान कराके, शिर मे मक्खन लगा कर, उपस्पशन प्रक्रिया करने के पश्चात् होमाग्नि के दक्षिण भाग मे बैठावे और 'दधिक्राव्णो०' मत्र से उसे तीन बार दधि चाटने को दे। फिर 'इय दुरुक्तात् परि०' इत्यादि मत्र पढ कर कुमार की कटि मे मूँज की मेखला को तीन बार लपेटे। उस मेखला मे अपनी-अपनी

प्रथानुसार तीन या पाँच या सात गाँठे लगाकर बाध दे। क्षत्रिय बालक की मेखला तात की होती है और वैश्य के लिये सन की। आचार्य 'उपवीतमसि०' बोलकर उस मेखला को बालक को पहना दे। तत्पश्चात् 'या अकृन्तन्या०' मत्र पढकर नया वस्त्र बालक को पहिनावे और फिर 'परिधत्स्ववास' मत्र पढ़े। 'मित्रस्य०' मत्र बोल कर कृष्णसार मृग के चर्म को दुपट्टे की तरह कधे पर पहिना दे। तत्पश्चात् आज्य का सस्कार कर ब्राह्मण को निमत्रण दे। समिधा डालकर आधार की आहुति दे। फिर आज्य भाग की दो आहुतियाँ और चूडा करण की आठ आहुतियाँ देकर व्याहृतियो से होम-कार्य का समापन करे, जैसा पहले विस्तार से बताया जा चुका है ॥६ २४॥

कालाय वा गोत्राय वा मैत्राय वा मैत्राय वामन्नाद्याय वा अवनेनिजेमी' त्युदकेनाञ्जलि पूरयित्वा 'सुकृताय वामि' ति पाणी प्रक्षाल्य 'इदमह दुयमन्यानि प्लावयामी' त्याचम्य निष्ठीवति ।२५। भ्रातृव्याणा सपत्नानामह भूयासमि'ति द्वितीयम् ।२६। प्रातर्जित भगमुग्र हुवेम वय पुत्रमदितेर्यो विधर्ता ।२७। आर्द्रश्चिद्यन्मन्यमानस्तिरश्चिद्राजा चिद्यन्भग भक्षीमहीत्याहे' त्यादित्यमुपतिष्ठेत ।२८। ब्रह्मचर्यमुपागामुपमाहूयस्येति' ब्रूयात् ।२९। एहि ब्रह्मापेहि ब्रह्म ब्रह्म त्वा सब्रह्म सन्तमुपनयाम्यहमसा' विति ।३०। अथास्याभिवादनीय नाम गृह्णाति ।३१। 'देवस्य त्वेनि' हस्त गृह्णाम्यहमसावि' त्यस्य हस्त दक्षिणेन दक्षिणमुत्तानमभि वाङ्गुष्ठमभि वा लोमानि गृह्णीयात् ।३२। ममेवान्वे तु ते मनो, मामेवाऽपि त्वमन्विहि ।३३। अग्नौ घृतमिव दीप्यता हृदय तव यन्मयि' ।३४। इत्येन सप्रेक्षमाण समीक्षते। पृष्ठतोऽस्य पाणिमन्वाहृत्य हृदयदेशमन्वारभ्य जपति 'प्राणाना ग्रन्थिरसि स ते मा विस्रसदिति' ।३५। ब्राह्मणो

ग्रन्थिरसि' इति नाभिदेश ।३६। गणाना त्वा गणपति हवामहे कवि कवीनामुपमश्रवस्तमम् ।३७। ज्येष्ठराज ब्रह्मणा ब्रह्मणस्पसत आ न श्रृण्वन्नूतिभि सीद सादनम्' इति पदक्षिणमग्नि परिणयेत् ।३८। पश्चादग्ने दर्भेषूपविशति दक्षिणतश्च ब्रह्मचारी–'अधीहि भो' ।३९। इत्युपविश्य जपति ।४०। प्रभुज्य दक्षिण जानु पाणी सधाय दभहस्ता 'वोमि' त्युक्त्वा व्याहृतिभि सावित्री चानुब्रूयात् ।४१। एव काण्डानुवचनेषु ।४२। तत्सवितुर्वरेण्यमि' ति गायत्री ब्राह्मणाय, 'देवो याति सविता सुरत्न' इति त्रिष्टुभ क्षत्रियाय, 'यु जते मन' इति जगती वैश्याय पच्छोधचश सर्वामन्तत ।४३। पालाश दण्ड ब्राह्मणाय प्रयच्छति नैयग्रोध क्षत्रियाय आश्वत्थ वैश्याय ।४४। सुश्रव सुश्रवस मा कुरु यथा त्व सुश्रव सुश्रवा अस्येवमह सुश्रव सुश्रवा भूयास ।४५। यथा त्व देवाना वेदस्य निधिगोपोस्येवमह मनुष्याणा ब्रह्मणो निधिगोपो भूयासमिति दण्ड प्रतिगृह्णाति ।४६। ऊर्ध्वकपालो ब्राह्मणस्य कमण्डलु परिमण्डल क्षत्रियस्य निचलकलो वैश्यस्य ।४७।

'कालाय वा०' इत्यादि म त्र बोलकर अ जलि मे जल ले और 'सुकृताय०' म त्र कहकर दोनो हाथो को धोवे । 'इदमह०' म त्र पढकर आचमन करके कुल्ला करे और 'भ्रातृव्याणा' मन्त्र स दूसरी बार आचमन करे। फिर 'प्रातर्जित०' मन्त्र बोलकर सूर्य का उपस्थान करे । तत्पश्चात् कुमार 'ब्रह्मचर्य' म त्र को बोले और आचार्य 'एहि ब्रह्मोपेहि०' इत्यादि पढे । आचार्य बालक के अभिवादनीय नाम को लेकर 'देवस्य त्वेति०' म त्र को पढते हुये बालक के दाहिने हाथ को पकडे और बालक का नाम बोले । उस समय बालक का मु ह पूर्व की ओर और आचार्य का पश्चिम की ओर रहे । शिष्य बैठा हो, आचार्य

खडे हो। शिष्य का हाथ नीचे की तरफ खाली हो। ऐसे शिष्य के हाथ को किसी माङ्गलिक पदार्थ के साथ आचार्य पकडे और 'ममेवान्वतु०' मत्र पढे। शिष्य आचार्य की ओर देखता रहे और आचार्य शिष्य को देखे। आचार्य अपना दायाँ हाथ कन्धे पर से ले जाते हुये उसके हृदय को स्पर्श करे और 'प्राणाना०' मन्त्र को उच्चा-करे। 'ब्राह्मणो०' मन्त्र पढकर उसकी नाभि को छुये और 'गणाना०' इत्यादि मन्त्र से अग्नि की परिक्रमा क्रम से करावे। फिर आचार्य होमाग्नि के पश्चिम ओर कुशासन पर बैठे और शिष्य को अपनी दाहिनी तरफ बैठावे। शिष्य बैठकर 'अधीहि भो०' मन्त्र को पढे और दायाँ जानु भूमि पर टेक कर दोनो हाथ इकट्ठा कर, कुश लेकर 'ॐ' का उच्चारण करे और व्याहृतियो के सहित सावित्री को पढे। इसी प्रकार 'कण्डानुवचन' क्रम से कहे। ब्राह्मण के लिये 'तत्सवितुवरेण्यम्०' इत्यादि गायत्री मन्त्र दे, क्षत्रिय को 'देवोयाति०' त्रिष्टुभ मन्त्र दे और वैश्य को जगती छन्द 'युञ्जते मन०' को बताये। यह इस प्रकार करे कि पहले एक-एक पद कहलाये, फिर आधी ऋचा कहलाये और अन्त मे पूरा मन्त्र बुलवाये। तत्पश्चात् ब्राह्मण को पलाश का दण्ड, क्षत्रिय के लिये वट वृक्ष का और वैश्य को पीपल का दण्ड दे। उस समय 'सुश्राव ०' मन्त्र का उच्चारण करे ब्राह्मण का दण्ड केशो तक ऊँचा, क्षत्रिय का मस्तक तक और वैश्य का नासिका तक ऊँचा होना चाहिये ॥२५-४७॥

'इमा आप प्रभराम्ययक्ष्माय यक्ष्मचातनी ।४८। ऋतेनाप प्रभराम्यमृतेन महायुषा' ।४९। इति 'प्रति-गृह्णा' मीति प्रतिगृह्य भैक्ष्यचर्यं चरेत् ।५०। 'ॐ भवति भिक्षा देही' ति ब्राह्मण ।५१। 'भवतिमध्या' क्षत्रिय ।५२। भवत्यन्ता वैश्य ।५३। चतस्रष्षडष्टौ वाऽविधवा अप्रत्याख्यायिन्यो मातर प्रथममेके ।५४। गुरवे निवेद्य वाग्यत. प्राग्ग्रामात् सन्ध्यामुपास्ते ।५५। तिष्ठन् पूर्वां

सावित्री त्रिरधीत्य 'अध्वनामध्वपते श्रैष्ठ्य स्वस्त्य-स्याध्वन पारमशीय' ।५६। तच्चक्षुर्देवहित पुरस्ताच्छु-क्रमुच्चरत् ।५७। पश्येम शरद शत जीवेम शरद शत शृणुवाम शरद शतम् ।५८। प्रब्रवाम शरद शत अदीना स्याम शरद शतम् ।५९। भूयश्च शरद शतात् ।६०। या मेधा अप्सरस्सु गन्धर्वेषु च यन्मन ।६१। दैवी या मानुषी मेधा सा मा माविशतामिहैवे' ति प्रत्येत्याग्नि परिचरेत् ।६२। इम स्तोममर्हत इति परिसमूहेत् ।६३। एधोस्येधिषीमही' ति समिधमादधाति ।६४। समिदसि समेधिषीमही' ति द्वितीयम् । 'आपो अद्यान्वचारिषमि' त्युपतिष्ठते ।६५। 'मा ससृज वर्चसेति' मुख परिमृजीत 'यदग्ने तपसा तपो ब्रह्मचर्यमुपेयममि ।६६। प्रिया श्रुतस्य भूयासमायुष्मन्त सुमेधस ।६७। अग्ने समिधमहारिष बृहते जातवेदसे ।६८। स मे श्रद्धा च मेधा च जातवेदा प्रयच्छतु स्वाहे' ति समिधमादधाति ।६९। तेजसा मा समङ्ग्धि वचसा मा समङ्ग्धि ब्रह्मवर्चसेन मा सम-ङ्ग्धि' इति मुख परिमृजीत ।७०। आयुर्दा अग्नेऽसी' ति च यथारूप गात्राणि समृशति 'इह धृतिरिति' पर्याये असग्रीवाश्च त्रिरालभ्य 'ऋच नो धेही' ति ललाटम-भिमृशेत् ।७१। आद्यन्तयो पर्युक्षणम् । गुरवे ब्रह्मणे च वरमुत्तरासङ्ग च ददाति ।७२। द्वादशरात्रमक्षारलवण-माशेदक्षारमेके ।७३। व्युष्टे द्वादशरात्रे षड्रात्रे वा ग्रामा-त्प्राची वोदीची वा दिशमुपनिष्क्रम्य पश्चात्पालाशस्य यज्ञियस्य वा वृक्षस्य सावित्रेण स्थालीपाकेनेष्ट्वा जय-प्रभृतिभ्यश्चाज्यस्य पुरस्तात्स्विष्टकृतो मेखला दण्ड चाप्सु प्रास्येत् ।७४। तत्रैव हविश्शेष भुजोतेति श्रुति ।७५।

"इमा आप०" मन्त्र पढ कर जल अपने शरीर पर छिडके और भिक्षा मांगे। इसके लिये ब्राह्मण बालक कहे–"ॐ भवति भिक्षां देहि०" क्षत्रिय कहे–"भिक्षां भवति देहि०"। वैश्य कहे "भिक्षा देहि भवति।" चार, छ या आठ सधवा स्त्रियों से भिक्षा मागे–परन्तु स्त्रियाँ ऐसी हो जो भिक्षा मांगने पर इनकार न करे। कुछ आचार्यों का मत है कि पहले अपनी माता से ही भिक्षा मागे। भिक्षा लाकर गुरु के सामने रख दे और आश्रम के पूर्व भाग मे चुपचाप खडा रहे। सन्ध्योपासन करे और प्रात काल तीन बार सावित्री का जप करके "अध्वनाम०" मन्त्र पढ कर अग्नि मे समिधा डाले। "इम ०" मन्त्र से परिसमूहन करे और "एधोस्येधि०" मन्त्र से अग्नि मे प्रथम समिधा डाल कर "समिदसि०" मन्त्र पढ कर दूसरी डाले। "आपो अद्यान्व०" मन्त्र से उपस्थान करे। "मा म सृज०" मन्त्र बोल कर अपने मुख पर हाथ फेर कर मार्जन करे। "यदग्ने०" से 'स्वाहा' तक पढ कर समिधा डाले और "तेजसा०" पढ कर मुख का मार्जन करे। "आयुर्दा०" पढ कर शरीर के सब अगो को स्पर्श करे और "ऋ च०" से ललाट का स्पर्श करे। आरम्भ और समाप्ति पर जल छिडके। गुरु और ब्राह्मण को दक्षिणा देवे। बारह रात्रि तक बिना नमक का भोजन करे। फिर तेरहवे दिन अथवा छठवे दिन गाँव के पूर्व या उत्तर दिशा मे जाकर पलाश या अन्य किसी यज्ञीय वृक्ष के पश्चिम भाग मे सावित्री स्थालीपाक से यज्ञ करे। "जय" प्रभृति मन्त्रो से आज्य की आहुति दे और स्विष्टकृत की आहुति कर मेखला और दण्ड को जल मे छोड दे और उसी स्थान पर हवि का बचा हुआ अंश खाजाय ॥४८–७५॥

षष्ठ खण्ड

उपनयनप्रभृति व्रतचारी स्यात् ।१। उपनयने व्रतादेशा व्याख्याता ।२। मार्गवासा ।३। सहतकेश ।४। भैक्षाचर्यवृत्ति ।५। सशल्कदण्ड ।६। सप्तमौञ्जी मेखला धारयेत् ।७। आचार्यस्या प्रतिकूल सर्वकारी ।८। यदेनमुपेयात् तदस्मै दद्यात् ।९। बहूना येन सयुक्त ।१०। नास्य शय्यामाविशेत् ।११। न रथमारोहेत् ।१२। न सविशेत् ।१३। न विहारार्थो जल्पेत् ।१४। न रुच्यर्थ कचन धारयेत् ।१५। सर्वाणि सास्पशकानि स्त्रीभ्यो वर्जयेत् ।१६। न स्नायाद्दण्डवत् ।१७। नोदकमभ्युपेयात् ।१८। न दिवा स्वपेत् ।१९। त्रैविद्यक ब्रह्मचय चरेत् ।२०। इन्द्रिय सयत ।२१। साय प्रातर्भैक्षाचर्यवृत्ति ।२२। साय प्रातरग्नि परिचरेत् ।२३। अध शय्या ।२४।आचार्याधीनवृत्ति ।२५। तन्निसर्गादिशनम् ।२६। अयाचितमलवणम् ।२७। वाग्यतोऽश्नीयात् ।२८। आच्छिन्नवस्त्रा विवृता स्त्रिय न पश्येत् ।२९–३०। यौपस्य वृक्षस्य दण्डी स्यात् ।३१। नानेन प्रहरेद्गवे न ब्राह्मणाय ।३२। न नृत्यगीते गच्छेत् ।३३। न चैने कुर्यात् ।३४। नावलिखेत् ।३५। शिखाजट सवजटो वा स्यात् ।३६। शाण क्षौममजिन वास ।३७। रक्त वसनम् ।३८। कम्बलमैणेय ब्राह्मणस्य ।३९। रौरव क्षत्रियस्य ।४०। आज वैश्यस्य ।४१। एतेन धर्मण द्वादशवर्षाण्येकवेदे ब्रह्मचर्य चरेत् ।४२। चतुर्विशति द्वयो षट्त्रिशत्त्रयाणाम् ।४३। अष्टचत्वारिशत्सर्वेषाम् ।४४। यावद्ग्रहण वा ।४५। मलज्ञु वेल कृश स्नात्वा स सर्व लभेत यत्किंचिन्मनसेप्सितम् ।४६। इत्येतेन धर्मेण साध्वधीतो ।४७। मन्त्रब्राह्मणान्य धीत्य कल्प मीमासा च याज्ञिकोऽधीत्य वक्त्र पद स्मृति

चैच्छिक ।४८। तौ स्नातकौ श्रोत्रियोन्यो वेदपाठी ।४९। न तस्य स्नान उपविश्या चमन विधीयते ।५०। अन्तर्जानु बाहू कृत्वा त्रिराचामेत् ।५१। द्वि परिमृजेत् ।५२। खानि चोपस्पृशेच्छीर्षण्यानि ।५३।

उपनयन सस्कार होने के पश्चात् निम्न नियमो का पालन करने वाला "ब्रह्मचारी" कहा जाता है। (इस सम्बन्ध मे विशिष्ट नियमो और आदेशो का वर्णन पिछले खण्ड मे कर दिया गया है।) दुपट्टा (उत्तरीय) के स्थान मे मृग चर्म ओढे, बाल सब रखे पर बिल्कुल मुँडा दे। भिक्षा माँग कर या आचार्य से भोजन रूप जीविका प्राप्त करे। बक्कल सहित दण्ड धारण करे। सात गाँठो की मूँज-मेखला कमर मे धारण करे। आचार्य की आज्ञा से ही सब काम करे। धन और जो कुछ वस्तु ब्रह्मचारी को मिले वह सब आचार्य को देवे। उनके बिस्तर पर आगे या पीछे कभी न बैठे। गुरु के समान सूत आदि के अच्छे वस्त्र प्रयोग मे न लावे। रथ, घोडा, हाथी आदि पर अधिक सवारी न करे। काम–भोग विषयक चर्चा अथवा धन आदि कमाने की चर्चा न करे न सुने। अपनी शोभा बढाने को इतर, चन्दन, पुष्प-माला आदि का व्यवहार न करे। स्त्री सम्बन्धी शृगार रस का काव्य सुनना, स्त्री के अगो को ध्यान देकर देखना, छूना, खुजलाना, उबटन करना आदि कभी न करे। जब स्नान करे तो शरीर को उबटन आदिलगा कर मल मल कर न धोवे, वरन् लकडी के समान जल पर तैरता रहे। नित्य विशेष रूप से स्नान न करे। जलाशय मे घुस कर स्नान न करे वरन् किनारे पर बैठ कर ही आचमनादि क्रिया कर लेवे। दिन मे सोवे नही। तीनो वेद पढने तक ब्रह्मचर्य पालन करे। इन्द्रियो का दमन करता रहे। साय और प्रात काल भिक्षावृत्ति से भोजन करे। दोनो समय अग्निहोत्र भी करे। भूमि पर शयन करे। बिना माँगे पदाथ और लवण रहित भोजन मौन होकर करे। आचार्य की आज्ञा का पालन करे। गुरु से आज्ञा लेकर भाजन करे। वस्त्र रहित स्त्री को न देखे।

यज्ञिय वृक्ष का दण्ड धारण करे। नाच और गाने को देखने-सुनने न जावे और न स्वय नाचे गावे। भूमि पर न खावे, किसी पदार्थ से न लिखे। केवल शिखा मात्र रखे या सम्पूर्ण शिर मे जटा रखे। शण, रेशम, मृगचर्म का वस्त्र व्यवहार करे। लाल रग का वस्त्र काम मे लावे। ब्राह्मण ब्रह्मचारी मृगछाला का कम्बल रखे। क्षत्रिय रुरु मृग का चर्म काम मे लावे और वैश्य बकरे के ऊन का कम्बल रखे। इन नियमो से बारह वष तक एक वेद पढने मे सलग्न हुआ ब्रह्मचय पालन करे। चौबीस वष तक दो वेदो का, छत्तीस वर्ष तक तीन वेदो और अडतालीस वर्ष तक चारो वेदो का अध्ययन करता हुआ ब्रह्मचर्य का पालन करे। अथवा जब तक वेदो को पढता रहे तब तक उक्त नियमो का पालन करे। जो ब्रह्मचर्य व्रत धारण करता है और मलिन शरीर निर्बल दुबला-पतला, कृश हुआ समावर्तन स्नान करता है वह जो कुछ मन मे चाहता है वही सब प्राप्त कर लेता है। इस तरह के नियमो से जो कुछ पढता है, वह पढना सफल होता है। वेद क मत्र भाग (सहिता) और ब्राह्मण भागो को पढने के पश्चात् कल्पसूत्र, पूर्व-मीमासा को पढ़े। व्याकरण और धर्मशास्त्र का पढना इच्छा पर निभर है। ब्रह्मचारी दो प्रकार के होते है—एक नैष्ठिक और दूसरा वेद पढ लेने पर समावर्तन करने वाला। इनमे से नैष्ठिक ब्रह्मचारी आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत धारण करने वाला होने से उसे समावतन स्नान न करना चाहिये। नैष्ठिक ब्रह्मचारी आचमन करे। दोनो जाघो के बीच दोनो हाथ रख कर प्रति दिन तीन बार आचमन करे, दो बार शरीर का मार्जन करे और शिर मे स्थित ज्ञानेन्द्रियो का स्पर्श करे ।।१–५३।।

सप्तम खण्ड

'वर्षासु श्रवणेन स्वाध्यायानुपाकरोति' हस्तेन वा ।१। प्रौष्ठपदीमित्येके ।२। स जुहोति ।३। 'अप्वानामासि तस्यास्ते जोष्ट्री गमेयम् ।४। अहमिद्धि पितु परिमेधा अमृतस्य जग्रभ । अह सूय इवाजनि स्वाहा ।५। सरस्वती नामासि सरस्वान्नामासि युक्तिर्नामासि योगो नामासि मतिर्नामासि ।६। तस्यास्ते जोष्टी गमेयम् । तस्यते जोष्ट्र गमेयम् ।' ।७। इति सर्वत्रानुषजति ।८। युजे स्वाहा ।९। प्रयुजे स्वाहा ।१०। सयुजे स्वाहा ।११। उद्यु जे स्वाहा ।१२। उद्युज्यमानाय स्वाहा'— इति जयप्रभृतिभिश्चाज्यस्य पुरस्तात् स्विष्टकृतोऽन्तेवासिना योगमिच्छन्नथ जपति ।१३। ऋत वदिष्यामि सत्य वदिष्यामि ब्रह्म वदिष्यामि तन्मामवतु तद्वक्तारमवतु अवतु मामवतु वक्तार वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरायुर्मयि धेहि वेदस्य वाणीस्थ उपतिष्ठन्तु छन्दास्युपाकुर्महेऽध्यायान् भूर्भुवः स्वरि' ति दर्भपाणि त्रिस्सावित्रीमधीत्यादितस्त्रीननुवाकान् तथाङ्गानामेकैक 'को वो युनक्ती' ति च ।१४।

तस्यानध्याया ।१५। समूहनवातो वलीकक्षारप्रभृतिवर्षा विद्योतमानस्तनयित्नुरिति' श्रुति ।१६। आकालिक देवनुमुल विद्युद्धन्वोल्कास्यक्षराश्शब्दा ।१७। आचारेणान्येऽधपञ्चमासानधीत्य ।१८। 'पञ्चार्धषष्ठान्वा' दक्षिणायन वाधीत्य अथोत्सृजन्ति ।१९। एतेन धर्मेण 'ऋतमवादिष सत्यमवादिषम् ।२०। ब्रह्मावादि-

षम् ।२१। तन्मावीत् तद्वक्तारमावीत् आवीन्ममावीत्त-
द्वक्तारम् ।२२। वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठिता ।२३। मनो मे
वाचि प्रतिष्ठितमाविरायुर्मयि धेहि ।२४। वेदस्य वाणी-
स्थ प्रतिश्वसन्तु छन्दास्युत्सृजामहेऽध्ययान् भूर्भुव-
स्वरि' त्यन्तमधीत्य 'को वो विमुञ्चती' ति च पक्षिणी
रात्रि नाधीयीतोभयत पक्षान्वा नात ऊर्ध्वं' अभ्रेषु ।
आकालिकविद्युत्स्तनयित्नुवर्षेषु । चाथोपनिषदर्हा ।२५।
ब्रह्मचारी सुचरितमेधावी कर्मकृद्धनद प्रियो विद्यया
वा विद्यामन्विच्छंस्तानि तीर्थानि ब्रह्मणो वेदस्य
ब्रह्मचारित्वादय ग्रहणे तीर्थान्युपाया ।२६।

वर्षाऋतु मे श्रवण नक्षत्र से उस दिन स्वाध्याय का उपाकरण नामक कर्म करे । अथवा भाद्रमास की किसी तिथि के पूर्वान्ह मे हस्त-नक्षत्र हो उसी दिन उपाकरण करे । वह वेदाध्ययन या ब्रह्मयज्ञ का करके वाला 'अप्वा नामासि' इत्यादि मत्रो से आठ आहुति होमे और आज्यभाग आहुतियो के पश्चात् दे । सरस्वती आदि छ खण्डो मे जो २ स्त्रीलिङ्ग है उनके साथ "तस्यास्ते" लगावे और "सरस्वान्नामा०" आदि पु नपुसक लिङ्गो मे "तस्यतेजो०" इत्यादि लगा कर सब के अन्त मे स्वाहा लगावे । फिर सहपाठियो को चाहता हुआ स्नातक "युजे स्वाहा०" इत्यादि तीन मत्रो से होम करे । फिर "स्विष्टकृत्" आहुति से पूर्व "ऋत वहिष्यामि०" इत्यादि मत्रो को जप करे । फिर दाहिने हाथ मे कुश लेकर तीन वार गायत्री मत्र पढे और "इषेत्वा०" इत्यादि तीन अनुवाक भी पढे । पश्चात् "को वोयु०" इत्यादि मत्र पढ़े । अब वेदादि पढने मे अनध्यायो को बताते है कि उन उन अवसरो पर अन-ध्याय होगे—आधी आने पर, छज्जे से पानी टपकने पर, बिजली चमकने और बादल गरजने पर भी जब चमके या गर्जे तब तक स्वाध्याय न करे । ज्योतिषशास्त्र मे लिखे अनुसार ग्रहो मे परस्पर युद्ध हो तब तक न पढ़े । बिजली, इन्द्रधनुष, तारे टूटने, शृगाल आदि के कुसमय रोने तथा

सामवेद की ध्वनि होने पर अन्य वेद का पाठ न करे। साढे चार, साढे पाँच, छः मास अथवा दक्षिणायन काल तक पढ कर फिर बन्द रखे। यह वेदाध्यायोन्सर्ग कर्म कहा गया है। इसमे 'ऋतमवादि०' इत्यादि मत्र का जप करना चाहिए। ब्रह्मचारी, सदाचारी बुद्धिमान्, आचार्य को प्रिय, धन देने वाला, विद्या देने वाला, वेदादि पढाने मे निपुण, विद्या के बदले विद्या देनेवाला, ये सात वेद के ज्ञान प्राप्ति मे उपाय रूप है ॥१–२६॥

अष्टम खण्ड

अथ चातुर्होत्रिकी दीक्षा सम्वत्सरम् ।१। आघारावाघारार्ज्यभागौ हुत्वा चतुर्होतृन् स्वकर्मणो जुहुयात् ।२। सहपञ्चहोत्रा षड्होत्रा सप्तहोतारमन्ततो हुत्वा व्रत प्रदायादितो द्वावनुवाकावनुवाच्येत् ।३। अथाग्निव्रताश्वमेधिकी दीक्षा सवत्सरम्। द्वादशरात्र वा ।४। आकूतमग्निमि' ति षडहुत्वा ।५। व्रत प्रदायादितोऽष्टावनुवाकाननुवाचयेत् ।६। त्रिषवणमुदकमाहरेत् ।७। त्रीस्त्रीन् कुम्भास्त्रीश्च समित्फलान् भस्मन शयीत ।८। करीषे सिकतासु भूम वा। नोदकमभ्युपेयात् ।९। सवत्सरे समाप्ते ।१०। घृतवतापूपेनाग्निमिष्ट्वा वात्सप्र वाचयेत् ।११। स्मार्तेन यावदध्ययनम् ।१२। काण्डव्रतावशेषो होमाथश्च आद्यन्तयोर्जुहुयात् ।१३। अथैन परिदत्ते 'अग्नये त्वा परिददामि ।१४। वायवे त्वा परिददामि ।१५। सूर्याय त्वा परिददामि ।१६। प्रजापतये त्वा परिददामी' ति ।१७। एतेनैवाश्वमेधो व्याख्यात ।१८। नवमेनानुवाकेन हुत्वा दशमेनोपतिष्ठेत ।१९। अश्वाय घासमुदकस्थान उदक चाभ्युपेयात् ।२०। एताभ्यामेव मन्त्राभ्या त्रैविद्यक व्रतमुपेयात् ।२१।

रहस्यमध्येष्यृत प्रवर्ग्य ।२२। तस्य व्रतोपायन समिन्मन्त्रश्च ।२३। तिष्ठेदहनि रात्रावासीन वाग्यत ।२४। पवसु चव स्यात् ।२५। सर्वजटश्च स्यात् । ६। सवत्सरा-द्दूर प्रवर्ग्यो भवति ।२७।

अब चातु र्त्रिकी दीक्षा के विषय मे कहेगे । ब्रह्मचारी इस दीक्षा को एक वष तक करे । आधार की दो आहुतिया देकर आज्य भाग की दो आहुतियाँ दे । वाचस्पति आदि देवो की स ज्ञा चतुर्होता आदि सज्ञा है । ब्रह्मचारी को चाहिए कि वह दीक्षा काल मे अपना कम करता हुआ वाचस्पति आदि चार होताओ के लिए आहुतियाँ दिया करे और वाक् आदि छ होताओ के साथ सप्तहोतृक होम किया करे । अन्त म दीक्षित को भोजन के लिये दुग्धादि वस्तु दकर वेद के आरम्भिक दो अनुवाको का अनुवाचन करावे । अब एक वर्ष की अग्नि की दीक्षा को कहते है। यह १ वर्ष या १२ दिन की भी होती है।"प्राकृतमग्नि०"इत्यादि मत्र स छ आहुति दे और अग्निकाण्ड के आदि ए आठ अनुवाको का अनुवाचन करावे । कुछ विशेष नियम ये है मध्याह्न और साय तीनो समय तीन २ घडा भर कर जलाशय से जल लावे । साथ ही तीन २ समिधा और तीन २ फल भी लाया करे। नित्य ही शून्य भूमि पर या जिस पर भस्म या कण्डो का चूरा बिछा हो अथवा बालू बिछा हो उस पर केवल लगोटी या धोती अर्थात् एक ही वस्त्र पहन कर सोया करे । दीक्षा के दिनो म जल मे घुस कर या अन्य प्रकार से स्नान न करे । नियत अवधि तक व्रत समाप्त होने पर मालपूआ द्वारा प्रधान देव अग्नि के लिये होम करके "वत्स्त्री०" देवता वाले अनुवाक् को जपे, और जब तक अध्ययन करे स्मार्त्त विधि से रहे । काण्ड व्रत विशेष और होम की विधि यह है कि व्रत और होम के आदि और अन्त मे आहुतियाँ दे । फिर आचार्य ब्रह्मचारी को सकेत कर अग्नि आदि देवो को "अग्नये०" इत्यादि मत्रो से समर्पण करे । इसी प्रकार अश्वमेध के विषय मे भी समझो । वेत वृक्ष की समिधाओ से अग्नि को प्रज्वलित करे । फिर नवम अनुवाक् से होम और छठे अनुवाक् से देवता का

उपस्थान् करे। तदनन्तर दीक्षित को भोजन के लिये नियत यवागू देकर आदि से २१ अनुवाको का अनुवाचन करे। प्रात मध्यान्ह और साय तीनो काल मे तीन २ पूला घास घोडे के लिये लावे। यह आश्व-मेधिकी दीक्षा केवल क्षत्रिय ब्रह्मचारी के लिये ही है। इसलिये क्षत्रिय ब्रह्मचारी देव बुद्धि से घोडे की सेवा भी अपने अन्य नियमो को पालने के समान ही किया करे। जल के किनारे जाय किन्तु जल मे न घुस कर बाहर से ही जल लेकर घोडे की सेवा करे। इन्ही दो मन्त्रो से त्रैविधिक व्रत को करना चाहिए। वेद के उपनिषद भाग को पढने की इच्छा हो तो वाराह श्रौतसूत्र मे लिखे अनुसार ब्रह्मचारी प्रवर्ग्य सम्भरण कर्म के प्रतिपादक मन्त्र ब्राह्मण को प्रथम पढना चाहिये। दिन का समय खडा रह कर व्यतीत करे और रात्रि मे मौन होकर बैठे। पर्व के दिनो मे भी ऐसा ही आचरण रखे। यदि सम्पूर्ण शिर मे केश रखे तो एक वर्ष के पश्चात् श्रेष्ठ प्रवर्ग्य हो जाता है ॥१-२७॥

नवम खण्ड

षोडशवर्षस्य गोदानम् ।१। अग्नि वाऽध्येष्यमा-णस्य अग्निगोदानिको मैत्रायणीयजटाकरणोनोक्तमन्त्र-विधि ।२। उपस्थ उपकक्षयोश्चाधिको मन्त्रप्रयोग ।३। यत्क्षुरेण मर्चयते' ति भूमौ केशान्निखनेत् ।४। अन्ते गा दद्यात् ।५। द्वे द्वे गुरुणाऽनुज्ञात स्नायात् ।६। छन्दस्यर्थान् बुध्वा स्नास्यन् गा कारयेत् ।७। आचार्य-मर्हयेत् ।८। 'आपो हिष्ठे' ति तिसृभि 'हिरण्यवर्णा शुचय' इति चतसृभि स्नात्वा अहते वाससी परिददाति ।९। वस्व्यसि वसुमन्त मा कुरु ।१०। सौवचसाय मा तेजसे ब्रह्मवर्चसाय परिददामी' ति, 'विश्वजनस्य छायासी' ति छत्र धारयते ।११। मालामावध्नीते 'यामश्विनौ धारयेता बृहस्पति पुष्करस्रजम् ।२। ता विश्वे देवैरनुमता मालामारोपयामी' ति ।१३।

'तेजोसीति हिरण्य बिभृयात् ।१४। प्रतिष्ठे स्थो देवते द्यावापृथिवी मा मा सतापि' त्युपानहौ ।१५। 'विष्ट म्भोसी' ति धारयेद्वैणवी याष्ट सोदक च कमण्डलुम् ।१६। नित्यव्रतान्याहुराचार्या 'द्विवस्त्रोन ऊर्ध्व शोभन वासो भर्तव्यमि' ति श्रुति ।१७। आमन्त्र्य गुरून् गुरु वधूश्च स्वान् गृहान् व्रजेत् ।१८। प्रतिषिद्धमपरया द्वारा निस्सरण मलवद्वाससा सह सभाषा रजस्वद्वाससा सह शय्यागोगुर्वोर्दुरुक्तवचनमस्थाने शयन स्मयन स्थान यान गान स्मरणमिति तानि वर्जयेत् ।१९। याजन वृत्तिरुञ्छशिलमयाचितप्रतिग्रह साधुभ्यो वा याचित-मनायासेन सिध्यमानाया वा वैश्यवृत्ति ।२०। स्वाध्याय-विरोधिनोऽर्थान्विसृजेत् ॥२१॥

जन्म से सोलहवे वर्ष मे गोदान नामक सस्कार करे । श्रुति मे लिखा है कि महर्षि मैत्रायणि ने अग्नि स्थापन के समय गोदान सस्कार किया था । 'यत् क्षुरेण' इत्यादि मन्त्र पढकर केशो को काटकर भूमि मे गाढ़े और अन्त मे आचार्य को दो दो गौये दे । फिर गुरु की आज्ञा से समावर्तन स्नान करे । वेदो के अर्थ को भली भाँति समझ कर समावतन स्नान करता हुआ गौ से आचार्य की पूजा करे । 'आपो हिष्ठा०' इत्यादि तीन और 'हिरण्यवर्णा०' इत्यादि चार ऋचाओं से स्नान करने पर स्नातक को नवीन वस्त्र दे । और 'वस्व्य'सि' इत्यादि मन्त्र पढ़े । 'विश्व-जनस्य०' मन्त्र से छाता तथा 'या मश्विनौ०' मन्त्र पढ कर माला-धारण करे । 'तेजोसि०' मन्त्र से सुवर्ण धारण करे और प्रतिष्ठे 'स्थोदेवते०' इत्यादि मन्त्र से जूते पहने । 'विष्टम्भोसि०' इत्यादि मन्त्र से लाठी और जल सहित कमण्डलु को धारण करे । अब स्नातक के गृहस्थ के लिये कुछ नियमो को कहते है । यज्ञ कराना, और बिना माँगे धन स्वीकार करना । या आसानी से सिद्ध होने वाली वैश्य वृत्ति से जीविका करे तथा स्वाध्याय के विरुद्ध का कार्यो त्याग करे ।१-२१।